CMYK


सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-22 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 10 जुलाई 2024
03 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## पीएम मोदी को मिला रूस का सर्वोच्च सम्मान

# जंग से शांति का रास्ता नहीं: मोदी

- शांति की बहाली के लिए भारत हर संभव मदद करेगा : पीएम
- पुतिन के सामने मोदी ने आतंक को लेकर पाकिस्तान को घेरा



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी दोस्ती का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी का सम्मान है। पीएम ने कहा कि पुतिन के नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों में भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत हुए हैं और हर बार नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने युद्ध, आतंकवाद और शांति बहाली पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत शांति बहाली के लिए हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। मोदी ने कहा कि विश्व समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत शांति के पक्ष में है। कल अपने मित्र पुतिन को शांति के बारे में बात करते सुना। इससे मुझे उम्मीद बंधी है। पीएम मोदी ने कहा कि शांति बहाल करना संभव है। पीएम मोदी ने कहा 'मुझे इस बात का संतोष है कि कल हम इतने खुले मन से बात कर रहे थे। कोई लीपापोती नही थी। मैंने देखा कि बहुत सारे विचार थे। मैं एक नई सोच महसूस कर रहा हूं और एक नई सोच सामने आई है। शांति की बहाली में भारत हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। विश्व समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत शांति के पक्ष में है। शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की बातों को सुनकर मुझमें नई आशा जगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चाहे युद्ध, संघर्ष हो या आतंकी हमला जब जान जाती है तो मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है, लेकिन जब मासूम बच्चों की हत्या होती है उन्हें मरते देखते हैं तो यह दिल दहला देने वाला होता है। यह दर्द बहुत बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से चर्चा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लगभग 10 वर्षों में हम 17 बार मिले हैं। पिछले 25 वर्षों में हमने लगभग 22 द्विपक्षीय बैठकें की हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई को दर्शाता है। 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। हम देख रहे हैं कि आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना है। जब मॉस्को और दागिस्तान में आतंकवादी घटनाएं हुई तो मैं कल्पना कर सकता हूं कि इसका दर्द कितना गहरा होगा। मैं सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करता हूं।

### मोदी ने अखिल रूसी प्रदर्शनी का किया दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य स्वागत और सम्मान के लिए पुतिन का आभार व्यक्त किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मॉस्को में अखिल रूसी प्रदर्शनी केंद्र का दौरा किया। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय और रूसी छात्रों के एक समूह से बातचीत भी की।

## गंभीर बने टीम इंडिया के हेड कोच



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। गंभीर अब राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। ऐसे में बोर्ड को नए कोच की तलाश थी। इस पद के लिए पहले ही इंटरव्यू हो चुके थे। जय शाह ने एक्स पर लिखा, मुझे गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम के नए हेड कोच के रूप में स्वागत करने हुए बेहद खुशी हो रही है। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते समय को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों का सामना करने और विभिन्न भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए एक सही व्यक्ति हैं।

# एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर छह पर गिरी गाज

### हाथरस काण्ड

- योगी सरकार ने की बड़ी कार्रवाई
- एसडीएम, सीओ समेत छह निलंबित



**हाथरस।** हाथरस के सिकन्दराराऊ में बीते 2 जुलाई को सत्संग के दौरान घटित दुर्घटना के तत्काल बाद गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। इसके अलावा, घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। जिसके आधार पर एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। एसआईटी ने कहा है कि घटना में साजिश से इन्कार नहीं किया जा सकता है। मामले में गहन जांच की जरूरत है। हाथरस दुर्घटना आयोजकों की लापरवाही से हुई। भीड़ को आमंत्रण देकर पर्याप्त इंतज़ाम नहीं किया गया था। स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया और वरिष्ठ अफसरों को समुचित जानकारी नहीं दी। जांच समिति के रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ व तहसीलदार सहित छह लोगों को निलंबित किया जा चुका है। मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग भी कार्यवाही शुरू कर चुका है। आयोजकों ने बिना पुलिस वेरिफिकेशन जिन लोगों को अपने साथ जोड़ा उससे अव्यवस्था फैली। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इंकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। स्थानीय एसडीएम, सीओ तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन करने में लापरवाही के जिम्मेदार हैं। उप जिला मजिस्ट्रेट सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया।

## सपा नेता आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर चला बुलडोजर

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के हमसफर रिसोर्ट पर प्रशासन की टीम ने बुलडोजर के साथ पहुंचकर कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत के बाद यह कदम उठाया गया। जिला प्रशासन ने तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि रिसोर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है, जिसकी गाटा संख्या 164 है। कोर्ट के आदेश पर पैमाइश कराई गई। इसमें पुष्टि हुई कि यह जमीन खाद के गड्ढों की है। कोर्ट ने अवैध कब्जा हटाने और क्षतिपूर्ति वसूलने के आदेश दिए। आदेश के पालन में प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर हमसफर रिसोर्ट पहुंची और कब्जामुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की। जेसीबी की मदद से अवैध निर्माणों और कब्जों को हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई ने इलाके में खलबली मच गई है।

## पीलीभीत में बाढ़ से हाहाकार, प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे सीएम योगी



**लखनऊ।** पीलीभीत में बारिश के बाद देवहा और शारदा नदियां उफान पर बह रही हैं। शहर से लेकर देहात तक बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। गांव-घरों में पानी भर गया है। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ और वायुसेना की मदद ली गई है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। इसको लेकर अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पांडे मंगलवार को पूरनपुर के रामलीला मैदान का जायजा लेने पहुंचे। यहां पर हेलीपैड बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि रामलीला मैदान में ही मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर उतरेगा। यहीं से मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे। शारदा नदी के बाद सोमवार रात नानक सागर से पानी छोड़ने से खकरा और देवहा नदी भी उफना गई। बाढ़ से शहर के अधिकांश इलाकों के हालत बिगड़ गए।

## मुंबई हिट एंड रन केस का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी मिहिर शाह गिरफ्तार कर लिया गया है। शाह ने कथित तौर पर शराब के नशे में लग्जरी कार चलाई। उसने कार से मुंबई के वर्ली में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मारी, जिससे 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया। शाह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट के नेता राजेश शाह का बेटा है। वह रविवार सुबह 5.30 बजे हुई दुर्घटना के बाद से फरार था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर को मुंबई के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की भी साजिश रची। पुलिस ने मिहिर को पकड़ने के लिए 11 टीम गठित करने के साथ अपराध शाखा को भी जांच में शामिल किया था। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया था।



## बुरी ताकतों को हराएगा भारत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में कल आतंकवादियों ने हमला किया था। इससे उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गए। इस खबर के बाद से देवभूमि शोक में डूब गई है। परिजन सदमे में है तो वहीं बलिदानियों के घर -गांव में मातम पसर गया है। इस बीच, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कड़े शब्दों में कहा कि पांचों जवानों की हत्या का बदला लिया जाएगा और भारत इस हमले के पीछे की बुरी ताकतों को छोड़ेगा नहीं। पांच बहादुरों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। देश के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके बलिदान का बदला लेकर रहेंगे और भारत हमले में शामिल बुरी ताकतों को हराएगा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों की शहादत पर दुख जताया और कहा कि सशस्त्र सेनाएं क्षेत्र में शांति लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है, कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने सोमवार को घात लगाकर हमला कर दिया था। आतंकी हमले में पांच जवान बलिदान हो गए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास लखनऊ पर सांसद, हरिद्वार तथा उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की।

## एल्विश यादव को ईडी ने थमाया नोटिस

**नोएडा।** सांपों का जहर बेचने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव पर शिकंजा कसता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने एल्विश यादव को नोटिस देकर 8 जुलाई को पूछताछ के लिए तलब किया था। हालांकि उसने विदेश में होने की वजह से कुछ दिनों की मोहलत मांगी है। सूत्रों के मुताबिक एल्विश को पेश होने के लिए 15 दिन की मोहलत दी गयी है। अब उसे 23 जुलाई को पेश होने को कहा गया है। बता दें कि पूर्व सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनिमल्स ने एल्विश यादव पर सांपों की तस्करी का आरोप लगाते हुए नोएडा में मुकदमा दर्ज कराया था।

# 14 दवाओं के लाइसेंस रद्द होने के बाद बिक्री पर लगाई रोक

- पतंजलि आयुर्वेद ने सुप्रीम कोर्ट में दी सफाई
- उत्तराखंड प्रशासन ने लिया था फैसला



**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस को उत्तराखंड की सरकार ने निलंबित कर दिया था। दरअसल, उत्तराखंड ने बाबा रामदेव की दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को उनकी प्रभावशीलता के बारे में बार-बार भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए निलंबित कर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 स्टोरों से इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश जारी किया है। उसने यह भी बताया कि सोशल मीडिया मंचों को भी निर्देश दिया गया है कि वे इन 14 उत्पादों से जुड़े सभी विज्ञापनों को हटा लें। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापनों को हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किया गया अनुरोध मान लिया गया है। साथ ही क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। इस मामले में अब 30 जुलाई को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों के खिलाफ अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं।






CMYK

# रतिया फॉर्म में फंसे 11 लोगो का एनडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को तहसील निघासन की ग्राम पंचायत मुर्गहा के रतिया फॉर्म में विषम परिस्थितियों में फंसे 11 लोगों का प्रशासन कीअगुवाई में एनडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू किया। घटना की सूचना पर जिला मुख्यालय से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा रेस्क्यू स्थल के लिए रवाना हुए।डीएम-एसपी पहले कुछ दूर ट्रैक्टर पर सवार होकर और बाद में एनडीआरएफ की मोटरबोट से रेस्क्यू स्थल जा पहुंचे, जहां ऑपरेशन का जायजा लेकर रेस्क्यू टीम का मनोबल बढ़ाया। डीएम ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि आपदा से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद की जाए।

जन-धन की सुरक्षा शासन की प्राथमिकता है।डीएम ने राहत व बचाव कार्यो का सघन पर्यवेक्षण कर फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्य के लिए प्रशासनिक अमले के साथ फ्लड की टीम, पीएसी, एनडीआरएफ और नागरिक सुरक्षा बल के जवानों को लगाया गया है। राहत व बचाव कार्य के संचालन के लिए सुरक्षा बलों के मोटर बोट के अलावा पर्याप्त संख्या में नाव भी लगाई गई है। प्रभावित लोगों को भोजन इत्यादि की समस्या न हो इसके लिए प्रत्येक तहसील में सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन तैयार कर प्रभावित लोगों को पका पकाया भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बताते चलें कि सूचना मिलते ही एसडीएम निघासन राजीव निगम ने एनडीआरएफ की टीम बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। एनडीआरएफ व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 11 व्यक्तियों को रेस्क्यू कर बचाकर परिवार वालों के सुर्पुद किया तथा उनका चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने के लिए स्वास्थ्य टीम को निर्देशित किया। एनडीआरएफ टीम कमांडर ने दो मोटर बोट, अपनी टीम के संग रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। तेज बहाव की कठिनाई को पार करते हुए टीम की बोट उन व्यक्तियों के पास पहुंची और उनको बोट में बैठाकर सुरक्षित निकालकर लाई। ऑपरेशन में कुल 11 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। बाहर निकलने के बाद सभी ने टीम का आभार व्यक्त किया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उप जिलाधिकारी राजीव निगम के साथ लेखपाल, ग्राम प्रधान तथा प्रशासन के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। **प्रशासनिक सूझबूझ से बची परशुराम की जिंदगी, तैराक ने बचाई जान:** सोमवार शाम पलिया तहसील क्षेत्र सहकारी चीनी मिल संपूर्ण नगर कार्मिक परशुराम चीनी मिल से जैसे ही बाहर निकला। अचानक तेज बहाव में बहकर पेड़ में जाकर फस गया। इसकी सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल सहित राजस्व टीम को लगाया। लेखपाल और स्थानीय पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए तैराक को ट्यूब में बांधकर उसको बचाने के लिए भेजा। तैराक ने बहादुरी दिखाते हुए परशुराम की जान बचाई।



### पटिहन के पांच किसानो के लिए मददगार बन प्रशासन, एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

तहसील पलिया के ग्राम पटिहन में सोमवार को पांच व्यक्ति खेत में काम करने गए थे, करीब शाम 05 बजे पानी बढ़ने पर निकटवर्ती झोपड़ी में शरण ली। जलस्तर बढ़ने पर काफी घबरा गए और मदद को लेकर प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम कार्तिकेय सिंह एनडीआरएफ की टीम लेकर जा पहुंचे, जहां कड़ी मशक्कत के बाद एसडीएम की अगुवाई में पांच व्यक्तियों को रात 12 रेस्क्यू किया जा सका। उसके बाद फंसे व्यक्तियों ने राहत की सांस ली, प्रशासन को शुक्रिया भी बोला। एसडीएम ने सभी पांच लोगों को उनके गांव भिजवाया।

### प्रशासन ने सुभाष नगर से गर्भवती महिला को कराया रेस्क्यू

मंगलवार को तहसील, नगर पालिका परिषद पलिया के सुभाषनगर मोहल्ले में गर्भवती महिला के फंसे होने की सूचना मिली। इस पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए तहसीलदार आरती यादव ने बाढ़ पीएससी की मदद से बोट के जरिए रेस्क्यू कराया। प्रशासन ने गर्भवती महिला को अस्पताल में दवा दिलाई और उसके रिश्तेदार के घर भिजवाया, जहा वह कुशलता से है।

## बढ़ते साईबर क्राइम पर रोक लगाने की मांग

**सहारनपुर।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष नुसरत साबरी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान से मुलाकात कर बढ़ते साईबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाने की मांग की। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल से जुडे व्यापारी प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष नुसरत साबरी के नेतृत्व में एकत्र होकर पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने नवागत एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर जिले का कार्यभार सौंपे जाने पर बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने एसएसपी को सुझाव दिया कि जनपद सहारनपुर में साइबर क्राइम काफी बढ़ चुका है। साईबर क्राइम से बचाव के लिए पुलिस विभाग द्वारा शिविर लगाकर व्यापारियों व संभ्रान्त नागरिकों को बुलाकर साईबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जाये, जिस पर एसएसपी ने शीघ्र ही इस तरह के जागरूकता शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में जिला महामंत्री युनुस अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष कनिष्क जैन, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अलमास, कानूनी सलाहकार जमाल साबरी एडवोकेट, राव मोहम्मद खालिद एडवोकेट, संदीप पंवार एडवोकेट, जुबैर अली एडवोकेट, जावेद रहमान आदि मौजूद रहे।

# संवेदनशील ब्लॉकों में स्थापित सभी अस्थाई एवं वृहद् गो-आश्रय स्थलों का हुआ निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में बाढ़ एवं जल प्लावन की स्थिति के दृष्टिगत डीएम दुर्गा शक्ति पाल के निर्देश पर मंगलवार को संवेदनशील ब्लॉकों में स्थापित सभी अस्थाई एवं वृहद् गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कराया गया एवं आश्रय स्थलों पर भूसा हरा चारा एवं सम्यक पशु आहार की उपलब्धता को चेक किया गया। पशु चिकित्साधिकारियों एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने गो आश्रय स्थल पर बीमार, कमजोर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह ने बताया कि वर्षा के कारण साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए उचित सफाई व्यवस्था कराई गयी, जिससे की कोई भी वेक्टर जनित रोग न हो। सभी गो-आश्रय स्थलो पर संरक्षित गोवंश का गलाघोटू बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण कार्य 02 जून 2024 से चल रहे अभियान के अंतर्गत सर्वोच्च प्राथमिकता पर कर दिया गया है। ब्लॉक स्तर पर दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गयी।

किसी भी आकस्मिकता से निपटनें हेतु पंचायती राज, विकास, राजस्व, नगर विकास एवं पशुपालन विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहे है। वर्तमान में जिले में 137 गो-आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें से 130 अस्थाई 5 वृहद् एवं 02 कान्हा गो - आश्रय स्थल है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो हेतु 04 मोबाईल वेटनरी यूनिट जो कि धौरहरा, रमियाबेहड़, पलिया एवं निघासन में स्टेशनड है जो किसी भी आकस्मिकता से निपटने के लिए आरक्षित किया गया है। जिले में उपलब्ध



बहुउद्देशीय चिकित्सा वाहनों के माध्यम से ग्रामों में बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा शिविर एवं टीकाकरण का कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। बताते चलें कि जनपद के समस्त गो-आश्रय स्थलों पर 34629 गोवंश संरक्षित है। जनपद में भविष्य की चुनौतियों से निपटने हेतु 05 वृहद् गो-आश्रय स्थल निर्माणाधीन है, जिसमें लगभग 2000 गोवंश को संरक्षित किया जा सकेगा। तहसील लखीमपुर के अर्न्तगत निर्माधीन वृहद् गो-आश्रय स्थल कादीपुर का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं लगभग एक माह में कियाशील हो जायेगा। जनपद के 101 गो-आश्रय स्थलों को निकटवर्ती चारागाह भूमि से टैग किया गया है एवं उस पर हरे चारे का उत्पादन किया जाता है, जिससे की गोवंश स्वास्थ्य रहें। मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के तहत 6318 सहभागियों के 9312 गोवंश को उपरोक्त योजना का लाभ मिल रहा है।

### अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा दिनांक 09.07.2024 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान एक अदद अवैध देशी तमंचा (12 बोर) व एक जिन्दा कारतूस (12 बोर) के साथ अभियुक्त 1.छोटकन्ने उर्फ छोटेलाल पुत्र सुकई राजपूत नि. ग्राम सिंगावर थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 286/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेजा गया।

### फायरिंग करने वाले तीन धरे गये

**सहारनपुर।** हाइवे पर फायरिंग करने के मामले में थाना नागल पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलाह व एक बाईक बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान का जेल भेज दिया है। नागल थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक सचिन त्यागी, महेश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात्रि में लाखनौर हाईवे पर आपस में फायरिंग करने वाले अभियुक्त अजय पुत्र बब्लू निवासी सराय मालियान कस्बा व थाना देवबन्द व गौरव पुत्र चन्द्रबोस निवासी ग्राम जटौल थाना देवबन्द को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा मुकदमा उपरोक्त में नामित वांछित अभियुक्त विपुल शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम फरकपुर पाँचली थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर को भी दबोचने में सफलता हासिल कर ली। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह सभी आपस में दोस्त है तथा हमारा स्कूल में पढ़ने वाले अन्य लड़को से ही किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

# हर साल की भांति इस साल भी बड़ी ही अकीदत के साथ निकलेगें मोहर्रम के जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** हर साल की भांति इस साल भी बड़ी ही अकीदत के साथ 14 जुलाई यानी मोहर्रम की सात तारीख को आलम का जुलूस मोहल्ला सरैया इकलाख वाले वाग से दिन के चार बजे से मोहल्ले का भ्रमण करके मियां वाली मस्जिद होते हुए नवाब के फाटक के पास से एसडीएम बंगले के सामने निकल कर शाहजहांपुर रोड होते हुए मण्डी समिति का भ्रमण करके रात 11 बजे मोहल्ला सरैया में ही समापन होगा। वही 16 जुलाई यानी कि मोहर्रम की नौ तारीख को ताजिया और आलम का जुलूस इसी समय इसी रोड पर निकाला जाएगा 17 जुलाई मोहर्रम की 10 तारीख को दिन के दो बजे मोहल्ले का भ्रमण करके मण्डी समिति का भ्रमण कर मण्डी गेट के पास पहुंचकर शाहजहांपुर रोड पर आकर गरवापुर मेले में पहुंचकर दो घण्टे के बाद कर्बला की ओर प्रस्थान करेंगे सात बजे ताजियों को कर्बला में दफन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में सुन्नी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास अली ने सभी से अपील करते हुए कहा कि शान्ति व्यवस्था और सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलूस निकले जुलूस से किसी को परेशानी ना हो और नई कोई परम्परा डालें जो प्रथा हर बार होती है उसी को शान्तिपूर्वक मनाये। मोहर्रम की मोहल्ला सरैया से तीन जुलूस हर बार की तरह इस बार भी निकलेगी लेकिन कुछ बारिश ज्यादा होने के कारण जुलूस निकालने में बाधा उत्पन्न हो रही थी जिसको लेकर उप जिला अधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने आज युद्ध स्तर पर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा खड़े होकर कार्य कराया है तो इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है अगर पानी ना गिरे तो जुलूस आराम से निकल जाएंगी। इस बार मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर नगर एक मैरिज लाइन में पहली बार इतनी भीड़ एकत्रित हुई। कार्यक्रम सफल सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने जैसा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए। वही जल निकासी के कार्य में अथक प्रयास समाजसेवी शिवम राठौर लगातार निभा रहे हैं शिद्दत की गर्मी में भी खड़े होकर कार्य कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था हो सके।

# सड़कों के ऊपर बह रहा है बाढ़ का पानी आवागमन ठप

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लगातार बारिश के बाद शारदा समेत सभी नदियों में बाढ़ आ गई है। कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। सड़कों के ऊपर बाढ़ का पानी बह रहा है, जिससे आवागमन ठप हो गया है। ऐसे में दूल्हे अपनी बरात लेकर नाव और

### ट्रैक्टर और नाव लेकर पहुंची बारात

ट्रैक्टर से दुल्हन के द्वार पहुंचे। शादी की खुशी में दूल्हे राजा ने बाढ़ की बाधाओं को भी पार कर लिया। सड़कों पर बाढ़ का पानी बरात की राह में बाधा बना तो दो दूल्हे कार व अन्य वाहनों को छोड़कर ट्रैक्टर और नाव से बरात लेकर पहुंचे शादी के बाद अपनी दुल्हनों को विदा कराकर भी लाए। दोनों दूल्हों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं पहला मामला थाना मझगई की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के धोबीपुरवा का है गांव निवासी तोताराम के लड़के की बरात मंगलवार को धोबीपुरवा से पलिया कलां के मोहल्ला सिंघईया को रवाना हुई। सड़क पर बाढ़ का पानी बहने से कार नहीं जा सकी तो दूल्हा ट्रैक्टर से बरात लेकर सिंघईया पहुंचाछेदुई पतिया के रहने वाले रामकुमार राठौर के लड़के राकेश कुमार राठौर की भी बरात ट्रैक्टर से बल्लीपुर पहुंची। बाढ़ का पानी लड़का और लड़की पक्ष दोनों के लिए मुसीबत जरूर बना। मगर दोनों दूल्हों का जज्बा ऐसा था कि दुल्हनिया विदा कराने को ट्रैक्टर पर बैठकर पहुंच गए भीरा इलाके के रेवतीपुर में पीलीभीत के पूरनपुर से बरात आई। गांव के बाहर तक तो यह बरात कार व अन्य वाहनों से पहुंच गई, लेकिन बाढ़ के कारण वाहन अंदर नहीं जा सके। इस पर नाव की व्यवस्था की गई। दूल्हा नाव से दुल्हन के द्वार पहुंचा।

### शारदा नदी

1- बनबसा (खतरे का जल स्तर-221.70 एम)
गेज- 219.400 एम
डिस्चार्ज- 108468 Cusec
प्रवृत्ति- स्थिर

2- पलिया कला
(ख़तरे का जलस्तर-154.590 एम)
गेज- 155.520 एम
प्रवृत्ति- बढ़ना

3- शारदा बैराज ( खतरे का जलस्तर-135.490 एम)
गेज- 135.350 एम
डिस्चार्ज- 164702 Cusec
प्रवृत्ति- बढ़ना

घाघरा नदी-

4- गिरिजा बैराज (खतरे का जल स्तर-136.780 एम)
गेज- 136.10रू
डिस्चार्ज-245471 Cusec
प्रवृत्ति. स्थिर

### ईयरफोन व हेडफोन की हानि से बचाव के बारे में प्रमुख सचिव चिकित्सा के सुझाव जारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि ईयर फोन व हेड फोन के इस्तेमाल से होने वाली दिक्कतों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा पत्र जारी किया है। जारी पत्र में उन्होंने ईयर फोन व ईयर प्लग के लम्बे समय तक उपयोग के कारण सुनने की श्रवण ह्रास और टिनिटस को रोकने में सहायता किये जाने के निम्नलिखित सुझाव दिये गये है। प्रमुख सचिव ने पत्र के माध्यम से कहा कि बेवजह ब्लूटूथ, ईयरफोन और हेड फोन का उपयोग करने वालों को जागरूक करने की जरूरत है।

# सेवानिवृत्ति उपनिरीक्षक एसपी सोनी ने विधायक की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली

अवधनामा संवाददाता

**संताव (रायबरेली)।** विकासखंड सतांव के अंतर्गत ग्रामसभा हाजीपुर निवासी एस पी सोनी पुलिस विभाग से 40 साल की उत्तकृष्ट सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए सेवानिवृत होने के उपरांत पहली बार अपने गृह जनपद पहुंचे एसपी सोनी का स्वागत ग्राम वासियों ने डाकिया चौराहे पर उनका माल्यार्पण कर वह रथ मैं बैठ कर ढोल नगाड़ों के बीच उनका भव्य स्वागत किया इसके उपलक्ष्य में उन्होंने अपने पैतृक गांव हाजीपुर में सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा विधायक राहुल लोधी रहे।

उन्होंने बताया कि हमारी पुलिस विभाग में जोइनिंग 1984 में हुई थी उसके बाद प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सेवाएं देते हुए 2024 मे सीतापुर से सेवानिवृत हो गए उन्होंने कहा कि 40 साल नौकरी करने के बाद अब मैं अपने गांव में रहकर समाज सेवा करना चाहता हूं इसके लिए उन्होंने पहले से ही अपने गांव में विद्यालय खोल रखा था जिसके माध्यम से वह गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं जिसका संचालन उनके बड़े पुत्र आशीष सोनी जी करते हैं अपने गांव के लोगों के प्रति हमेशा सेवा भाव रखने वाले एसपी सोनी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव में भी लोग शिक्षित हो और देश और प्रदेश में हमारे गांव का नाम रोशन करें इसके लिए उनसे जो भी सहयोग हो पाएगा वह करते रहेंगे सेवानिवृत्ति समारोह के उपरांत विधायक हरचंदपुर राहुल लोधी की उपस्थिति में उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की विधायक जी ने समाजवादी पार्टी की लाल टोपी व अंग वस्त्र पहनाकर उनको पार्टी मे शामिल किया। इस मौके पर हरचंदपुर विधायक श्री राहुल लोधी जी, सपा विधानसभा अध्यक्ष श्री राकेश यादव जी, ब्लॉक अध्यक्ष श्री विकास चंद्र विश्वकर्मा जी, वरिष्ठ सपा नेता श्री पिंटू यादव जी, समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष श्री शुभम लोहिया जी, विनय यादव जी, श्री गंगा जमुना सहाय मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक श्री आशीष सोनी जी, नीतीश सोनी जी, सत्येष गौतम जी, अखिल विश्वकर्मा जी, बृजेश पासी जी व अन्य समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व नेता वह हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



# डीएम-एसपी ने सावन मेला और कावड़ यात्रा के लिए गोकनाघाट का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** कांवड़ यात्रा व सावन मेले को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने ऊंचाहार स्थित गोकना घाट का निरीक्षण किया। यहाँ पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि कार्य समय से पूरा कराया जाए।

इस दौरान कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत गोलाघाट को भी व्यवस्थित कर लिया जाए। कावड़ यात्रा के दौरान सड़क मार्गो को भी व्यवस्थित किया जाए और घाटों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए उचित दूरी का चिन्हांकन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए बैरिकेटिंग कराई जाए। साथ ही घाटों की साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत सुपर मार्केट स्थित श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर चन्दापुर धाम और आस्तीक मन्दिर लालूपुर खास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सावन मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाएं



### जनसुनवाई में दो शिकायतों का तत्काल निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीनियर सिटीजन की शिकायतों के निस्तारण में कोई कोताही न बरती जाएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते हुए यह कोशिश की जाए कि सीनियर सिटीजन को दोबारा निगम न आना पड़े। नगरायुक्त द्वारा गत जनसुनवाई में आयी शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आज कुल छह शिकायतें आयी जिनमें से दो का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि चार शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 13 नानकपुरम निवासी प्रवीन कुमार ने नानकपुरम में स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर अवर अभियंता लाइट को भेजकर उक्त लाइट ठीक करा कर चालू कर दी गयी। वार्ड संख्या 6 वर्धमान कॉलोनी निवासी वर्धमान कॉलोनी में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 34 दयाल कॉलोनी निवासी राजपाल ने दयाल कॉलोनी में बंद पड़ी सीवर लाइन को चालू कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सीवर कार्य देख रही सीवर नेटवर्क कंपनी ववाग के इंचार्ज को जल्दी से जल्दी सीवर लाइन चालू कराने के निर्देश दिए गए। वार्ड 21 टैगोर गार्डन निवासी ऋषिपाल सिंह ने टैगोर गार्डन पेपर मिल रोड पर स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर अधिकारियों ने अवगत कराया कि सभी वार्डो में लाईट लगाने का कार्य ईईएसएल कंपनी द्वारा किया जा रहा है। लाईट क्रय करने के लिए विभागीय प्रक्रिया चल रही है। क्रय किये जाने के बाद लाईट लगवा दी जायेगी। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जलकल बीके सिंह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कराटे कोच समेत तीन खिलाड़ियों ने लिया कराटे का प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** कराटे कोच बसंत उपाध्याय समेत तीन कराटे खिलाड़ियों ने एशियाड कोच जय देव शर्मा से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी खेल उपलब्धियो मे इजाफा किया। कराटे कोच बसंत उपाध्याय ने बताया कि कराटे मार्शल आर्ट की लोकप्रिय शैली है। उन्होने व उनके तीन कराटे खिलाडी निशु प्रजापति, अनिकेत कुमार और अनमोल कुमार ने मेरठ में आयोजित कराटे ट्रैनिंग कैंप मे भारतीय टीम के मुख्य कोच और एशियाड कोच शिहान जय देव शर्मा सर से प्रशिक्षण प्राप्त कर कराटे की विभिन्न तकनियो समेत कुमते का बेहतरीन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं पर पार्षदो के साथ चर्चा करेंगे सीईओ

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान से आज अनेक पार्षदों ने मुलाकात की और शहर के सुधार तथा स्मार्ट सिटी के शेष कार्यो के सम्बंध में अनेक सुझाव दिए। नगरायुक्त ने पार्षदों को भरोसा दिया कि वे जल्दी ही स्मार्ट सिटी की समस्त परियोजनाओं पर सभी पार्षदों के साथ एक बैठक कर चर्चा करेंगे।

निगम के उपसभापति मुकेश गक्खड़ व दल नेता संजय गर्ग के नेतृत्व में अनेक पार्षदों ने स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान के साथ एक सौहार्द बैठक कर शहर में निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो के संदर्भ में और बेहतर सुधार के लिए नालों, सड़कों, विद्युत व्यवस्था के सम्बंध में अनेक सुझाव दिए। पार्षदों ने स्मार्ट सिटी की अधूरी योजनाओं को भी जल्दी पूरा करने पर जोर दिया। स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी की अनेक योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में कहां-क्या और बेहतर सुधार हो सकता है, इसका उन्होंने अध्ययन किया है तथा जल्दी ही होने वाली स्मार्ट सिटी बोर्ड की बैठक में वे इन प्रस्तावों को रखेंगे। उन्होंने पार्षदों से कहा कि वह जल्दी ही समस्त पार्षदों के साथ एक बैठक कर स्मार्ट सिटी की पूरी हो चुकी परियोजनाओं तथा चल रही परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत शहर के विकास की दृष्टि से चुनौतियों का अध्ययन कर उनके समाधान की कोशिश की जानी चाहिए। अतिक्रमण हटाकर जल निकासी की व्यवस्था और पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं पर भी फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर इस दिशा में आगे बढ़ा जायेगा। पार्षदों के साथ विचार विमर्श के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के अलावा उपसभापति मुकेश गक्खड़, दल नेता संजय गर्ग, पार्षद दिग्विजय सिंह, अमित त्यागी, मयंक गर्ग, नीरज शर्मा, चौ. वीरसेन सिद्धू, रविसैन जैन, अनुज जैन व वीरेंद्र उपाध्याय आदि शामिल रहे।



# निगम की कार्रवाई से पहले व्यापारियों ने स्वयं हटाया अतिक्रमण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** लिंक रोड-रणजीत नगर की सर्विस लेन से नगर निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले ही व्यापारियों ने खुद अपना अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण का मलवा भी उठवाया जा रहा है। निगम ने सड़क पर बनाये गए चबूतरों को भी दो दिन के भीतर तोड़े जाने का समय व्यापारियों को दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमण न हटाया गया तो निगम जेसीबी लगाकर स्वयं अतिक्रमण हटायेगा।

ढमोला नदी के किनारे लिंक रोड-रणजीत नगर की सर्विस लेन पर कुछ व्यापारियों ने अतिक्रमण कर अपने गोदाम बना लिए थे। जिससे वर्षा की स्थिति में जल निकासी नहीं हो पा रही थी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कुछ दिन पूर्व इस क्षेत्र का दौरा कर निगम अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। जिस पर पीडब्लयू डी द्वारा उक्त अतिक्रमण को चिह्नित करते हुए निशान लगाए गए थे। निगम द्वारा सभी व्यापारियों को चेतावनी दी गयी थी कि या तो वह स्वयं अतिक्रमण हटा लें अन्यथा निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी। कल सोमवार को भी निगम अधिकारियों ने सर्विस लेन पहुंचकर व्यापारियों को चेताया था। आज जब अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में निगम का अतिक्रमण हटाओं दस्ता सर्विस लेन पहुंचा तो पाया कि व्यापारियों द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण ध्वस्त कर मलवा उठवाया जा रहा है और पानी निकासी के लिए नालियां भी बनवायी जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने मुख्य मार्ग पर अनेक व्यापारियों द्वारा बनाये गए चबूतरों का अतिक्रमण हटाने के लिए भी व्यापारियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पीडब्लयूडी द्वारा निशान लगाकर चिह्नित किये गए अतिक्रमण को वे स्वयं हटा लें अन्यथा दो दिन बाद निगम द्वारा जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया जायेगा।



## भाजपा ने आयोजित किया मतदाता अभिनंदन समारोह

# राष्ट्र के लिए समर्पित हैं कार्यकर्ता: सहजानंद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा रामपुर कारखाना के डुमरी में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मतदाताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि भारत में दूसरा कोई राजनीतिक दल नही है जो अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करता है।

चुनाव के दौरान हमारे कार्यकर्ता साथियों ने भीषण गर्मी में भी ईमानदारी पूर्वक कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों और मनीषियों ने संकल्प लिया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने का जो आज पूरा हो रहा है। तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे न रहें, ये विचारधारा हमारे संगठन के सिपाहियों का राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित होने का उदाहरण है। अपने गौरवशाली इतिहास पर हमे गर्व है कि हम महाराणा प्रताप के वंशज हैं रानी लक्षीबाई की वीरता का लहू हमारे रग रग में दौड़ रहा है । हमारा कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित के कार्यों और समाज में सौहार्द कायम रखने का कार्य करता है। पार्टी की अपनी एक विशिष्ट कार्यशैली है शिष्टाचार, अनुशासन और सभी के प्रति समभाव और इसी कार्यशैली के कारण भाजपा का कार्यकर्ता वंदनीय है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है कि आज मैं आप लोगों के बीच आपका सम्मान करने के लिए यहां उपस्थित हुआ हूं। संगठन के सच्चे सिपाहियों के साथ समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा । एमएलसी डा रतनपाल सिंह ने कहा कि कोई भी चुनाव पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर ही जीतती है। देवरिया की जनता ने हमे आशीर्वाद देकर शशांक मणि को संसद में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा है और आशा है कि श्री मणि इस कार्य को बखूबी निभायेंगे। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करके पार्टी को जीत दिलाने का कार्य किया है निश्चित ही वो अभिनंदन के पात्र हैं और मैं अपने सम्मानित कार्यकर्ता साथियों को विश्वास दिलाता हूं कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक हमारे कार्यकर्ताओं की बात प्रशासन स्तर पे सुनी जाएगी तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षेत्र की जनता की सेवा होती रहेगी । रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री रमेश सिंह, ब्लाक प्रमुख त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सचिंद्र शाही दीपू, बिजेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नागेशपति त्रिपाठी, सतेंद्र पांडे, राजेश कुशवाहा, डब्लू मणि, अर्चना पांडे, दिवाकर मिश्रा, अजीत सिंह, विनय राव, शेषनाथ कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**देवरिया की जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम : सांसद**

## अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए 22 सड़के चिन्हित, ईओ नगर पालिका को दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में शहर में लगने बाले जाम व पार्किंग के संवंध में व्यापार मंडल व जिला उधोग वन्धु के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में शहर में अतिक्रमण हटाने के लिये 22 सड़को की सूची अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा प्रस्तुत की गई, उपस्थित लोगों द्वारा शहर की छूटी हुई प्रमुख सड़को को भी शामिल करने की माँग की गई, जिलाधिकारी द्वारा छूटी हुई सड़को को सूची में शामिल करने के निर्देश दिये गये, जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता विधुत (शहरी) को निर्देशित किया कि रेलवे रोड पर विधुत केबिल को अंडरग्राउंड करने में कितना खर्च आयेगा सर्वे कर आकलन प्रस्तुत करें, विधुत विभाग ने रेलवे रोड पर पोल शिफ्टिंग का स्टीमेट बहुत अधिक मूल्य का बनाया है इसका अधिशासी अभियंता लोनिवि पीडी,अधिशासी अभियंता विद्युत (शहरी) व विधुत के एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बना कर संयुक्त परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। शहर में चल रहे ई रिक्शा के रूट निर्धारण के लिये नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सी0ओ0 ट्रैफिक, सी0ओ0सिटी, ए0आर0टी0ओ0 व व्यापार मंडल के चार सदस्यों के साथ कमेटी बनाकर रुट प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये, लाल चौक में पार्किंग बनाने के लिये चिन्हित जगह का इसी कमेटी द्वारा निरीक्षण किया जाये व रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, सभी स्कूलों के प्रिंसिपल से बात कर स्कूलों की छुट्टी के समय में अंतर कराया जाये, ईओ को निर्देशित किया गया कि सभी फड़ लगाने बाले व्यापारियों को निर्धारित बेंडिंग जोन में ही बैठाया जाये व बेंडिंग जोन में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये, किसी भी चौराहे पर कोई भी ठेला, ठेली नही लगेगी, साप्ताहिक बंदी दिवस का सख्ती से पालन कराया जाये, माइक से उदघोषणा करा कर सभी दुकानदारों को सूचित किया जाये कि कोई भी रोड पर समान न रखे, न मानने बालो का सामान सीज किया जाये।

## सीएमओ ने किया पीएचसी बांसी का निरीक्षक



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थ नगर डा.रजत कुमार चौरसिया ने मंगलवार की सुबह 9:30 बजे पीएचसी बांसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाहर की दवा लिखे जाने पर नाराजगी व्यक्त किया। अस्पताल में पहुंचने के बाद उन्होंने ओपीडी रजिस्टर के बारे में सीएचसी अधीक्षक आरके सिंह से जानकारी लिया। जिसे देखने के बाद कहा कि जितने मरीजों को देखते हैं उसमें किस बीमारी के कितने मरीजों को देखा उसका डिटेल बनाया करो। उन्होंने कहा कि अस्पताल गेट पर मेरा मोबाइल नंबर लिखवा दो जिसे भी कोई असुविधा हो तो लोग मुझसे सीधा संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि जब अस्पताल में 90 तरह की दवा मौजूद है तो ऐसे में बाहर की दवा क्यों लिखा जा रहा है उन्होंने चिकित्सकों को चेतावनी दिया कि चौबीस घंटे के बाद यह शिकायत मिली तो कार्यवाही किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्टोनो जौहर सिंह, सीएचसी अधिक्षक डा.डीके चौधरी, डा अश्वनी चौधरी, डा.ओंकार जयसवाल, रतनशंकर चौधरी आदि मौजूद थे।

## रा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने किया वृक्षारोपण



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फर्रुखाबाद द्वारा अमृतपुर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें अध्यापकों व बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। संस्था द्वारा बच्चों को बृक्षों से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया एवम वृक्षों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। संस्था द्वारा बताया गया कि वृक्ष हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बृक्षों से ही मौसम बनता है और फिर बरसात होती है। बृक्षों से हमें लकड़ी फल फूल छाँव व अन्य आवश्यक चीजे प्राप्त होती है। वृक्ष नदियों के कटान को रोकने में सहायक होते हैं। इन्हीं वृक्षों पर छोटे फलों से पक्षी लाभान्वित होते हैं और इन्हीं वृक्षों पर अपने घोंसले भी बनाते हैं। इसलिए वृक्ष मनुष्य जीवन के लिए ही नहीं बल्कि पशु और पक्षियों के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 5 से 10 वृक्ष लगाने चाहिए। संस्था द्वारा विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया गया।कार्यक्रम में कार्यदेशक सुरेश चन्द्र शर्मा सुनील कुमार, रवींद्र वर्मा अनुदेशक धीरेंद्र अवस्थी चंद्र कुमार त्रिपाठी अजय कुमार विश्वनाथ मनवीर सिंह एवं प्रशिक्षार्थीगण ने वृक्षारोपण किया। जिसमें मिस्टर राजवीर सिंह फोरमैन, सुनील कुमार, मनवीर सिंह, अजय कुमार, विश्वनाथ राम देवेश सिंह नितिन सक्सेना सहित अन्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

## लोक अदालत की तैयारी की नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन व इस लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी मोहम्मद रिजवान अहमद, अपर जिला जज कोर्ट नंबर 1 द्वारा जजशिप कुशीनगर के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर लोक अदालत की तैयारी की की समीक्षा की। इस लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण ने अधिक से अधिक मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। इनके द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि पिछले लोक अदालत से भी ज्यादा मामलों का निस्तारण इस लोक अदालत में किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन विजय वर्मा, सिविल जज सीनियर डिवीजन कसया मयंक प्रकाश, सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी रामेश्वर दयाल, सिविल जज जूनियर डिवीजन कसया नीतिका महाजन, सिविल जज जूनियर डिवीजन अजीत कुमार मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट शांतनु तंवर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया संजय कुमार, अतिरिक्त सिविल जज जूनियर डिवीजन ज्योत्सना नागवंशी, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी वैशाली सिंह आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन






अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा पुराने लखनऊ स्थित कर्बला कर्बला दियानत-उद-दौला बहादर, सआदतगंज में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया इस मेडिकल कैंप में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. शाहिद रज़ा (अधीक्षक, शहरी सीएचसी चंदर नगर, लखनऊ), अतिथि सैयद अली जैदी (सहायक प्रोफेसर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती), कुमारी फरहीन अंसारी (न्यूज़ एंकर उल्टा चश्मा यूसी), सैयद अज़ीम अब्बास मूसव्वी मौजूद रहे। आज के इस मेडिकल कैंप में लोगों को मुफ्त दवा दी गई साथ ही उनका चेकअप भी किया गया।इस मौक़े पर मुख्य अतिथि डॉ. शाहिद रज़ा ने कि हमें ऐसे कैंप्स की संख्या बढ़ानी चाहिए ताकि हम अपने समाज के कमजोर वर्गों तक पहुँच सकें और उन्हें सही मार्गदर्शन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में मदद मिल सके। मुफ्त दवा के साथ फ्री चेकअप होने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया और द एमएसजी फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना किया। वही डॉक्टर टीम में, डॉ. मोहम्मद अशरफ, डॉ. फिरदौस, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ पार्थ गौर, डॉ. मोहम्मद अपसर, डॉ. मारिया , डॉ. आसिफ खान और डॉ, मुरसलीन मौजूद रहे। द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से मोहम्मद आलम, इमरान अली, आरुषि गंगवार, आमिर रज़ा ,सैयद रहबर हुसैन, अरहर अब्बास और मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

## इंद्रजीत यादव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व मंत्री स्व. श्री इंद्रजीत सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव शिखर मधु श्रीवास्तव जी के आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव समेत वरिष्ठ नेताओं ने उनके सादगी पूर्ण जीवन एवं पार्टी के प्रति ईमानदारी व निष्ठा पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रूप से गजराज कुशवाहा, दीपू त्रिपाठी, थोपन यादव, इक़बाल मंसूरी, मनीराम कक्का, जीतेन्द्र यादव फौजी, धर्मेंद्र यादव इकलासपुरा, हरिश्चन्द्र यादव, वैभव श्रीवास्तव (एड), नरसिंह यादव, विनय श्रीवास्तव, शफीक राइन, नारायण सिंह यादव, इमरान अंसारी, शोभाराम जाटव, महाते यादव, अरविन्द यादव, जाकिर सिद्दीकी, अनुराग यादव, निशांत पाठक, रिंकू गुर्जर, नफीस सिद्दीकी, कफील कुरैशी, नफीस खान, दीपक पाथरे, शिवम यादव शिब्बू, शकील खान, दुर्गेश यादव, इशाक मंसूरी एवं गौरीश द्विवेदी (नगर अध्यक्ष) आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत -बिल्ली मारकुंडी, टोला खैरटियाँ चेक डैम कार्य का उद्धघाटन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक यूनिट डाला के द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत - बिल्ली मारकुण्डी, टोला- खैरटियाँ चेक डैम कार्य का निर्माण पूर्ण होने पर उसका उद्धघाटन किया गया और साथ ही साथ फल दार वृक्ष भी लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि अधिकारी व अल्ट्राटेक के तरफ से संजीव सर व विवेक सर और चोपन ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत काशी नाथ सिंह जी व सी एस आर प्रमुख रमेश सर और रोहित श्रीवास्तव सर और सभी किसान भाइयों के साथ हम सब उपस्थित रहें इस कार्य से किसानों को सिंचाई व जल संचय में काफी सहायता मिलेगी इसके के लिए हम अपने ग्राम पंचायत के तरह से पूरे अल्ट्राटेक यूनिट को दिल की गहराइयों से आभार व धन्यवाद प्रकट करते हैं।

## उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा कैंट विधानसभा में मतदाता अभिनंदन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कैंट विधानसभा, चंदन नगर के सैफरन गेस्ट हाउस में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उपस्थित जन समूह पर फूलों की वर्षा करते हुए सभी का स्वागत अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को देश की सबसे बड़ी पंचायत में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ भेजने का कार्य किया है। रक्षा मंत्री जी लखनऊ के एक-एक व्यक्ति को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं, देश के गृहमंत्री भी रह चुके हैं लेकिन अत्यंत व्यस्तताओं के बावजूद भी निरंतर लखनऊ वासियों की चिंता करते हैं और कभी भी कितनी भी बड़ी बैठक में हो लखनऊ का नाम सुनकर मिलने का प्रयास करते हैं। रक्षा मंत्री जी ने लखनऊ में चतुर्मुखी विकास कार्य किया है जो लखनऊ वासियों ने लखनऊ के विकास के लिए सोचा भी नहीं था उससे भी कहीं अधिक कार्य लखनऊ में रक्षा मंत्री जी ने किये है। लखनऊ को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अनेक ओवर ब्रिज बनकर तैयार हैं और आगे भी निर्माण प्रक्रिया में है। अवध चौराहे पर मेट्रो के कारण ओवर ब्रिज बनना संभव नहीं था लेकिन वहां पर भी जाम मुक्ति के लिए अंडरपास बनने जा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण होगा। लखनऊ टॉप 10 शहरों में शामिल हुआ है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे कार्यकर्ताओं के बल पर हमारा वोट प्रतिशत अब की भी कम नहीं हुआ है 2027 की तैयारी के लिए हम अभी से जुटेगे और घर-घर दोबारा जाकर एक बार पुनः प्रचंड मत प्राप्त करके पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी लगन और ईमानदारी से लोकसभा चुनाव में कार्य किया। विपक्ष ने मतदाताओं को गुमराह करके गलत दिशा में मोड़ने का कार्य किया।

## सराय चौक में दो मोहर्रम का कदीमी जुलूस निकला



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दो मुहर्रम को नगर के सराय चौक स्थित मलिक रज़ा हुसैन के आवास से निकलने वाला परम्परागत मातमी जुलूस मौलाना मीसम रज़ा जाहिदी की मजलिस के शुरू हुआ।मौलाना ने जुलूस निकलने के पूर्व मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में हुए बलिदान की याद को ताजा किया। मौलाना ने कहा हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने ज़ुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद की।मर्सिया ख्वानी जौहेर अब्बास व उनके साथियों ने किया।जुलूस में शामिल अंजुमन फ़िदा-ए-हुसैन,अंजुमन जाफरिया,अंजुमन जुलफेकारिया, अंजुमन अजाए हुसैन,अंजुमन रौनक -ए-अजा समेत दर्जनों अंजुमनों ने नौहा ख्वानी पेश कर्बला के शहीदों को याद किया।अलम के साथ निकले जुलूस में जुलजिनाह (दुलदुल) की जियारत करने अजादार उमड़ पडे । उक्त अवसर पर मिनहाल रज़ा, शहजादे अली, दावर हुसैन, मुन्ना भाई,इब्ने अली जाफरी, इनाम हुसैन जाफरी आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बीते दिवस ग्राम सिढे चकरपुर निवासी मुन्ना खाँ अपने घर पर बैठे थे। उस समय रात्रि के 8 बजे पड़ोस में रहने वाले राजू मनीष जानिस अनीश पुत्रगण मुन्ना खान एवं मुन्ना का पुत्र अली हसन व छोटे खान हाथ में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर आए और बेवजह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घर के अंदर घुसकर की गई मारपीट से कोहराम मच गया। पड़ोस के लोगों ने दौड़कर बचाने का प्रयास किया। आरोपी गाली गलौज करते हुए मौके से भाग गए। थाना पुलिस ने धारा 147 452 323 324 506 एवं 504 में मुकदमा दर्ज कर कार्वाई शुरू कर दी।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सक समय से अस्पताल जायें एवं अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायें। पारदर्शी तरीके से कार्य करें।

कार्ययोजना/रणनीति बनाकर शासन की योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर जमीनी स्तर पर प्रगति लायें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशा एवं एएनएम के साथ नियमित रूप से बैठक कर टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की जाय तथा आशा एवं एएनएम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय कि वे अपने बच्चों को टीका अवश्य लगवायें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण कराया जाय। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की अपेक्षा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कनैली, कड़ा एवं सरसवां में प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशाओं के साथ बैठक कर समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रसूता को निर्धारित समयावधि 48 घण्टें तक अस्पताल में रोका जाये। बैठक में बताया गया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत अब तक 97 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों का भी भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं को 97.45 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष आशाओं का भी भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत माह-जून 2024 तक 691084 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक कुल 524051 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जनपद में 45 अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर पंजीकृत हैं तथा अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाती है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक माह की 01, 09, 16 एवं 24 तारीख को हाईरिस्क चिहिन्त गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल तक लाने की परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। आवश्यक जॉचे, हीमोग्लोबिन अति न्यून होने पर खून चढ़ाने की सुविधा, उपचार के बाद घर तक जाने के लिए परिवहन की सुविधा एवं अति जोखिम ग्रस्त महिलाओं के लिए एनएनएम व आशा द्वारा विशेष फॉलो-अप किया जाता है। उन्होंने बताया कि माह जून में कुल 1943 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, जिसमें 237 अति जोखिमग्रस्त गर्भवती महिलाओं का भी उपचार किया गया।

**चिकित्सक समय से अस्पताल जायें एवं अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायें**

## हार्ट अटैक से प्रांतीय संयुक्त मंत्री श्रीनिवास शर्मा का निधन

**पड़रौना, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री श्रीनिवास शर्मा का हर्ट अटैक होने से निधन हो गया है। इन्होंने मंगलवार को एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। श्रीनिवास शर्मा पड़रौना विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट के प्रधानाध्यापक थे। यह रविवार को लखनऊ जा रहे थे। अभी गोरखपुर पंहुचे ही थे कि अचानक सीने में दर्द हुआ।



सूचना पर शुभचिंतकों ने मौके पर पहुँच गोरखपुर में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन आनन-फानन में सोमवार को एम्बुलेंस से लखनऊ ले गए और एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने के बाद हालत पुनः बिगड़ने लगी। श्री शर्मा ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे अंतिम सांस ली। पड़रौना में भूतनाथ कॉलोनी स्थित उनके आवास पर स्वर्गीय शर्मा के अंतिम दर्शन को शिक्षकों का जमावड़ा जुटा हुआ है और शव का इंतजार हो रहा है। परिजनों के मुताबिक शव पड़रौना में आधे घण्टे रुकने के बाद तमकुही विकास खण्ड के पैतृक गांव बसडीला पाण्डेय में ले जाया जाएगा। बुधवार की सुबह कसया तुर्कपट्टी के मध्य खरदार घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्व शर्मा के निधन से शिक्षकों, शिक्षिकाओं व शिक्षा विभाग में शोक की लहर है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय बाजार में स्थित सम्मे चौक के निकट आज एक नवविवाहिता ने अपने घर में लगे कुण्डी में दुपट्टा फसा कर फांसी लगाकर जान दे दी। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कप्तानगंज अन्तर्गत बोदरवार निवासी मीरा देवी पत्नी स्व रोहित गोड की नव विवाहिता बहु यानी पतोहू किसी कारण वश आज दोपहर अंदर से फाटक बंद कर गले में दुपट्टा फसा कर आत्म हत्या कर लिया। बताया जाता है कि मुश्मीरा देवी ने अपने बड़े बेटे उपेंद्र गोड़ की शादी इसी वर्ष 29 फरवरी को कप्तानगंज के निकट ग्राम पचार निवासी विरेन्द्र गोड की पुत्री 20 वर्षीय खुशबू से किया था। मृतका ने फांसी लगाने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा है जिस पर लिखा है कि अपने जीवन से ऊब कर अपना जीवन खत्म कर रही हूं। मौके पर पहुंचे बोदरवार पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार ने देर रात फाटक तोड़वाकर शव को कब्जे में लेकर थाना पर भेज दिया।

**श्रीमती उर्मिला देवी महिला महाविद्यालय,**
**सेखुई रिठिया बाजार, सिद्धार्थनगर (उ0प्र0)**
**(संबद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर)**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर प्राचार्य और निम्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। शैक्षिक योग्यता एवं वेतन यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षणिक योग्यताओं एवं अनुभव (फोटोग्राफ सहित) की स्वप्रमाणित प्रति के साथ प्रबंध/ सचिव, श्रीमती उर्मिला देवी महिला महाविद्यालय, सेखुई रिठिया बाजार, सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) को प्रेषित करें।

-: कुल पदों की संख्या :-

प्राचार्य-01, अंग्रेजी-01, हिंदी-01, इतिहास-01, गृह विज्ञान-01, शिक्षाशास्त्र-01, समाजशास्त्र-01, राजनीतिशास्त्र-01

E-mail: urmiladevimahila@gmail.com

Mob- :6390442828

नोट : अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

प्रबंधक/ सचिव, श्रीमती उर्मिला देवी महिला महाविद्यालय,
सेखुई रिठिया बाजार, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश

# 10 वर्षों से रुके विकास रथ को शुरू करना हमारी पहली ज़िम्मेदारीः तनुज पुनिया

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी का चौमुखी विकास ही मेरा लक्ष्य है दलगत राजनीती से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास किया जायेगा पिछले 10 वर्षो से रूके हुये विकास के रथ को चालू कराकर समाज के आखिरी व्यक्ति तक विकास कि किरण पहुंचाना ही मेरा ध्येय है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है आज हम आप के सामने इस बात का प्रण लेते हैं कि, लोकसभा क्षेत्र के किसान आवाम मजदूर नौजवान मजबूर की आवाज को पूरी जिम्मेदारी के साथ लोकसभा में उठाकर उसे न्याय दिलाने की लड़ाई में कभी पीछे नही हटूंगा। ये बात इण्डिया गठबन्धन के नव निर्वाचित कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने सेवा निवृत शिक्षक संघ के कार्यालय चाचा नेहरू स्कूल कमला नेहरू पार्क के बगल में संघ के अध्यक्ष रूप नारायण बैसवार द्वारा आज उनके स्वागत समारोह में व्यक्त किये जिसका संचालन अवधेश कुमार ने किया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला विशेष रूप से मौजूद थे। सांसद तनुज पुनिया ने सेवा निवृत शिक्षक संघ कार्यालय पहुंचने पर सेवा निवृत शिक्षकों ने गरम जोशी से सांसद का भव्य स्वागत किया और सांसद तनुज पुनिया ने सभी मौजूद शिक्षकों से उनका आशीर्वाद लिया, उक्त अवसर पर संघ के अध्यक्ष रूप नारायण बैसवार ने नव निर्वाचित सांसद का स्वागत करते हुये कहा कि, हमारी लोकसभा क्षेत्र के सांसद तनुज पुनिया पहचान के मौहताज नही हैं ये विकास पुरूष पूर्व सांसद डा पीएल पुनिया के होनहार सुपुत्र हैं इनके पिता जब 2009 में लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से सांसद बने तो उन्होनें लोकसभा क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, देवां रोड पर बना उपरिगामी सेतु, 4000 गांव में एक साथ विद्युतीकरण का काम, 64 किलोमीटर का सीतापुर के बार्डर से फैजाबाद बार्डर पर घाघरा नदी पर बना तटबन्ध, जनपद में ट्रामा सेण्टर, शिक्षा के क्षेत्र में चार इण्टर कॉलेज की देन जैसे सैंकड़ों ऐतिहासिक कार्य जिनकी यहां की जनता आजादी के बाद आस लगाकर पूरी करने की बाट जोह रही थी। सांसद तनुज पुनिया ने मौजूद शिक्षक समाज को विश्वास दिलाया कि, बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र की ये सरजमीं मेरी व मेरे पिता जी की राजनैतिक कर्मभूमि है यहां की देवतुल्य जनता ने जो प्यार और स्नेह हमें देकर मुझपर क्षेत्र के विकास की जो अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाकर विकास के हर क्षेत्र में लोकसभा क्षेत्र को अव्वल साबित करके जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिस करूंगा यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ। सेवा निवृत शिक्षक संघ के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष रूप देव नारायण शुक्ला, देवी प्रसाद मिश्रा, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, सतीश चन्द्र मिश्रा, गोपाल कृष्ण मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला सहित सैंकड़ों की संख्या में सेवानिवृत शिक्षक मौजूद थे।

## रेलवे अंडर पास में भरा पानी, लगभग 5 हजार की आबादी घरों में कैद

**अयोध्या।** लगातार हो रही बरसात ने तराई के क्षेत्रों में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को परेशान किया है। कई गांव में जल भराव से रास्ते बंद हैं। बीर भानुपुर रेलवे अंडर पास में कमर तक पानी आ जाने से पूरे गांव का रास्ता बंद हो गया। लगभग 5 हजार की आबादी घरों में कैद होकर रह गई है। मामला रेलवे का होने से स्थानीय प्रशासन ने हाथ खड़े कर लिए हैं।रेलवे फाटक सोहावल से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को जाने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क किसी तालाब का हिस्सा नजर आती है। मरीजों को अब अस्पताल तक जाने के लिए लगभग 4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पानी में डूबे सड़क के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है नाला निर्माण कर रहे नगर पंचायत के ठेकेदार ने जल निकासी को बंद कर निर्माण रोक रखा है। सुचित्तागंज बाजार के मध्य से आह्लाद का पुरवा की सड़क पानी में डूबी है। लोगों का आवागमन बंद है।

# एक ही ब्लाक में लंबे समय से जमे पंचायत सचिव पर नहीं लागू हुई मुख्यमंत्री तबादला नीति

अवधनामा संवाददाता

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से जमे दो पंचायत सचिव पर मुख्यमंत्री की तबादला नीति नहीं लागू हो सकी है और उनका स्थानांतरण नही किया जा सका है और आज भी यही पर कुंडलीय जमाए बैठे हुए हैं।गौरतलब है की विकास खंड हैदरगढ़ में तैनात पंचायत सचिव उदय शुक्ला, पंकज कुमार काफी लंबे समय से एक ही ब्लाक में जमे हुए हैं बताया जाता है की पंकज कुमार का कार्यकाल लगभग पांच साल तो उदय शुक्ला छह से जमे है समय अवधि से दुगुना समय बीत जाने के बाद भी स्थानांतरण नही किया जा सका। जबकि यही पर तैनात ज्ञान सिंह व अखिलेश मिश्रा का शासन की तबादला नीति के तहत दूसरे ब्लाक में स्थानांतरण कर दिया गया जबकि अखिलेश मिश्रा का अभी तीन साल का कार्यकाल भी नही पूरा हुआ था इसके पहले ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया। लेकिन पता नहीं आखिर क्या वजह है की पंचायत सचिव उदय शुक्ला व पंकज कुमार का क्यों नही तबादला किया जा सका जो यह बात लोगो को पच नही पा रही है। सूत्र की माने अभी हाल में ही पंचायत सचिव पंकज कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लग चुके हैं अधिकारी की जांच में ग्राम पंचायत शरीफाबाद में आर सी सी रोड निर्माण में घोटाला की पुष्टि होने पर प्रधान व सचिव दोनो के विरुद्ध रिकवरी की कार्यवाही भी हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों की मेहरबानी के चलते इनका स्थानांतरण नही किया जा सका। पंचायत सचिव उदय शुक्ला की बात की जाय तो यह भी जिस ग्राम पंचायत में रहे वहा पर भी विकास कार्य में अनियमितता बरतने को लेकर अखबार में खूब सुर्खियां बटोरते रहे। ग्रामीणों की शिकायत के बाद अधिकारियों ने पहले से तैनात पंचायत से हटाकर उन्हें इसी ब्लाक की दूसरी पंचायत पर कार्यभार सौंपकर जिम्मेदारी दे दी गई लेकिन ब्लाक से तबादला नहीं किया जा सका जानकर सूत्र की माने उदय शुक्ला राजनीतिक दल के नेताओ से व जिले में बैठे उच्च अधिकारी के बीच अच्छी पैठ रखते है यही वजह है ब्लाक में लगभग छह साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद इनका तबादला नहीं किया जा सका।

अब देखने वाली बात यह होगी की जिले में बैठे उच्च अधिकारी शासन की तबादला नीति के तहत एक ही ब्लाक में लंबे समय से जमे इन दोनो सचिव का स्थानांतरण करते हैं या शासन की तबादला नीति का माखौल उड़ाते हुए नजर आते हैं।

# खड़ी ट्रक में डीजल टैंक ने मारी टक्कर एक व्यक्ति मौत

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** देर रात लगभग पौने दो बजे अग्निशमन विभाग को सूचना मिली कि अयोध्या सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शांति चौक समीप अवध विश्वविद्यालय के सामने थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या में ट्रक में आग लगी है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी फायर कर्मियों व दो अग्निशमन वाहन के साथ बिना देरी किए घटना स्थल पर पहुंच कर आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे। अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि मौके पर पहुंच कर देखा कि सड़क के किनारे खड़ी ट्रक यूपी में एक डीसीएम गाड़ी जो कि कोका कोला फैक्टी की थी,बहराइच से आ रही थी,अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक के डीजल टैंक में टक्कर मार दी।जिससे दोनो गाड़ियों के अगले हिस्से तथा केबिन में आग लग गई थी। काफी मशक्कत के बाद फायर सर्विस के तीन फायर टैंकरों की सहायता से पूर्ण रूप से बुझाया गया।बुझाने के दौरान डीसीएम गाड़ी के ड्राइवर साइड में नीचे एक जली हुई एक बाडी मिली जिसकी शिनाख्त डीसीएम चालक रवि कांत मिश्र उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी परुवा कोतवाली बीकापुर के रुप में हुई।मौके पर थाना कोतवाली नगर पुलिस बल मौजूद रही जिनके द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र के संबंध में डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग बच्चों को समय से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में की बैठक। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करने व दिव्यांग विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देने हेतु सभी दिव्यांग बच्चों के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र की उपलब्धता आवश्यक है। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में से विशिष्ट आवश्यकता वाले/दिव्यांग विद्यार्थियों का चिन्हांकन सामान्य अध्यापकों एवं स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा सामान्य चेक लिस्ट के आधार पर किया जाता है। इसके पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित मेडिकल एसेसमेंट कैम्प में पात्र दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये जाने की व्यवस्था है। किन्तु वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के सापेक्ष दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्धता से कुछ बच्चे वंचित हैं । दिव्यांग बच्चों के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र न होने के कारण दिव्यांग बच्चों की सही स्थिति के आकलन में कठिनाई आती है तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अभाव में विद्यार्थियों के शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 की अवधि में अभियान चलाकर जनपद के समस्त विकास खंडों में मेडिकल एसेसमेंट कैम्प आयोजित कर दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता का मूल्यांकन कर अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपद में समर्थ पोर्टल चिन्हित 3282 दिव्यांग बच्चों में से दिव्यांगत प्रमाण पत्र से वंचित सभी बच्चों को सभी 11 विकासखण्डों एवं 01 नगर क्षेत्र कुल 12 मेडिकल एसेसमेंट कैम्पों को 22 जुलाई 2024 से 25 अगस्त 2024 के मध्य बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर आयोजन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जायें। यह सुनिश्चित किया जाय कि समर्थ पोर्टल पर चिन्हित कोई भी बच्चा दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित न रहें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को मेडिकल एसेसमेंट कैम्पों पर बच्चों के दिव्यांगता मूल्यांकन हेतु दिव्यांग बोर्ड का नियमानुसार गठन कर लेने के निर्देश दिये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे निर्धारित तिथि व समय पर सम्बंधित स्थल पर पहुंच जायें। उन्होंने दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता आकलन करने एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु बच्चों का ऑनलाइन पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रियाओं को समय से पूर्ण कर लेने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने गत वर्ष स्क्रीनिंग में अल्प दृष्टि दोष से प्रभावित पाए गए बच्चों का परीक्षण कर अवशेष बच्चों को भी चश्मा उपलब्ध कराया जाय। इसी के साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एडिप योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एलिस्को कानपुर के सहयोग से विकासखण्ड मिल्कीपुर एवं मवई में उपकरण मापन कैम्प तथा उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उपकरण मापन कैम्प का आयोजन 01 सितम्बर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य तथा उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन 01 नवम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 के मध्य किया जाना प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों की समस्याओं को लेकर किसान नेता ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को 3 सूत्रीय मांग पत्र देकर औद्योगिक पार्क के लिए भूमि का अधिग्रहण करने वाले गांव के किसानों एवं ग्रामीणों के लिए सुविधा मुहैया कराए जाने की मांग की है। सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष विधि चंद्र यादव ने उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे गए मांग पत्र में प्रभावित किसानों को बढ़े हुए सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा उपलब्ध कराने, औद्योगिक क्षेत्र में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर उनका विकास कराये जाने ,एवं औद्योगिक क्षेत्र में शादी विवाह एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए दो सामुदायिक मिलन केंद्र बनवाए जाने की मांग की गई है।

### खाद्य एवं रसद मंत्री ने सरयू तट पर चल रही कार्य का किया निरीक्षण

**बाराबंकी।** खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति के राज्यमंत्री सतीशचंद्र शर्मा ने आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील रामसनेहीघाट एवं सिरौली गौसपुर के सरयू नदीतट पर बसे विभिन्न गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमे बसन्तपुर, सेमरी, सीकरी, अतरसूईया, उमरहरा, लोढ़ेमऊ, डेरराजा, इटहुवा पूरब, करोनी, गिदरापुर तिलवारी के ग्रामवासियों से संवाद कर तहसील रामसनेहीघाट में सरयू तट पर चल रही परियोजनाओं को देख कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट, क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोकदल कार्य समिति की हुई समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल कार्य समिति की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलराम यादव व संचालन जिला महासचिव संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने किया इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोकदल बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा रालोद 2027 के विधानसभा चुनाव को टारगेट करके पूरे उत्तर प्रदेश में संगठन बढ़ाने का कार्य कर रहा है आने वाले समय में रालोद पूर्वांचल मध्यांचल व बुंदेलखंड में भी चुनाव लडने का कार्य करेगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेशनाथ मिश्रा (सुड्डू), अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, अवध जोन अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ बेचूलाल ज्ञान, जिलाध्यक्ष बलराम यादव,महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंथ, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, महिला जिलाध्यक्ष डॉ शान्ती देवी, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने बैठक को सम्बोधित किया। इस अवसर पर युवा रालोद प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा, युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा,युवा महानगर अध्यक्ष अमित पाण्डेय, जिला सचिव करियाराम वर्मा, युवा नेता अजीत वर्मा, जिला सचिव राम जियावन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राम-लक्ष्मण कोरी,पारशनाथ शर्मा,देवीशरण वर्मा, मातादीन महेश पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर में फंसकर किसान की मौत

**गोंडा।** धानेपुर थाना क्षेत्र के देवरी कला के सधान पुरवा में धान की रोपाई के लिए पलेवा करते समय ट्रैक्टर का पहिया दलदल में फंस गया ट्रैक्टर निकलते समय अचानक पलट गया जिसके नीचे दबकर किसान जख्मी हो गया जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई गांव के राजकुमार वर्मा उर्फ कल्लू 50 वर्षीय रविवार को धान की रोपाई अपने खेत में ट्रैक्टर से पलेवा कर रहे थे इसी दौरान ट्रैक्टर दलदल में फस गया काफी प्रयास के बाद ट्रैक्टर दलदल से नहीं निकल पाने पर वह अपने घर चले गए सोमवार को दोपहर के बाद गांव के कुछ लोग के साथ वह अपने खेत पहुंचा और दलदल में कैसे ट्रैक्टर के पहिए के नीचे बल्ली लगाकर ट्रैक्टर को निकालने के लिए प्रयास कर रहे थे कि अचानक ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे दबाकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया कुछ लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे निकाला जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में राजकुमार वर्मा की मौत हो गई।

## नगर पंचायत को बदनाम करने और विकास कार्य बाधित करने की साजिश

**अयोध्या।** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के मिर्जापुर निमोली में सड़क की मिट्टी पटाई प्रकरण में चेयरमैन मोहम्मद राशिद अब खुल कर मुखर हो गए हैं। उन्होंने पूरे मामले को लेकर नगर पंचायत को बदनाम करने और विकास कार्य बाधित करने की साजिश बताया है।मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में चेयरमैन ने सभासदों का बहुमत पेश करते हुए कहा कि वह और नगर पंचायत प्रशासन विकास के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि कुछ सभासद विरोध कर रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के 11 में से 7 सभासद उनके पक्ष में हैं। बता दें कि सभासद रामकरन मौर्या ने ठेकेदार पर चोरी से मिट्टी खोदकर उठा ले जाने का आरोप लगाया है। इसी मामले में अधिशासी अधिकारी से दुर्व्यवहार को लेकर केस भी दर्ज किया गया है। बाद में भाजपा के पांच सभासदों ने मुख्यमंत्री से नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए जिला मुख्यालय पर ज्ञापन दिया है।

# कुरआन और अहले बैते रसूल एक दूसरे से कभी जुदा नहीं हो सकतेः मौलाना मुजतबा

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** कामयाबी चाहिए तो इस बात को ध्यान में रखें कि दीन और दुनियां के लिएअली अ की क्या फ़िक्र थी। बग़ैर फिक्रे अली जिक्रे अली का कोई फायदा मिलने वाला नही ।यह बात इमाम बाड़ा मीर मासूम अली कटरा मे असरे की दूसरी मजलिस को ख़िताब करते हुए आली जनाब मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने कही।मौलाना ने यह भी कहा कि इताअत के मरकज़ का नाम है कर्बला,फिक्रे अली से तैयारहोती है करबला। मजलिस से पहले शारिब रिज़्वी, हुज़ैफ़ा व अयान सल्लमहू ने नज़रानए अक़ीदत पेश किए। मजलिस का आग़ाज तिलावत ए कलाम ए पाक से मो0 इसहाक ÷अली मियां÷ ने किया।आखिर मे मौलाना ने मसायब पेश किए जिसे सुनकर मोमनीन रो पड़े ।आग़ा फ़य्याज मियांजानी के अजाखाने की दूसरी मजलिस को मौलाना फ़ैज़ान मेहदी जैदपुरी ने खिताब करते हुए कहा तक़्दुस अगर इल्म के मुक़ाबिल आ जाए तो इल्म की पैरवी करो ,तक़्दुस से धोखा न खाओ। हाजी सरवर अली करबलाई व मो.हैदर ने नजरानए अक़ीदत पेश किए। वही रसूलपुर मे मोहसिन साहब के अजाखाने की मजलिस को आली जनाब मौलाना तसनीम हैदर साहब ने ख़िताब किया। इशरत जैदपुरी,हाजी सरवर अली करबलाई व अदनान रिज़्वी ने नज़रानए अक़ीदत पेश किए। करबला सिविल लाइन और रिफाकत रिजवी केअजाखाने मे मौलाना मो0 मुजतबा ÷ मीसम ÷ साहब ने मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा क़ुरआन का मोजिज़ा देखना चाहते हो तो मोजिज़ नुमा तलाश करो। डा 0 रज़ा मौरानवी, हाजी सरवर अली करबलाईने नजरानए अक़ीदत पेश किए। वक़्फ़ नवाब अमजद अली खां बेगमगंज के अज़ाखाने में अशरे की दूसरी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मदअब्बास रिज़्वी÷ सदफ़÷ साहब ने कहा अल्लाह मज़्लूमों के साथ होता है, ज़ालिमों के साथ नहीं। अहलेबैत की मोहब्बत के बग़ैर कोई अमल काबिले कुबूल नही। डा.रज़ा मौरानवी व हाजी सरवर अली करबलाई ने नजरानए अक़ीदत पेश किया। करबला वालो के मसायब सुनकर अजादार रो पड़े।बानिये मजलिस मुतवल्ली सरवर अली रिजवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।मजलिस का ये सिलसिला बेगमगंज, डाक्टर असद (मरहूम अतहर एडवोकेट)के अजाखाने होता हुआ कम्पनी बाग, लाइन पुरवा रफी नगर, अस्करी नगर, बेलहरा हाउस, तकिया व पीर बटावन मे देर रात तमाम हुआ।

# जल निकासी को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** विकासखंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुइया कंचनपुर सुकऊ टोला, बड़हरामीर के ग्रामीणों ने पानी निकासी को लेकर ग्राम प्रधान गिरजेश गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को कंचनपुर चौराहे पर प्रदर्शन किया। समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी ग्राम सभा पतरेंगवा के सुकऊ टोला निवासी फूलचंद यादव, ओम प्रकाश यादव, कंचनपुर निवासी बेचन, पारस, सुभाष सुनील, शैलेंद्र, पराग, मुन्नी, रमेश, शोभी, गणेश का कहना है कि सिंदुरिया मोहनापुर मार्ग पर सुकऊ टोला से लेकर मोहनापुर तक सड़क के दोनों किनारों पर ग्रामीणों ने मकान बनवाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके पहले बरसात के मौसम में सड़क के दोनों किनारों से बरसात का पानी आसानी से निकल जाता था। वर्तमान समय में मकान बनवाए हुए ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी डालकर पानी निकालने के स्थान को भर दिया गया है बरसात का पानी रुकने से ग्राम सभा पतरेगवा, सुकऊ टोला, कुइया कंचनपुर, बड़हरामीर, मोहनापुर, बसंतपुर खुर्द के किसानों की सौ एकड़ धान की फसल डूबकर सड़ गई है।

# बदलने जा रही तमसा की दशा, संकल्प से सिद्धि

अवधनामा संवाददाता

**गोसाईगंज-अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में दिसंबर 2023 में श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन हुआ जिसकी प्रथम बैठक 16 मार्च 2024 को मंडलायुक्त गौरव दयाल जी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उक्त समिति में पदेन सदस्य के रूप में नगर पंचायत गोसाईगंज अध्यक्ष श्रीमती डा विजय लक्ष्मी जायसवाल ने प्रस्ताव रखा कि गोसाईगंज नगर अयोध्या जी के ईशान कोण पर स्थित एक पौराणिक नगर है जो तमसा नदी के तट पर बसा है। यहां की पौराणिक व 84 कोस परिक्रमा का विश्राम स्थल महादेवा घाट को पर्यटक स्थल के रूप में समग्र विकास कर तमसा रिवर फ्रंट बना कर गोसाईगंज नगर को भी अयोध्या तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। आज परिषद की द्वितीय बैठक में उक्त प्रस्ताव पर अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही प्रेषित कर दिया है। जल्द ही घाट निर्माण के साथ महादेवा घाट का कायाकल्प होना चालू हो जाएगा। ज्ञात हो कि तमसा रिवर फ्रंट का सपना गोसाईगंज विकास विचार मंच के संयोजक स्व श्री चंद्र शेखर जायसवाल जी का सपना था। 2 वर्ष पूर्व श्री जायसवाल ने दीन दयाल पार्क में बताया था कि उन्होंने नगर के 5 प्रमुख मुद्दों पर काम की आवश्यकता थी जिसमें नगर में बिजली, ट्रेन स्टेशन, बाईपास रोड, दक्षिणी तट पर नया गोसाईगंज बसाना, तमसा नदी का जीर्णोधार शामिल था। जिसमे तमसा रिवर फ्रंट बनाने का संकल्प भी लिया था। भाजपा की सरकार ने सब पर काम किया और तमसा नदी का मुद्दा भी मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या विकास परिषद के मध्यम से पूर्ण होने जा रहा है। साथ ही आज की बैठक में चेयरमैन ने नगर के समीप दिलासीगंज क्षेत्र स्थित पौसरा गांव में ऋषि परासर के आश्रम को भी पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए कमिश्नर साहेब ने सर्वे करने के लिए विभाधिकारियो को आदेशित कर दिया है।

## अवध विवि में पहले दिन 167 ने कराई स्नातक प्रवेश काउंसिलिंग

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग में 167 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर सीट को सुरक्षित किया। काउंसिलिंग के पहले दिन 09 स्नातक पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग विभागों में शुरू हुई। अभ्यर्थियों के डाक्यूमेंट्स के सत्यापन के उपरांत पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया। प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि काउंसिलिंग के पहले दिन विभागों में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया गया। जिन अभ्यर्थियों के डाक्यूमेंट्स में कुछ कमियां पाई गई उन्हें अगले दिन मौका मिलेगा।

बीलिब, बीपीईएस, बीए, बीसीए, बीएससी बायो, फाइन आर्ट्स, परफार्मिंग आर्ट्स, वोकेशल मॉस कम्यूनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म, फैशन डिजाइन एण्ड गारमेंटस टेक्नोलॉजी विषय में अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई है। समन्वयक ने बताया कि पहले दिन के छूटे अभ्यर्थी विभागों से सम्पर्क करके प्रवेश सुनिश्चित करा सकते है। इसके लिए विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पानी की टंकी पर चढ़ी पीड़िता

- मौके पर जुटी भारी भीड़,मान मनौव्वल में जुटी पुलिस



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आहत दुष्कर्म पीड़िता मंगलवार को पानी की टंकी पर चढ़ गई। पीड़िता को 200 फुट पानी की टंकी पर देख पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फूल गए। नगर कोतवाली पुलिस पीड़िता की मान मनौव्वल में जुट गई। जबकि पीड़िता आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी रही। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता मनकापुर कोतवाली की रहने वाली बताई जा रही है?। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2023 में उसके साथ तीन लोगों ने सामूहिक सामूहिक दुष्कर्म किया था लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। कोर्ट के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो लिखा गया लेकिन पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है?। एक साल से वह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अफसरों के चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। मंगलवार को पीड़िता अपनी मां के साथ कचहरी आई थी। यहां अचानक वह कमिश्नर कार्यालय के बगल बने पानी की टंकी पर चढ़ गयी। पीड़िता को पानी की टंकी पर चढ़ा देख वकीलों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी तो क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ वर्मा, नगर कोतवाल राजेश सिंह, एसएसआई ब्रह्मानंद सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गयी। फायर ब्रिगेड भी मौके पर बुला ली गई। पुलिसकर्मी और अधिवक्ता पीड़िता को पानी की टंकी से नीचे उतारने की कोशिश में जुटे रहे। हालांकि पीड़िता आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ी हुई थी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई– निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | प्रोविशन ऑफ इपोक्सी फ्लोरिंग इन टॉयलेट्स ऑफ एल0एच0बी0/आई0सी0एफ0 कोचेस। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रु० 84,43,086.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रु० 1,68,900/– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांकः 17.07.2024 से 31.07.2024 समय 15:00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा । निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है । |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

सं. 2024–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ई निविदा–17 दिनांकः 09.07.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2089/24

# श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ पर शिक्षक राकेश कुमार राज के पुत्र के निधन पर मंगलवार को शिक्षको के द्वारा शोक सभा (श्रद्धांजलि) का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ क्षेत्र के शिक्षक उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा के शान्ति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किये।

ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा के शिक्षक राकेश कुमार राज के छोटे पुत्र अमन भारती उम्र 22 वर्ष का महथा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन दुर्घटना मे मौत हो गयी थी। जिससे मृतक आत्मा के शान्ति के लिए ब्लाक संसाधन केंद्र शोहरतगढ पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस दौरान लालजी यादव, मुस्तन शेरुल्लाह, कृपा शंकर त्रिपाठी, ब्रह्म प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार सिंह, अरविंद चतुर्वेदी, मोहम्मद नैयर सिद्दीकी, कौशल किशोर, जीत बहादुर चौधरी, छेदीमल, संतोष कुमार चौधरी, पप्पू यादव, सुजीत कुमार यादव, स्वप्निल, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रीति मिश्रा, शेष प्रकाश, कमलाकांत यादव, पंकज जायसवाल, मोहम्मद हारुन, अनुराग दीक्षित, मनमोहन, शशि कुमार यादव, सिद्धार्थ कुमार, पवन चौरसिया, अश्वनी शुक्ल, पंकज कुमार, आशुतोष सिंह, अवधेश सिंह, अभय सिंह, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## आज रात डॉ आब्दी के आवास पर होगी मजलिस

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मोहर्रम की तीसरी तारीख बुधवार की रात कस्बे के अकबरनगर वार्ड में डाक्टर आब्दी के आवास के सामने अंजुमन हैदरी हल्लौर द्वारा मजलिसे अजा, नौहा मातम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक डाक्टर कमर अब्बास आब्दी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में तीसरी मोहर्रम की रात नौहा मातम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मातम का जलूस मंगल बाजार लोहा मंडी गौतमबुद्धनगर, टेकधर नगर, पंजतन पाक की दरगाह होते हुए डाक्टर आब्दी चौराहे पर पहुंचकर समाप्त होगा। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए एडवोकेट तमन्ना हैदर रिज़वी, इशरत जमील रिज़वी, मो अरशद रिज़्वी, सैयद अकबर आलम व अख्तर अब्बास रिज़वी को जिम्मेदारी सौपी गई है।

# संचारी रोग से बचने के लिए घर की साफ-सफाई रखें

अवधनामा संवाददाता



- राज्य पेयजल योजना के बारे में किया जागरूक : बीडीओ
- साफ सफाई पर रहे विशेष ध्यान : आशीष सिंह

**लोटन सिद्धार्थनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लोटन सभागार मे मंगलवार को नामित संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा जल संरक्षण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने समुह सखी की महिलाओं को जल जीवन मिशन के बारे मे बिस्तर से जानकारी दी एवं जागरूक किया गया।इस दौरान प्रशिक्षक दया शंकर यादव द्वारा दुसीत पानी पीने से होने वाली बिमारी से बचने के लिए महिलाओं को जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख आशीष ने कहा की संचारी रोग या बैक्टीरिया के कारण काभी बीमारिया होती है जो लोग दूषित सतहों, शारीरिक तरल पदार्थ, रक्त उत्पादों, कीड़ों के काटने या हवा के माध्यम से एक-दूसरे में फैलते हैं प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि संचारी रोग से बचने के लिए घर की साफ सफाई रखें एवं अपना इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत रखें स्वच्छ भोजन करें नियमित व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें तभी हम संचारी रोग से बचाव कर सकते हैं। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी तथा सहायक जिला कार्यक्रम समन्वयक दिलीप कुमार, मनीष त्रिपाठी, परमानन्द चौबे,योगेंद्र मणि त्रिपाठी, शत्रुघ्न, बलराम, प्रभात, रवि यादव, पूजा, चौरसिया, ज्योति जयसवाल, खुशबू, सहित समुह सखी आदि मौजूद रहे।

## आयुक्त एवं आईजी. ने किया अशोगवा-नगवा सतवाढ़ी बांध के अतिसंवेदनशील स्थलों का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह एवं आई.जी. आर.के.भारद्वाज द्वारा मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के साथ बूढ़ी राप्ती के दाये तरफ अशोगवा-नगवा सतवाढ़ी बांध के अतिसंवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा सूपा राजा, भगौतापुर, सतवाढ़ी को देखा गया। आयुक्त ने बन्धे में हुए रैनकट को भरवाने का निर्देश दिया। बाढ़ के दौरान कटान स्थलो पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में कंक्रीट भरी बोरिया व अन्य आवश्यक सामग्री पूर्व से तैयार रखने का निर्देश दिया। कहा कि यदि गांवों में बाढ़ का पानी भरता है, तो लोगो को सुरक्षित स्थानो पर पहुॅचाकर उनके लिए भोजन, पानी आदि की व्यवस्था कराये। गर्भवती महिलाओ को पहले से ही चिन्हित कर ले।

## ऑनलाइन हाजरी के खिलाफ लामबंद हुए शिक्षक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन के प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक संसाधन केंद्र लोटन पर शिक्षक शासन के ऑनलाइन हाजरी के तुगलकी फरमान के विरुद्ध बैठक कर शासन के इस फरमान के खिलाफ आवाज बुलंद कर भविष्य में ऐसे आदेश पर अंकुश लगाने के लिए बैठक कर नाराजगी जाहिर की उनकी मांग है कि ऑनलाइन हाजरी से उत्पन्न असुविधा को दूर किया जाए जिससे हम शासन के साथ सहयोग करें। उन्होंने बताया की पूरे प्रदेश ने इस फरमान का विरोध किया जा रहा है, एक प्रतिशत से भी कम उपस्थिति पूरे प्रदेश में दर्ज की गई। शिक्षक 14 सीएल से पूरे वर्ष भर कैसे कार्य कर सकेंगे। ऊबड़ खाबड़ एवं खराब रास्ते, नदी नालों को पार कर विघालय जाना पड़ता है ।इस बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्र, मंत्री रामशंकर पांडेय, वरिष्ट उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे, बाबूराम चौरसिया, द्विजेंद्र नाथ पांडेय, मोइउद्दीन, अशोक कुमार यादव, जयकेष सिंह, अनिल कुमार, मोहम्मद सकील, सत्येंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद संघर्ष समिति के ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्र मिश्र, श्रवण कुमार गौतम सहित काफी लोगो मौजूद रहे।

## शहीद जवानों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सोमवार 8 जुलाई को जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के माचेडी इलाके में भारतीय सेना के काफिले पर आतंकवादियों के हमले में शहीद हुये 5 जवानों को कांग्रेस पार्टी ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' के आवाह्न पर कांग्रेस पार्टी के लोग रोडवेज स्थित शहीदे आजम की प्रतिमा के निकट इकट्ठा हुये। यहां कैंडल जलाकर भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धाजंलि दी। श्री पाण्डेय ने कहा ने आतंकी हमले में में 5 जवानों की जान चली गई। कांग्रेस पार्टी सेना के जवानों के मारे जाने से बहुत दुखी है और आज देशभर में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा सेना पर आतंकी हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत सरकार की अग्निवीर योजना से सेना का मनोबल कम हुआ है। सरकार ने सेना भी दो टुकड़े कर दिये। एक मरने के बाद शहीद कहलायेगा और दूसरे को कोई सम्मान नही मिलेगा।

# आयुक्त ने किया मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला एवं बाढ़ के संबध में तैयारियों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



- बाढ़, कावंड यात्रा व मोहर्रम के संबध में सभी तैयारियां कर लें पूर्ण व बाढ़ से प्रभावित होने वाले सम्भावित गाँवों को करलें चिन्हित : आईजी

**सिद्धार्थनगर।** मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला एवं बाढ़ के संबध में की गयी तैयारियों की समीक्षा बैठक आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आर.के.भारद्वाज, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला एवं बाढ़ के संबध में की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी चाही गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कर ली गयी है। ताजिया का जुलूस जो कर्बला तक जाता है उसका निरीक्षण क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा कर लिया गया है। जनपद में डुमरियागंज, हल्लौरा एवं शोहरतगढ़ ताजिया का जुलूस जहां से निकलता है प्रत्येक स्तर पर तैयारी करी ली गयी है। समस्त थानो पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर ली गयी है। जनपद में कावड़ यात्रा से संबधित तैयारी कर ली गयी है। डी.जे. के संबध में उसकी ऊचाई के संबध में निर्देश दे दिया गया। यातायात डायवर्जन के संबध में जानकारी दे दी गयी है। साथ ही बाढ़ पुलिस चौकी पूर्ण है। किसी प्रकार की कोई समस्या नही है। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को निर्देश दिया कि हल्लौर जो जनपद में शिया समुदाय के लोगो की संख्या अधिक है वहां पर मोहर्रम का त्यौहार भव्य रूप से आयोजित होता है इसके लिए आप प्रत्येक विन्दुओ पर तैयारी करा ले। प्रत्येक विन्दुओ को सावधानीपूर्वक देखा जाये। जो ट्रैफिक रूट जाती उस सड़क में गड्ढा न हो। मेन रोड पर विल्डिंग मैटेरियल आदि न रहे पहले से निरीक्षण कर हटवा दे। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज ने बताया कि हल्लौर के लोग शिक्षित है किसी प्रकार की समस्या नही होने पायेगी। मेरे और क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्भ्रांत लोगो के साथ वार्ता कर ली गयी है। थानाध्यक्ष द्वारा भी पीस कमेटी की बैठक कर ली गयी है। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि मन्दिरो शिववालय आदि की साफ-सफाई पानी की व्यवस्था कराये। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जर्जर तारो को ठीक करा ले तथा खुले ट्रांसफार्मर को कबर करा ले। मोहर्रम कावड़ यात्रा हेतु अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवायें उपलब्ध रहे। आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आर.के.भारद्वाज ने निर्देश दिया कि बाढ़, कावंड यात्रा व मोहर्रम के संबध में तैयारियां पूर्ण कर ले। कितने गांव बाढ़ से प्रभावित होगे उसे चिन्हित कर ले। सिंचाई विभाग द्वारा अतिसंवेदनशील स्थलो को चिन्हित कर ले। मोहर्रम के ताजिया में 3000 दिखाते है जबकि 4000 तक पहुॅच जाती है। 05-10 फिट से ऊंची ताजिया न बनाये। जहां से ताजिया का जुलूस निकलेगा वहां पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी थानाध्यक्ष, ग्राम प्रधान के साथ बैठक कर ले जिससे कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न करायेगें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा चालू रहनी चाहिए।

## भनवापुर के पेंड़रियाजीत प्राथमिक विद्यालय पर बैठक कर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बनाई रणनीति



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डिजिटिलाइजेशन का नियमों के विरोध को लेकर जल्द जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर शिक्षकों के समस्याओं को अवगत कराते हुए समाधान का मांग करेंगे। यह बातें मंगलवार को ब्लाक क्षेत्र के पेंड़रियाजीत प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिक्षकों के बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा। अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार के द्वारा पारित अव्यवहारिक और मनमानी नियमों का विरोध करते हुए जनप्रतिनिधियों को पत्र देकर समस्या के समाधान को निकाला जाएगा। अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करते रहे, बच्चे देश के भविष्य है, इनका नुकसान नही होने देंगे। विभाग पर थोपे गये अन्य गैर शैक्षणिक कार्यो को भी करते है, सरकार चोर साबित कर शिक्षको को बदनाम करते हुए शिक्षण व्यवस्था चौपट करने की मंशा से इन निमयों को लागू कर रही है। अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि हम शिक्षकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा, कैशलेस चिकित्सा, अर्जित अवकाश हाफ डे लीव, अंतर्जनपदीय स्थानानतरण आदि मांगों को पूरा करने तक आनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। इस दौरान अनिल, मनोज तिवारी, रोशन त्रिपाठी, अवनीश दूबे, गोपेश दूबे, अशोक कुमार, राम लखन, उमाकांत गुप्ता, माता प्रसाद दूबे, प्रेमचंद्र यादव, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिलजुल मनायें मोहर्रम व श्रवणमास का त्योहार



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इण्डो नेपाल बार्डर अन्तर्गत खुनुवा चौकी परिसर में अगामी मोहर्रम व श्रवणमास को लेकर मंगलवार को चौकी खुनुवा के प्रांगण में धर्म गुरुओं प्रधान व संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। खुनुवा चौकी प्रभारी जगत नरायण यादव ने उपस्थित लोगों से कहा कि मोहर्रम को मनाने की परम्परा बहुत पुरानी है ?आपसी मेल मिलाप भाई चारे के साथ मनाना चाहिए।यह त्योहार दोनों समुदाय के लोग मनाते है और ताजिया बनाते है जुलूस निकालते हैंइसी तरह हर त्योहार हमें आपसी और भाई चारगी की सीख देता है इस लिए त्योहार मिलजुल कर मनाये। श्रवणमास माह का महीना भी आने वाला है एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं।जो समाज में विरोध पैदा करवाना चाहते है। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।अगर कहीं तजिया ले जाने में दिक्कत हो तो उसे बताये उस रास्ते को साफ कराया जाये ताकी दिक्कत न हो और कोई व्यक्ति त्योहारों में अड़चन डालने की प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ कड़ाई से निपटेगी। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे उसकी सूचना पुलिस फौरन पुलिस को दें। पुलिस आपके साथ है।बैठक में प्रधान प्रतिनिधि बगहवा गंगाधर मिश्र, मधुर श्याम गिरी, बहरैची बाबा, संजय, करहिया प्रधान करम हुसैन, भादमुस्तकहम प्रधान सददाम हुसैन, संतोष गुप्ता, प्रभूदयाल गुप्ता, कृष्णा मिश्र, प्रदीप गुप्ता, राजन सिंह, मो हसन, योगेंद्र तिवारी, दीन मो, जटाशंकर गुप्ता, पिन्टू गुप्ता मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों में जारी है आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों में आक्रोश जारी है। मंगलवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी ब्लाक कार्यसमिति व संघर्ष समिति के पदाधिकारी अपने -अपने ब्लाक संसाधन केंद्र पर जुटे और बेसिक विद्यालयों में पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन व शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति के विभागीय निर्देश से असहमति जताते हुए प्रस्ताव तैयार किया।

बैठक में पारित प्रस्ताव पर सभी शिक्षकों से सहमति या असहमति के साथ हस्ताक्षर कराते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री को प्रेषित किया जाएगा। इस आधार पर संगठन का प्रांतीय नेतृत्व पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन व आनलाइन उपस्थिति के निर्णय को वापस लेने का अनुरोध करेगा। बैठक में शिक्षकों के



ऑनलाइन उपस्थिति पर असहमति और शिक्षकों को 31 दिन अर्जित अवकाश, 15 दिन आकस्मिक अवकाश, 15 दिन का हाफ सी.एल., चिकित्सा प्रतिपूर्ति व पुरानी पेंशन बहाली आदि का मुद्दा छाया रहा। बीआरसी उस्का बाजार पर हुई बैठक में मंत्री आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश के 6 लाख शिक्षकों ने सरकार के द्वारा जारी ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्णतः बहिष्कार किया है और मांग किया कि अन्य विभागों की भांति शिक्षकों को भी सुविधाएं दी जाय.जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जायेगा। शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करेंगे। लोटन में मंत्री रामशंकर पांडेय ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पदाधिकारी व शिक्षक ज्ञापन देंगे।यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। नौगढ़ में अध्यक्ष अरुण सिंह, शोहरतगढ़ में लालजी यादव, जोगिया में रामप्रताप शर्मा, बांसी में सुधेन्दुधर द्विवेदी, डुमरियागंज में दिनेश सिंह, इटवा में करुणेश मौर्य, भनवापुर में रामप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में ब्लाक कार्यसमिति व संघर्ष समिति की बैठक हुई।

## इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा नगर पालिका बांसी के पशुपति नगर में परमात्मा के घर से कल्लू के घर होते हुए ओमी होटल तक इंटरलॉकिंग तथा राप्ती नगर में अनूप पाण्डेय के घर से समय माता मन्दिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत नगर पालिका बांसी के पशुपति नगर में परमात्मा के घर से कल्लू के घर होते हुए ओमी होटल तक इंटरलॉकिंग तथा राप्ती नगर में अनूप पाण्डेय के घर से समय माता मन्दिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य को देखा गया। निरीक्षण के दौरान सड़क की लंबाई, चौडाई को नापा गया एवं सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता को भी चेक किया गया।

निर्माण कार्य स्टीमेट एवं एम बी के अनुरूप नही पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांसी को 15 दिनों के अन्दर सही कराने का निर्देश दिया।

## चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत के प्रथम समाज वादी प्रधान मंत्री युवा तुर्क नेता, युग पुरुष श्रद्धेय चंद्र शेखर जी की 18 वी पुण्य तिथि पर उनकी स्मृति को प्रणाम कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बढ़नी के डाक बंगले पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित विभिन्न दलों के लोगों ने चंद्रशेखर से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को बतौर मुख्यतिथि सम्बोधित करते हुए समजावादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मो जमील सिद्दीकी ने कहा कि चंद्रशेखर जी देश के जननायक थे। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझोता नहीं किया। वो अपने विद्रोही तेवरो के लिए जाने जाते थे। वो बहुत ही कम समय तक प्रधानमंत्री रहे। लेकिन उनका संक्षिप्त कार्यकाल कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण था। श्रद्धांजलि सभा को सभासद निज़ाम अहमद, सागर पाठक शान आदि ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता चंद्र शेखर के बेहद करीबी रहे मो इब्राहिम बाबा ने व संचालन सगीर ए ख़ाकसार ने किया।

## डीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद किया निरीक्षण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद के टोला नकोल डीह, शिव दुलारे डीह, मौर्या डीह, पन्नापुर का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। डीएम ने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी बूढ़े बुजुर्ग, गर्भवती महिला तथा बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार एकदम तत्पर रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से ग्रसित लोगों को आवश्यक सामग्री मुहैया कराए जिससे किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बाढ प्रभावित टोलों में निवास कर रहे लोग संपर्क मार्ग कट जाने के कारण नाव से आ जा रहे हैं , कुल मिलकर स्थिति गंभीर है। डीएम ने लोगों को पूरी तरह आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर है।बताया जाता है कि उक्त ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक की शादी है जिसे दूल्हा बनकर नाव की सवारी करनी पड़ेगी। इस दौरान बीडीओ बढ़नी मुरली मनोहर मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी गण उदय प्रताप गौतम, अनूप रावत, एपीओ शाहिद सिराज आदि लोग मौजूद रहे।

# नेपाल द्वारा छोड़े पानी से 24 घंटे में बढ़ा एक फीट ज्यादा जलस्तर, दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ग्रस्त

अवधनामा संवाददाता

- भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों का कटा संपर्क, प्रशासन ने कराई नाव की व्यवस्था

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हर वर्ष बारिश और नेपाल राष्ट्र से छोड़े गए पानी से बूढ़ी राप्ती व राप्ती अपने पूरे ऊफान पर आ जाती है। इस वर्ष भी नेपाल द्वारा छोड़े गए पानी से राप्ती नदी का जलस्तर काफी तेजी से लगातार बढ़ रहा है। जिसके कारण मंगलवार को राप्ती नदी के जलस्तर में करीब एक फीट से ज्यादा की बढ़ोत्तरी होने से क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक गांव पूरी तरह से बाढ़ के पानी से घिर गए, वही आधा दर्जन गांवों का संपर्क टूट जाने के कारण लोगों के आवागमन के लिए प्रशासन ने नाव की व्यवस्था उपलब्ध करा दिया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर से जहां आने जाने रास्ते जलमग्न हो गए है वही, धान की फसल भी भी पूरी तरह से डूब चुकी हैं। मंगलवार को भनवापुर क्षेत्र के शाहपुर सिंगारजोत मार्ग पर जूड़ीकुइयां, बेलवा दरिया बख्स, बिजौरा आदि मार्ग पर करीब दो से तीन फीट पानी बह रहा है। पेड़रियाजीत, वीरपुर मार्ग, जूड़ीकुइयां, खन्ता, बेतनार, चन्दनजोत देवरिया चमन मार्ग का संपर्क टूट चुका है। प्रशासन के द्वारा अभी तक केवल एक नाव की व्यवस्था खंता बेतनार के लिए ही करा पाया है, जो नाकाफी है। जिसमें से लोग अपना जान जोखिम में डाल दो पहिया, चार पहिया वाहनों यात्रा कर रहे है। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय वीरपुर एहतमाली, प्राथमिक विद्यालय बेलवा दरिया बख्स,जूनियर विद्यालय जूड़ीकुइयां, कम्पोजिट विद्यालय बिजौरा में भी बाढ़ का पानी भर जाने के कारण शिक्षण कार्य बंद हो गया है। **हर संभव बाढ़ पीड़ितों के मदद में प्रशासन मुस्तैद, उपलब्ध कराया नाव :** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में बाढ़ की स्थिती दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। मंगलवार को तहसीलदार डुमरियागंज डॉ.संतराज बघेल ने क्षेत्र के खन्ता बेतनार गांव के लोगों का संपर्क टूटने की सूचना पर निरीक्षण में पंहुचे। लोगों की समस्यायों को सुनकर तत्काल नाव उपलब्ध कराते हुए बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदत का आश्वासन दिया।

डॉ.बघेल ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के मदत के लिए दस नाव व दो मोटर वोट के साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी उपलब्ध है, जो हर संभव मदद के लिए मुस्तैद है।

### इन लोगों के घरों के साथ ही सघन सहकारी समिति में घुसने को आतुर बाढ़ का पानी

भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के जूड़ीकुइयां गांव निवासी चौधरी प्रसाद, मिंटू, हग्गन, झिन्नन के घर के दरवाजे तक पानी भर गया है, वहीं गांव निवासी सुनील तिवारी के घर में पानी भर गया है। बेलवा दरिया बख्स गांव निवासिनी काजल यादव व युगुरूता यादव के घर में पानी घुस जाने के कारण जहां भोजन बनाने की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं रात में सोने के लिए छत का सहारा लेना पड़गे। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि गांव के साथ घरों के चारो तरफ पानी भर जाने के कारण बिषैले जीवों से खतरा की आशंका बनी हुई है। सघन सहकारी समिति रमवापुर जगतराम जो जूड़ीकुइयां गांव में शाहपुर सिंगारजोत मार्ग पर बना है, जिसके चारो तरफ बाढ़ का भर गया है, मगर गोदाम में नही घुसा। गोदाम में रखा खाद मंगलवार को सचिव के द्वारा ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से सेखुई सेनापति गांव के एक निजी मकान में सुरक्षित करा दिया गया है।

# शिक्षक संघ ने आयोजित की बैठक, किया विरोध-प्रदर्शन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए पदाधिकारी ने कहा कि जब तक उनकी महत्वपूर्ण मांगे पूरी नहीं हो जाती है। यह प्रदर्शन जारी रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की भांति सारी सुविधाएं शिक्षकों को दी जाए। 31 उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर एवं अध्ययन अवकाश, चिकित्सा सुविधा, पुरानी पेंशन सहित तमाम महत्वपूर्ण मांगे हैं। जिसे पूरा किया जाए। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन का क्रम आगे भी जारी रहेगा। किसी भी स्तर पर शिक्षक संघ पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक शिक्षण कार्य में सम्मिलित होते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर अखिलेश चौधरी, सीरिश चंद्र, फज्लूरहमान अंसारी, सुनील सिंह, आकाश चतुर्वेदी, मलिक नदीम अहमद, आबिद अली, अंकिता शाह, अजीत कोरिया, अंकित यादव, अदनान मलिक, अखिलेश, अमरनाथ, सजर हैदर रिजवी, कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## अन्तरिक्ष में फंसी सुनीता और बुचविल्मोर

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और अमेरिकी एस्ट्रोनाट बुचविल्मोर तकनीकी खराबी की वजह से इन्टरनेशनल पवेस स्टेशन पर फंस गये है।दोनो बोइंग के स्टारलाइनर से स्पेस स्टेशन पर फंस गये है।दोनों बोइंग के स्टार लाइनर से स्पेस स्टेशन गये थे।बोइंग इन्सानों को स्पेस ले जाने वाला मिशन है।दोनो के सप्ताह भर वहां रहने के बाद 13 जून को लौटना था बोइंग स्टार लाइन की खराबी के बाद उनकी वापसी तीसरी बार टल गई है।दोनों बोइंग के क्रू फ्लाइट टेस्ट का हिस्सा है।बोइंग ने बताया स्पेस कैप्सूल में थ्रस्टर फेलियर और लाक वाल्व में कुछ खराबी आ गई है उसी का नतीजा है।इसीलिये सुनीता और बुचविल्मोर की वापसी नियत समय पर नहीं हो सकी।बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल 6 जून को स्पेस के लिये गया था।25 घन्टे बाद ही इन्जीनियरों ने स्पेसशिप के थ्रस्टर सिस्टम में पांच अलग अलग हीलियम लीक का पता लगाया था।45 दिन की क्षमता है स्टारलाइन की 21 दिन गुजर चुके है मिशन को शुरू हुये 24 दिन बाकी रह गये है।अब दोनों के फेल हो जाने से यान का रीऐक्शन कन्ट्रोल सिस्ट खराब हो गया है।इस वजह से धरती पर आते समय यान पर नियन्त्रण नहीं रहेगा।अगर वायुमन्डल में आने से पहले ऐसा हो गया तो सब अन्तरिक्ष में खो जायेगे।अगर वायुमन्डल में आने के बाद ऐसा हुआ तो अनियन्त्रित तरीके से नीचे गिरेगा।यह मिशन शुरू होने के पहले नासा और वोइंग दोनो को पता था कि ऐसा हो सकता है पर इसे मामूली मान कर नजरअन्दाज कर गये।बोइंग के स्टारलाइनर प्रोग्राम मैनेजर का कहना है कि हीलियम सिस्टम उस हिसाब से डिजाइन किया गया था पर वह वैसे कार्य नहीं कर रहा है।स्टार लाइनर का इस्तेमाल अगर सुनीता बुच के लाने में नहीं होता है तो पहली पसन्द स्पसेक्स का डैऊगन 2 कैप्सूल होगा।इस कैम्सूल की खासियत है कि इमरजेन्सी में इसमें और लोग भी जगह पा सकते है।नासा ने बताया है स्टारलाइन का प्रापल्सन सिस्टम खराब होने के बावजूद कैप्सूल अन्तरिक्ष यात्रियों को धरती पर ला सकता है।अगर जरूरी हुआ तो यह कैप्सूल स्केप पाड की तरह काम करेगा।पर यह कदम इमरजेन्सी के लिये है।उतरने से पहले स्टार लाइन की सारी चीजें देखी जायेगी।सन्तोष और खुशी है कि दोनो यात्री सकुशल लौट आयेगे।उनके कुशलता को लेकर सभी चिन्तित थे अभी सभी उनकी कुशलता को लेकर अश्वस्त है।लोग स्पेस की यात्रा निडर होकर कर सकेगे।नासा अपने यात्रियों की कुशलता के लिये हमेशा तत्पर रहेगा।

## विश्व शांति के एजेंडे को लेकर प्रधानमंत्री की रूस यात्रा


संजीव ठाकुर

लगभग 5 वर्षों बाद प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार चुनाव जीतने के पश्चात रूस की दो दिवसीय यात्रा पर गए हैं इसके पश्चात हुए ऑस्ट्रिया भी जाएंगे। लगभग चार दशक बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गया है। इस यात्रा के कई मायने हैं और इस यात्रा की उत्सुकता एवं प्रतीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर को भी कई दिनों से रही है।

प्रधानमंत्री के मास्को के वनुकोवो 2 एयरपोर्ट में पहुंचने पर पुतिन सरकार के महत्वपूर्ण पद धारक डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मातुरोव ने जिस गर्मजोशी से स्वागत किया है, निश्चित तौर पर भारत और रूस के 75 वर्षों के संबंधों की घनिष्ठता को दर्शाता है इसके अलावा भव्य स्वागत में चीन की सरकार के दिल की धड़कन बढाने वाला संदेश भी पृष्ठभूमि भी अंतर निहित है।यह तो तय है कि भारत के प्रधानमंत्री की आम चुनाव में तीसरी जीत के बाद मास्को की यात्रा दिल्ली और मॉस्को के संबंधों में गंभीर निजता आने के संकेत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कई मुलाकातें हुई हैं और इन मुलाकातों के दौरान दोनों के मध्य काफी मानसिक साम्यता मजबूत हुई है, ऐसे में यदि भारत के प्रधानमंत्री रूस से यूक्रेन युद्ध में शांति बहाली का रास्ता बातचीत के जरिए हल करवाना चाहेंगे तो वैश्विक शांति के नए सोपनो को खुलने में देर नहीं लगेगी। भारत के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और रूस के संबंधों को नई ऊंचाई देने वाली भी साबित हो सकती है इसके साथ ही रुस और चीन की बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता को भी संतुलित करने का इस यात्रा के दौरान प्रयास किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन की मित्रता लगभग दो दशक पुरानी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार अटल बिहारी की सरकार के दौरान 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में रूस की यात्रा की थी, उसके पश्चात बतौर गुजरात की मुख्यमंत्री 2006 और 2009 में भी रूस की यात्रा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा को मद्धे नजर रख क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने बताया कि भारत और रूस की वार्ता का मुद्दा एवं एजेंडा बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाला है। दोनों देश के नेताओं की शिखर वार्ता के मध्य राजनीतिक साझीदारी व्यापार, सामरिक महत्व के सौदे, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी पर आधारित नए समझौते पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी पुतिन एक साथ लगभग 8 घंटे बिताने वाले हैं।

प्रधानमंत्री की मास्को की दो दिवसीय यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई है खास तौर पर रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने वाली कूटनीति पर पूरे विश्व तथा यूक्रेन का ध्यान आकर्षित हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री तथा रूस के राष्ट्रपति की यह मुलाकात वैश्विक स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी एवं भारत तथा रूस के लिए अत्यंत सुखद परिणाम लाने वाली तथा भविष्य के लिए भारत रुस मैत्री के मील के पत्थर के रूप में साबित होगी।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी की ऑस्ट्रिया यात्रा में प्रधानमंत्री तथा ऑस्ट्रिया के राष्ट प्रमुख दोनों देशों के मध्य सहयोग के नए-नए रास्ते तलाश करने का प्रयास करेंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर ने अपने बयान में कहा है की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट प्रमुख का स्वागत करने के लिए वह बड़े उत्सुक हैं उन्होंने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा में दोनों देशों के बीच संबंध मधुर होंगे एवं व्यापार के नए रास्ते भी तलाशे जाएंगे उन्होंने कहा कि हम भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के बाद अपने संबंधों को अच्छे से याद करके द्विपक्षी संबंधों को प्रगाढ़ करने एवं भू राजनीतिक चुनौतियों को बेहतरीन सहयोग के साथ सामना करने के अवसर को बढ़ाएंगे। यह तो तय है कि भारत के प्रधानमंत्री की आम चुनाव में तीसरी जीत के पश्चात रूस तथा ऑस्ट्रिया देश की यात्रा राजनीतिक व्यापारिक सामरिक एवं विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाने वाली होगी एवं वैश्विक शांति की स्थापना के संदेश को लेकर भारत विश्व शांति दूत की भूमिका में अपना अहम किरदार निभाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# ब्रिटेन ईरान नेपाल की हुई पारी, अब अमेरिका की बारी


किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर दुनियां में वर्ष 2024 में कुछ देशों में चुनाव हुए, कुछ में होंगे और कुछ देशों में प्रक्रिया शुरू है,जिसमें 5नवंबर 2024 को मुख्यत:अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव होना है, हमनें देखे ब्रिटेन व ईरान में सरकार बदल गई व नेपाल में भी उठापटक शुरू है। उधर फ्रांस में भी सुब्सुबाहट हो रही है।कुल मिलाकर अगर हम विश्व की गतिविधियों सहित रूस-यूक्रेन व इसराइलहमास युद्ध में भी देखें तो युद्ध गुट बंदी और बढ़ती राजनीतिक तकरारों के बीच अगर हम अपने महान भारत देश को देखें तो हमें सुकून मिलेगा कि हमारे देश में राजनीतिक स्थिरता, गुटबंदी से दूर व अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।**

भारतीय पीएम 8-9 जुलाई 2024 को रूस यात्रा पर हैं जिसके लिए रूस पीएम इस मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिमी देश इस यात्रा को ईर्ष्या से देख रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 22 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह आठ-नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। चूंकि अभी ब्रिटेन ईरान नेपाल की हुई पारी,अब अमेरिका की बारी,भारत का हैट्रिक 3.0 सभपर भारी तथा विश्व मेंबदलती सरकारे बढ़ती तकरारो व युद्ध गुटबंदी के बीच भारत के बढ़ते प्रभाव से दुनियां हैरान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा व प्रभाव राजनीतिक स्थिरता व रिकॉर्ड तोड़ने के क्रम को विश्व रेखांकित कर रहा है।

साथियों बात अगर हम ब्रिटेन में बदली हुई सरकार से भारत पर प्रभाव की करें तो,अगर लेबर पार्टी की सरकार भारत के साथ रिश्ते



सुधारने को अपने एजेंडे का हिस्सा बनाती है, तो किएर स्टार्मर के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर दस्तख़त करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। मीडिया मे एक एक्सपर्ट कहते हैं, संभावित विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संकेत दिया है कि वो जल्दी से जल्दी मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करना चाहते हैं और इसके लिए वो जुलाई का महीना ख़त्म होने से पहले ही भारत के दौरे पर जाएंगे। ख़बरों के मुताबिक़ 26 बिंदुओं में से ज़्यादातर पर दोनों देशों में सहमति बन चुकी है।जब ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हुआ था (ब्रेग्ज़िट) तब दावा किया गया था कि इससे प्रवासियों की तादाद में काफ़ी कमी आएगी। लेकिन, ब्रेग्ज़िट के बाद से आज की तारीख़ में ब्रिटेन में प्रवासियों की आबादी सबसे ज़्यादा हो चुकी है।भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर दस्तख़त की राह में एक बड़ा रोड़ा ब्रिटेन आकर बसने वाले भारतीय कामगारों को वर्क परमिट जारी करने का है। लेबर पार्टी का घोषित लक्ष्य ये है कि वो वैध प्रवासियों की संख्या को कम करेगी और अवैध प्रवासियों को ब्रिटेन में दाख़लि होने से रोकेगी।ब्रिटेन में रह रहे बहुत से वैध भारतीय प्रवासी आईटी सेक्टर में काम करने वाले पेशेवर हैं। वो वर्क परमिट पर ब्रिटेन में रह रहे हैं और ब्रिटेन के तकनीकी क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वैसे ब्रिटेन में कुछ अवैध भारतीय प्रवासी भी रहते हैं।इनकी संख्या बहुत कम है।लेबर पार्टी की नीति में हुनरमंद प्रवासियों के कौशल का आर्थिक लाभ लेने के साथ-साथ प्रवासियों की कुल संख्या में कमी लाने के बीच संतुलन बनाने का है। ये पार्टी की व्यापक राजनीतिक और आर्थिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है।ब्रिटेन में रह रहे 6.85 लाख प्रवासियों में सबसे ज़्यादा संख्या भारतीय मूल के लोगों की है।अपने नेशनल हेल्थ सिस्टम और आईटी सेक्टर को दुरुस्त करने के लिए ब्रिटेन को और हुनरमंद के साथ पेशेवर लोगों की दरकार है। इसके साथ-साथ उसकी ख़्वाहिश ये भी है कि ये हुनरमंद लोग सिर्फ़ भारत के न हों, दूसरे देशों से भी आएं। लेबर पार्टी पारंपरिक रूप सेविचारधारा पर आधारित विदेश नीति पर चलती रही है. मानव अधिकारों के रिकॉर्ड लेकर लेबर पार्टी अक्सर भारत और दूसरे देशों की आलोचना करती रही है। भारत की सरकार ने इसे कभी नहीं पसंद किया है।अगर किएर स्टार्मर, भारत के साथ अच्छे रिश्ते क़ायम करना चाहते हैं, तो फिर उनको भारत सरकार को ये यक़ीन दिलाना होगा कि वो ज़्यादा व्यवहारिक विदेश नीति पर चलेंगे। पिछली संसद में लेबर पार्टी के 15 सांसद पाकिस्तानी मूल के थे जबकि भारतीय मूल के केवल 6 सांसद थे। ज़ाहिर है कि लेबर पार्टी की सरकार पर पाकिस्तानी मूल के लोगों का दबाव होगा।अब ये देखना होगा कि ब्रिटेन की नई सरकार इन दोनों के बीच किस तरह संतुलन बनाती है।ब्रिटेन में हुए आम चुनावों में लेबर पार्टी को बड़ी जीत मिली है। लेबर पार्टी 14 साल के बाद सत्ता में वापस आ गई है। इस जीत के साथ ही लेबर पार्टी ने कंज़र्वेटिव पार्टी और ऋषि सुनक को सत्ता से बाहर कर दिया है।

साथियों बात अगर हम ईरान में बदली हुई सरकार से भारत पर प्रभाव की करें तो,ईरान के चुनाव नतीजों का एलान हो गया है और सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियान को नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है। इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में नए राष्ट्रपति के लिए 28 मई को पहले चरण का मतदान हुआ। वहीं 5 जुलाई को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है। उनकी पहचान एक उदारवादी और सुधारवादी नेता के रूप में हैं। अपने चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने ने सख्त हिजाब कानून को आसान बनाने का वादा किया था। भारत ईरान संबंधों पर क्या होगाअसर? भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं।पेजेशकियन के राष्ट्रपति बनने के बाद इन संबंधों के और भी मजबूत होने की संभावना है। वे एकसुधारवादी नेता हैं और वह पश्चिमी देशों से भी संपर्क बढ़ाने के पक्षधर हैं। ऐसे में वह भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता नहीं देंगे, ऐसा होने की आशंका कम ही है। खासतौर पर रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह पर दोनों देशों का फोकस रहेगा। भारत ने इस परियोजना में भारी निवेश किया है और यह बंदरगाह, भारत को पाकिस्तान को दरकिनार कर मध्य एशिया तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। भारत ने चाबहार बंदरगाह टर्मिनल के विकास के लिए 12 करोड़ डॉलर देने का वादा किया है।

# पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को कुचलना होगा


राजेश माहेश्वरी

“जम्मू-कश्मीर में सख्ती के बाद आतंकवादियों मे जम्मू क्षेत्र को अपना नया निशाना बना लिया है। वहां के जम्मू क्षेत्र को शांतिपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ समय में आतंकवादियों ने ताबड़तोड़ कई हमलों से यह क्षेत्र सहम गया है। ये हमले सीमावर्ती जिले पुंछ, राजौरी, डोडा और रियासी में हुए। पिछले कुछ समय से जम्मू क्षेत्र में ऐसे हमले बढ़ते चले जा रहे हैं। जून से लेकर अब तक यहां पर कम से कम 8 ऐसे हमले हुए जिसमें सुरक्षाबलों और आतंकवादियों का सामना हुआ। पिछले कुछ महीनों से आतंकियों की सक्रियता के पीछे जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी शुरु होना माना जा रहा है। आतंकी हमलों और मुठभेड़ के बढ़ते मामलों से यह साफ संकेत मिल रहा है कि पाकिस्तान विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए आतंकियों की घुसपैठ भी हो चुकी है और वे मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देने में लगे हैं।



पाकिस्तान जब आमने-सामने की लड़ाई में हमेशा भारत से हारता रहा तो उसने आतंकवाद रूपी छद्मयुद्ध या फॉक्सी वार शुरू किया। इन आतंकियों को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर बरगलाया जाता है तथा पैसे और हथियार देकर आतंकवादी हमला करने भेजा जाता हैं। पाकिस्तानी आर्मी और खुफिया एजेंसी आईएसआई इन्हें प्रशिक्षण देती है और लांचिग पैड से इन्हें सीमा पार कराया जाता है। ये आतंकी गुप्त सुरंगों, नालों या जंगल के रास्ते से होकर जम्मू-कश्मीर में दाखिल होते हैं। भारत ने बालाकोट में बड़े आतंकी प्रशिक्षण शिविर को सर्जिकल स्ट्राइक कर नष्ट किया था।

केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 रद्द किए जाने और आल इंडिया हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं को हवाला के जरिए मिलनेवाली फंडिंग को रोक दिए जाने के बाद से कश्मीर घाटी में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगी थी। जो नेता आतंक को बढ़ावा देकर आए दिन कश्मीर में हड़ताल और सुरक्षा बलों पर पथराव कराते थे उन्हें जेल भेजा गया। जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद ऐसे शरारती तत्वों के हौसले पस्त हो गए थे। पाकिस्तान ने भी भारत में ऐसी सख्त सरकार देखी जो आतंकियों को घर में घुसकर मारने की इच्छाशक्ति और क्षमता रखती थी। अन्यथा एक ऐसा भी समय था जब श्रीनगर के लाल चैक में तिरंगा फहराना टेढ़ी खीर था। यह सारा माहौल बदला और अलगाववादी तत्वों की शरारत पर अंकुश लगा। इतने पर भी बौखलाए हुए आतंकवादी अपनी चुनी हुई जगह व समय पर अचानक हमले को अंजाम देते हैं। सुरक्षाबलों की सख्ती के चलते कश्मीर तो फिर भी शांत है, लेकिन जम्मू दहशतगर्दो का नया ठौर बनता दिख रहा है। वे नागरिकों, तीर्थयात्रियों समेत सेना पर भी घात लगाकर हमले कर रहे हैं। ताजा हमला कठुआ में हुआ। जम्मू के कठुआ जिले मे बीते आठ जुलाई को सेना की गाड़ी पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए। घात लगाकर किए गए अटैक के बाद से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। तीन दिनों के भीतर यह सेना पर दूसरा हमला है। कठुआ वही इलाका है, जो कश्मीर के सबसे अस्थिर दौर में आतंकियों की पनाहगाह बना हुआ था. लेकिन ऐसा क्या हुआ है, जो आतंकी एक बार फिर जम्मू की तरफ मुड़ रहे हैं। जम्मू, खासकर कठुआ आतंक का नया केंद्र है, जो 90 के दशक में भी टैररिस्ट्स का ठिकाना हुआ करता था। अब एक बार फिर ऐसा दिख रहा है कि दहशतगर्दो ने कठुआ को अपना ठिकाना बना लिया है। दरअसल इस जिले की बनावट ऐसी है कि यहां छिपना-छिपाना आसान है। जंगलों से सटे क्षेत्र में हमले के बाद आतंकी गायब हो सकते हैं, जैसा ताजा केस में दिख रहा है। लेकिन एक बड़ी वजह और भी है, जो है इसकी जिओग्राफी। जिले के एक तरफ पाकिस्तान की सीमा सटती है, तो दूसरी तरफ हिमाचल और पंजाब हैं। कठुआ उधमपुर, सांबा और डोडा जिलों से भी लगा हुआ है। नब्बे के दशक में कठुआ सुरक्षा बलों का बेस भी हुआ करता था ताकि आतंक पर रोक लगाई जा सके। साफ दिख रहा है कि कश्मीर में तो शांति है, लेकिन आतंकवादी जम्मू को घेर रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह ये है कि धारा 370 हटने के बाद से घाटी में सुरक्षाबल भारी संख्या में बना हुआ है। वहां सेंध लगाना बेहद मुश्किल है। शायद इसी वजह से पाकिस्तान स्थित आतंकी जम्मू को निशाना बनाने की कोशिश में हैं। साल 2023 में भी ऐसी कोशिश हुई थी, जब जम्मू में 43 टेरर अटैक दर्ज किए गए। वहीं बरसात में मामला और संवेदनशील हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तेज बारिश के दौरान मॉनिटरिंग सिस्टम पर असर होता है, जैसे फेंसिंग और इंफ्रारेड लाइट्स कमजोर या खराब हो जाती हैं। इसका फायदा आतंकी उठाते हैं और सीमा पार से आकर आतंक मचा जाते हैं। गत माह रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस पर आतंकी हमले ने भी यह साबित किया कि आतंकी क्षेत्र में खौफ पैदा करना चाहते हैं। वे सेना के शिविरों पर भी हमले कर रहे हैं। जम्मू में अचानक हिंसा बढ़ने के पीछे एक वजह सीमा पार आतंकियों की रहस्यमयी हत्याओं को भी माना जा रहा है। बता दें कि सीक्रेट किलर्स ने कुछ समय में आईएसआई के आमिर हमजा की गोली मारकर हत्या कर दी। हमजा फरवरी, 2018 को जम्मू के सुंजवान कैंप पर हुए हमले का मास्टरमाइंड था। मुख्य आतंकी की मौत के बाद से पाकिस्तान काफी बौखलाया हुआ था। सुरक्षाबल वैसे तो काफी चैकन्ना हैं। लेकिन जम्मू की यही जिओग्राफी परेशान करने लगी है। यही कारण है कि सिक्योरिटी फोर्स घने जंगलों जहां कोई आता-जाता नहीं, वहां भी चेकपॉइंट्स बना रही है। घाटी में कई टैररिस्ट गुट एक्टिव हो चुके हैं जिनके आगे-पीछे कोई नहीं दिखता. यानी वे हाल ही में बने और खुद को इंडिपेंडेंट बताते हैं। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जम्मू कश्मीर गजवनी फोर्स, कश्मीर टाइगर्स और पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट इन्हीं में से हैं। टीआरएफ का अस्तित्व धारा 370 हटाने टीआरएफ, जम्मू कश्मीर गजवनी फोर्स, कश्मीर टाइगर्स और पीपल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट इन्हीं में से हैं। टीआरएफ का अस्तित्व धारा 370 हटाने बाद संगठन कई दूसरे बड़े आतंकी गुटों के साथ मिला हुआ दिखा। वैसे ये जैश-ए-मोहम्मद का प्रॉक्सी है, यानी उसे कवर करने का काम करता है।

# त्वरित न्याय के लिए एक प्रयास

**इंशा वारसी**



भारतीय न्याय (दूसरा) संहिता, जिसे लोकसभा द्वारा पारित किया गया है, 164 साल पुरानी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को बदलने का प्रयास करता है और दो अन्य विधेयकों-भारतीय नागरिक सुरक्षा विधेयक, 2023 के साथ राज्यसभा में पारित होने के लिए विचार किया जा रहा है, जो दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्या विधेयक, 2023 की जगह लेगा, जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेगा। सबसे लंबे समय तक, यह माना गया है कि भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार आवश्यक है। औपनिवेशिक युग से उपजे मौजूदा कानून अब भारतीय समाज की वर्तमान गतिशीलता और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक विधेयकों को पेश करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इन तीन नए कानूनों की आत्मा संविधान द्वारा दिए गए नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, इसका उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं होगा, बल्कि न्याय देना होगा और इस प्रक्रिया में जहां अपराध की रोकथाम की भावना पैदा करने की आवश्यकता होगी, वहां सजा दी जाएगी। जबकि बहस व्यापक रूप से राजद्रोह के आरोपों (धारा 124ए) को हटाने और नए भारतीय न्याय संहिता विधेयक में इसी तरह के प्रावधानों को पेश करने के इर्द-गिर्द है, विधेयक में एक गहरी डुबकी से पता चलता है कि चर्चा ने केवल सतह को खरोंच कर दिया है और इसमें और भी बहुत कुछ है।

**प्रमुख मुद्दे:** आपराधिक जिम्मेदारी की न्यूनतम आयु कई अन्य न्यायालयों की तुलना में अधिक है आपराधिक जिम्मेदारी की आयु न्यूनतम आयु को दर्शाती है जिस पर एक बच्चे पर आरोप लगाया जा सकता है और अपराध के लिए दंडित किया जा सकता है। किशोरावस्था के व्यवहार को मस्तिष्क जीव विज्ञान कैसे प्रभावित करता है, इस बारे में हमारी समझ में प्रगति ने बच्चों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेही के स्तर पर पूछताछ करने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय दंड संहिता (आई. पी. सी.) के अनुसार सात साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा की गई कार्रवाई को अपराध नहीं माना जाता है। यदि कोई बच्चा, अपने आचरण की प्रकृति और परिणामों को समझने में असमर्थता के कारण, आपराधिक जिम्मेदारी की कमी पाया जाता है, तो यह आयु सीमा 12 वर्ष तक बढ़ा दी जाती है। नए विधेयक के प्रावधान इन मानदंडों को बनाए रखते हैं। यह आयु अन्य देशों में आपराधिक जिम्मेदारी की आयु से कम है। आपराधिक जिम्मेदारी की आयु विश्व स्तर पर भिन्न होती है। उदाहरण के लिए, जर्मनी ने इसे 14 वर्ष निर्धारित किया है, जबकि इंग्लैंड और वेल्स में, सीमा 10 वर्ष है। स्कॉटलैंड में आपराधिक जिम्मेदारी की आयु 12 वर्ष निर्धारित की गई है। इस बीच, 2007 में, संयुक्त राष्ट्र समिति ने सिफारिश की कि राज्यों को आपराधिक जिम्मेदारी की आयु 12 वर्ष से कम नहीं स्थापित करनी चाहिए। आपराधिक जिम्मेदारी की आयु न्यूनतम आयु को दर्शाती है जिस पर एक बच्चे पर आरोप लगाया जा सकता है और अपराध के लिए दंडित किया जा सकता है। किशोरावस्था के व्यवहार को मस्तिष्क जीव विज्ञान कैसे प्रभावित करता है, इस बारे में हमारी समझ में प्रगति ने बच्चों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेही के स्तर पर पूछताछ करने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय दंड संहिता (आई. पी. सी.) के अनुसार सात साल से कम उम्र के बच्चे द्वारा की गई कार्रवाई को अपराध नहीं माना जाता है। यदि कोई बच्चा, अपने आचरण की प्रकृति और परिणामों को समझने में असमर्थता के कारण, आपराधिक जिम्मेदारी की कमी पाया जाता है, तो यह आयु सीमा 12 वर्ष तक बढ़ा दी जाती है। नए विधेयक के प्रावधान इन मानदंडों को बनाए रखते हैं। यह आयु अन्य देशों में आपराधिक जिम्मेदारी की आयु से कम है। आपराधिक जिम्मेदारी की आयु विश्व स्तर पर भिन्न होती है। उदाहरण के लिए, जर्मनी ने इसे 14 वर्ष निर्धारित किया है, जबकि इंग्लैंड और वेल्स में, सीमा 10 वर्ष है।

स्कॉटलैंड में आपराधिक जिम्मेदारी की आयु 12 वर्ष निर्धारित की गई है। इस बीच, 2007 में, संयुक्त राष्ट्र समिति ने सिफारिश की कि राज्यों को आपराधिक जिम्मेदारी की आयु 12 वर्ष से कम नहीं स्थापित करनी चाहिए। भारतीय न्याय संहिता में बीस नए अपराध जोड़े गए हैं आईपीसी में मौजूद उन्नीस प्रावधानों को हटा दिया गया है 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा शुरू की गई है छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा दी गई है।

## झंडा बुलंद सच का है सारे जहान में, चर्चा हुसैनियत का ज़मीं आसमान में

माह मोहर्रम आ गया। हर तरफ़ हुसैन हुसैन की सदायें बुलंद होने लगीं। हर ख़ास ओ आम दरे इमाम हुसैन की तरफ़ ज़ौक़ तो शौक़ से बढ़ने लगा। कहीं मजलिस कहीं तक़रीर, कहीं नौहा कहीं मातम, कही जुलूस कहीं सबीलें दिखाई पड़ने लगीं। इमाम हुसैन बेशक निवासए रसूल थे, जब रसूल अल्लाह के दीन इस्लाम पर इस्लाम के नाम से बेदीनी छाने लगी। झूठ को सच बताया जाने लगा तो, इमाम हुसैन ने अपने नाना के सच्चे दीन को बचाने के लिए अपना सब कुछ क़ुरबान कर दिया। अब ता क़यामत इस्लाम अपनी तमाम ख़ुसूसियात के साथ सर बुलंद रहे गा। कोई भी ताक़त कितने भी जतन कर ले न इम्माम हुसैन का नाम मिट सकता है और न ही उन का मिशन। आज दुनियां के सारे धर्मावलंबी इमाम हुसैन का ज़िक्र बड़े एहतराम से करते हैं। अपनी अपनी तरह से उनकी बेमिसाल क़ुरबानी की याद मनाते हैं, उन्हें पता है कि इमाम हुसैन ने अज़ीम क़ुरबानी दे कर इंसानियत को ज़िन्दगी बख़्श दी है। आज हर कौम हर मिल्लत का आदमी कहता है हुसैन हमारे हैं। यहां यह बात साबित हो जाती है कि इंसानियत दरअसल इस्लाम ही का दूसरा नाम है। झूठे मक्कार लोगों ने इस्लाम का लिबादा ओढ़ कर उसे बदनाम कर दिया। आज से हज़ारों साल पहले मक्का की वादी में हज़रत इब्राहीम ( जिन्हें एब्राहम भी कहा जाता है ) ने अपने बेटे जनाबे इस्माईल की क़ुर्बानी अल्लाह के हुक्म से दिया , मगर अल्लाह ने उन्हें बचा कर उनकी जगह एक दुम्बा ( भेंड़ की एक प्रजाति ) भेज दिया, इस्माईल बच गए तो हज़रत इब्राहीम ने दुआ की कि मेरी क़ुरबानी क्यों क़ुबूल न हुई, अल्लाह ने कहा कि मैं ने इन की जगह एक बड़ी क़ुरबानी को खास कर दिया, जो तुम्हारी ही औलाद दे गी। जब इस्लाम पर सब से ज़्यादा सख़्त घड़ी आये गा। मक्का में उन्हीं की औलादें फली फूलीं, समय के साथ उन में बुराइयां आती गई, मगर एक घराना उन बुराइयों से सदा दूर रह। जिसे बानी हाशिम कहते हैं। उसी घराने में रसूले ख़ुदा मोहम्मद साहब और मौला अली पैदा हुए। मोहम्मद साहब ने झूठों के बीच सच और इंसानियत का आंदोलन छेड़ा तो मक्का वाले उन के दुश्मन हो गए। मगर उसकी सच्चाई और अमानतदारी को झुठला न सके। दुश्मनी करते रहे मगर सादिक़ ( सच्चा ) और अमीन कहकर अपनी अमानतें उन के पास रखते रहे। अरब का समाज उस समय बहुत बिगड़ा हुआ था, ऐसे में मोहम्मद साहब ने तमाम मुसीबतों का सामना करते हुए अपना आंदोलन जारी रखा। यह आंदोलन इंसानियत का आंदोलन था। जब मक्का वाले उन के कत्ल पर उतर आए तो वह मदीना चले गए। अब मदीना इस्लाम का केंद्र बन चुका था मगर मक्का की अज़मत बरक़रार रही। क्योंकि वहां अल्लाह का घर ( काबा ) है। मदीना में लाखों लोग मुसलमान बन गए, मगर मोमिन कुछ ही लोग थे, ( इस का गवाह पवित्र कुरआन है ), इस लिए वक़्त गुज़रने के साथ विचारों में बदलाव आने लगे। सच्चे लोगों पर झूठे लोग हाकिम बन गए और इस्लाम को अपनी मर्ज़ी का निज़ाम बना कर रख दिया। कहने को सभी मुसलमान थे मगर इस्लाम से बहुत दूर थे। ऐसे में इमाम हुसैन ने इंसानियत को ज़िन्दगी देने के लिए अपने घर वालों और कुछ साथियों के साथ मैदान करबला में क़ुरबानी देकर हमेशा के लिए इंसानियत और इस्लाम को बचा लिया।

**इंजीनियर मेहदी अब्बास रिज़वी**

# राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के पुनीत कार्य में प्रत्येक युवा को आगे आना चाहिए

**अभाविप के 75वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन**




**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर द्वारा अभाविप के 75वें स्थापना दिवस राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के सुअवसर पर संगोष्ठी का आयोजन का.सु साकेत महाविद्यालय के जेपीएन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता शिवम मिश्रा प्रांत स्न्नष्ठ संयोजक अवध प्रांत,मुख्य अतिथि प्रो विक्रमा प्रसाद पांडेय महानगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर,मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह महानगर अध्यक्ष डॉ आलोक सिंह, महानगर मंत्री सत्यम दुबे इकाई अध्यक्ष साकेत महाविद्यालय मानवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिवम मिश्रा ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि इच्छा शक्ति के बल पर असंभव कार्य को भी संभव बनाया जा सकता है। अभाविप अपने 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है जिसमें देश के युवा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जुड़कर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करेंगे ।मुख्य अतिथि प्रो विक्रमा प्रसाद पांडेय ने कहा कि युवा चेतना सामाजिक परिवर्तन का वाहक है।युवा आयु के आधार पर नहीं कहा जाता बल्कि कुछ कर लेने की ठान लेने वाला,असंभव को भी संभव बनाने के लिए प्रयत्नशील रहने वाला ही युवा है।समस्या को समाधान व परेशानी को अवसर में बदलने वाला युवा होता है। विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्ष की ध्येय यात्रा में युवाओं के ऐसे ही चरित्र को गढ़ने का काम किया है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विद्यार्थी परिषद ने इसी प्रकार से निरंतर विद्यार्थियों के अंदर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य किया है। विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को पुस्तक की पढ़ाई से बाहर निकाल कर उन्हें सामाजिक शैक्षणिक संदर्भों की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराती है।

# कौशल विकास मंत्री ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा से उनके लखनऊ स्थित मंत्री आवास पर मुलाकात की। इस भेंट में दोनों मंत्रियों ने विभिन्न राजनीतिक और विभागीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

कपिल देव अग्रवाल ने इस मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र मुजफ्फरनगर (सदर) में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के बारे में ए. के. शर्मा को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति और सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। इस मुलाकात के दौरान, दोनों मंत्रियों ने विभागीय समन्वय और विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया। अग्रवाल ने अपने क्षेत्र की समस्याओं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के संबंध में भी सुझाव दिए।

# ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ जूनियर शिक्षक संघ 11 जुलाई को करेगा प्रदर्शन



**लखनऊ।** ऑनलाइन उपस्थिति और डिजिटलाइजेशन के खिलाफ शिक्षकों का विरोध अनवरत जारी है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से भी 11 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। मंगलवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक अहमदपुर में संघ की हुई। संयुक्त कार्यसमिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक मांग नहीं पूरी होगी, तब तक शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी बिल्कुल नहीं देगा।

मंगलवार को हुई बैठक में जिला सरंक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक के हित की लगातार लड़ाई लड़ी जा रही है। संगठन लगातार इसका विरोध करता आया है और आगे भी करता रहेगा। हमारे संगठन के आवाह्न पर इस समय शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में उपयोग होने वाले 12 रजिस्टरों के डिजिटलाइजेशन करने के साथ ही शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की हाजिरी भी ऑनलाइन लगाने के निर्देश दिए हैं। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक संघ इस व्यवस्था का विरोध लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों में इस व्यवस्था के खिलाफ रोष व्याप्त है और 11 जुलाई को भी हजारों शिक्षकों के साथ में विरोध करेगा। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि हम लोगों की बातों को जाने बिना और मांगों को पूरा किए बिना ही जबरदस्ती एक तुगलकी फरमान जारी करके आनलाइन उपस्थिति ली जा रही है। पहले 15 जुलाई से शिक्षकों की हाजिरी ली जानी थी, लेकिन शिक्षकों के विरोध और संगठन के 15 जुलाई को विरोध प्रदर्शन के प्रादेशिक आवाह्न को देखते हुए एक सप्ताह पहले ही उपस्थिति का आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन लगातार इसका विरोध करता रहेगा। हम लोग अपनी मांगों को पूरा हुए बिना बिल्कुल ही हाजिरी नहीं देंगे। महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी समन्वय समिति डिजिटाइजेशन व्यवस्था का पूर्ण बहिष्कार कर रहा है। डिजिटाइजेशन व्यवस्था के नाम पर जनपद के शिक्षक/ शिक्षामित्र/ अनुदेशक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का किसी प्रकार का उत्पीड़न किया गया तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उपाध्यक्ष पन्नालाल और शांति अकेला ने कहा कि उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, उर्दू शिक्षक संघ, एससीएसटी शिक्षक संघ, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन, प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, अनुदेशक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी के साथ में मिलकर विरोध प्रदर्शन करेगा।

# शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार से मिले राहुल गांधी

**शहीद की मां बोलीं- अग्निवीर योजना ठीक नहीं**





**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और विभिन्न संगठनों से मुलाकात के अलावा सियाचीन में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार से भी मुलाकात की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए शहीद की मां ने राहुल की तारीफ की साथ ही अग्निवीर योजना की मुखालफत की। उन्होंने बताया कि जिस तरह राहुल गांधी कह रहे हैं, उससे उम्मीद है कि अग्निवीर योजना खत्म होगी। मंजू सिंह ने कहा कि राहुल गांधी से मिलने के बाद लगा कि वे फौजियों को लेकर बहुत गंभीर हैं और उनके बारे में सोचते हैं। शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मां मंजू सिंह बेटे को याद कर भावुक हो गईं। बताया कि अंशुमान उनके बड़े बेटे थे और अभी उनकी एक बेटी और बेटे छोटे हैं जो पढ़ रहे हैं। राहुल गांधी से प्रभावित हुई मंजू सिंह ने बताया कि राहुल गांधी को उन्होंने राष्ट्रपति भवन में तब देखा था। जब वह शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को मिले कीर्ति चक्र सम्मान को हासिल करने पहुंची थीं। बताया कि राहुल को जब वह संसद में बोलते हुए सुनती थीं तो इच्छा थी एक बार उनसे मिलने की। जब इच्छा जाहिर की तो फोन नंबर लिया और फिर रायबरेली में मिलने का समय मिला। मंजू सिंह ने कहा फौज में अग्निवीर योजना सही नहीं है। बताया कि राहुल गांधी से इस मसले पर बात हुई तो इस दौरान लगा कि वह इस योजना पर रोक लगा कर रहेंगे। शहीद कैप्टन अंशुमान के पिता रवि प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी एक अच्छे इंसान है। इसी कारण उनसे मिला हूं। बताया कि राहुल गांधी ने उनसे कहा कि जो बलिदान शहीद अंशुमान सिंह ने दिया है। उसका ऋणी पूरा देश रहेगा और आपके बेटे की शहादत पर पूरे देश को

# इण्टरनेशनल टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड में सी.एम.एस. शिक्षिकाओं का प्रशंसनीय प्रदर्शन




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की सात शिक्षकाओं ने इण्टरनेशनल सेन्टा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सी.एम.एस. की अनूठी शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। सी.एम.एस. की इन शिक्षिकाओं में सुश्री कीर्ति निगम, सुश्री बेनू अमर, सुश्री श्वेता प्रसाद, सुश्री सुबुही सैयद, सुश्री दीपिका शुक्ला, सुश्री सरिता पीवी एवं सुश्री शालिनी इपाधिसी शामिल हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में सी.एम.एस. शिक्षिकाओं ने अलग-अलग विषयों में अपनी शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है, जिनमें सुश्री कीर्ति निगम ने मिडिल स्कूल कम्प्यूटर साइंस, सुश्री बेनू अमर ने मिडिल स्कूल इंग्लिश, सुश्री श्वेता प्रसाद ने मिडिल स्कूल सोशल स्टडीज, सुश्री सुबुही सैयद ने मिडिल स्कूल इंग्लिश, सुश्री दीपिका शुक्ला ने मिडिल स्कूल इंग्लिश, सुश्री सरिता पीवी ने मिडिल स्कूल मैथमेटिक्स एवं सुश्री शालिनी इपाधिसी ने मिडिल स्कूल मैथमेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सी.एम.एस. का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन शिक्षिकाओं को बधाई दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड (टी.पी.ओ.) का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षणेतर प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करना है। इस अनूठी प्रतियोगिता में विषयवार ज्ञान, अनुभव एवं उच्च शैक्षणिक मानकों के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाता है। इस प्रकार, इस ओलम्पियाड द्वारा शिक्षकों की क्षमताओं को पहचानकर एवं उनकी प्रतिभाओं का विकास कर शिक्षणेतर कार्यों में उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# रेलवे अंडर पास में भरा पानी

**अयोध्या।** लगातार हो रही बरसात ने तराई के क्षेत्रों में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को परेशान किया है। कई गांव में जल भराव से रास्ते बंद हैं। बीर भानुपुर रेलवे अंडर पास में कमर तक पानी आ जाने से पूरे गांव का रास्ता बंद हो गया। लगभग 5 हजार की आबादी घरों में कैद होकर रह गई है। मामला रेलवे का होने से स्थानीय प्रशासन ने हाथ खड़े कर लिए हैं।रेलवे फाटक सोहावल से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को जाने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क किसी तालाब का हिस्सा नजर आती है। मरीजों को अब अस्पताल तक जाने के लिए लगभग 4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पानी में डूबे सड़क के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है नाला निर्माण कर रहे नगर पंचायत के ठेकेदार ने जल निकासी को बंद कर निर्माण रोक रखा है। सुचित्तागंज बाजार के मध्य से आह्लाद का पुरवा की सड़क पानी में डूबी है। लोगों का आवागमन बंद है।

# आम जनता और पशुओं का जीवन संकट में है : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी में बाढ़ की विभीषिका से लाखों लोग प्रभावित है। लेकिन भाजपा सरकार या तो बेख़बर है या संवेदनशून्य है। राज्य के सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में है। फसलें नष्ट हो गयीं। आम जनता और पशुओं का जीवन संकट में है। मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। किसानों की स्थिति बहुत ही खराब है। बाढ़ पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिल रही है। यह सरकार किसी भी पीड़ित की सुध क्यों नहीं लेती है? यह आशंका अब सही साबित होती दिखती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार से भाजपा इतना परेशान है कि वह मतदाताओं से बदला लेने पर उतारू है। बरेली, गोण्डा, गोरखपुर, श्रावस्ती, बहराइच, संतकबीर नगर, पीलीभीत, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया आदि दो दर्जन से ज्यादा जनपदों की हालत बहुत खराब है। लाखों लोगों का जनजीवन पूरी तरह बाढ़ से अस्त-व्यस्त है। पीलीभीत में नदी का जलस्तर बढ़ने पर रेलवे लाइन की पुलिया ही बह गई। ताजनगरी आगरा में जगह-जगह सड़के धंस गई। स्कूल-अस्पताल प्रभावित हैं। भाजपा सरकार ने बाढ़ को लेकर पहले से कोई तैयारी नहीं की। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की लापरवाही, निष्क्रियता और भ्रष्टाचार से कई शहरी इलाके भी जलभराव से प्रभावित है। जलभराव से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

# उप नारकोटिक्स आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं को किया सम्मानित



**लखनऊ।** नेहरू युवा केन्द्र लखनऊ के तत्वावधान में आज लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सभागार में नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री के आवाह्न एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त बृजेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम मे गरिमामयी उपस्थिति पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद, एवं सहायक नारकोटिक्स आयुक्त अनिल कुमार विश्वकर्मा, एवं एकल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विभाग दुर्गेश त्रिपाठी, फैमिली हेल्थ इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक धर्मेंद्र त्रिपाठी की उपस्थिति रही।नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से जनपद के सभी विकास खंडो में कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया, साथ ही साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों पर भी चर्चा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप नारकोटिक्स आयुक्त ने अपने सम्बोधन में उपस्थित युवाओं को उनके द्वारा किए जा रहे कार्य के लिए बधाई दी और साथ ही साथ नारकोटिक्स विभाग द्वारा नशे के रोकथाम के लिए जो कार्य किये जा रहे है उसके विषय पर भी जानकारी दी जैसे कि नसीली पदार्थों की उपलब्धता को कम करना और उसके मांग में भी कमी लाने का कार्य किया जा रहा हैं, जिसको सफल बनाने के लिए आप जैसे युवाओं की विशेष सहयोग की आवश्यकता है। और सभी को नशे से दूर रहने की सलाह दी, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने भी सभी युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही और सभी को पर्यावरण को बचाये रखने में अपनी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की बात कही, तत्पश्चात सहायक नारकोटिक्स आयुक्त और दुर्गेश त्रिपाठी ने भी युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ बिना परिणाम के परवाह किए निरन्तर कार्य करने की बात कही।

# शामली में कथित लिंचिंग की उच्च स्तरीय जांच हो

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने शामली के थाना भवन थाना क्षेत्र में कथित मॉब लिंचिंग से फिरोज की मौत मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पार्टी ने घटना की सोशल मीडिया पर रिपोर्टिंग करने वाले दो मुस्लिम पत्रकारों जाकिर अली त्यागी व वसीम अकरम त्यागी सहित तीन पत्रकारों के खिलाफ नए आपराधिक कानून की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कड़ी निंदा की है। भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव बाद प्रदेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा अपराध की घटनाएं बढ़ गई हैं। शामली की घटना से पहले अलीगढ़ में 18 जून को फरीद उर्फ औरंगजेब की मॉब लिंचिंग में मौत और 30 जून को बुलंदशहर में दो भाइयों तंजीम व फैजान पर भीड़ हिंसा हुई थी। नफरती राजनीति, आरोपियों के प्रति संरक्षणकारी भूमिका और प्रसाशन द्वारा कड़ी कार्रवाई न किये जाने से इस तरह की घटनाओं को शह मिल रही है। माले नेता ने कहा कि शामली में फिरोज की 4 जुलाई को मॉब लिंचिंग से मौत के दावे पर पत्रकारों के खिलाफ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना पत्रकारिता और प्रेस की आजादी पर हमला है। ये मुकदमे जिनमें तीन पत्रकारों सहित अल्पसंख्यक समुदाय के तीन व्यक्तियों को नामजद किया गया है, रद्द किए जाने चाहिए। पुलिस अपने दावे को थोपना चाहती है कि मौत मॉब लिंचिंग से नहीं, बल्कि हाथापाई या अन्य कारण से हुई। जबकि परिजनों के अनुसार घटना के बमुश्किल दो घंटे के अंदर मौत हुई।

# राप्ती की विनाशलीला: बाढ़ में डूबे 28 गांव, राहत के लिए प्रशासन की ओर देख रहे लोग



**लखनऊ।** श्रावस्ती जिले के जमुनहा क्षेत्र में राप्ती के घटे जलस्तर के साथ ही तबाही के निशान दिखने लगे हैं। जबकि इकौना क्षेत्र में राप्ती की विनाशलीला जारी है। घटते जलस्तर के साथ राप्ती की उग्र लहरें अपने किनारों पर तेजी से कटान कर रही है। जिनकी जद में आने से कई बीघा कृषि भूमि कट कर नदी की धारा में विलीन हो रही है। वहीं, इकौना व कटरा क्षेत्र में बाढ़ से डूबे गांवों में लोग राहत के लिए प्रशासन की ओर निहार रहे हैं। राप्ती नदी का जलस्तर धीरे धीरे घट रहा है। जमुनहा के राप्ती बैराज पर नदी का जलस्तर मंगलवार को खतरे के निशान 127.70 से घट कर 127.45 मीटर पहुंच गया। जो खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर नीचे है। घटे जलस्तर के कारण जमुनहा, गिलौला व हरिहरपुररानी विकास क्षेत्र में नदी की उग्र लहरें अपने किनारों पर तेजी से कटान करने लगी हैं। साथ ही नदी का पानी निकलने के बाद राप्ती की तबाही के निशान भी दिखाई देने लगे हैं। गोड़धोई के लिए चार माह पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं लालपुर गांव के पास सड़क पर बने साइफन की मिट्टी व डामर उखड़ गया। गिलौला के कचनापुर व बिशुनापुर गांव में बनी सड़क व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। यही हाल कछार के अन्य गांवों का भी है। जहां राप्ती की बाढ़ में गांव को जोड़ने वाले कई मुख्य व संपर्क मार्ग बाढ़ व कटान की भेंट चढ़ गए। इतना ही नहीं खेतों में लगी मक्का, अरहर, मेंथा सहित सब्जी की फसल को भारी नुकसान बताया जा रहा है। कई गांवों में रोपे गए धान के ऊपर बाढ़ का मलवा आ जाने से पुसल दिखाई नहीं दे रही है। इकौना क्षेत्र में जारी है राप्ती की विनाश लीला भिनगा व जमुनहा तहसील क्षेत्र के गांवों को भले ही बाढ़ की विभीषिका से राहत मिल गई हो लेकिन इकौना तहसील क्षेत्र के गांवों में बाढ़ की विभीषिका अभी जारी है। इकौना तहसील क्षेत्र के करीब 28 गांव अब भी बाढ़ से घिरे हुए हैं।

# प्रयागराज में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए बुनियादी सुविधाओं का कार्य युद्ध स्तर पर : जयवीर सिंह



**महाकुंभ के आयोजन के दृष्टिगत प्रयागराज के प्राचीन एवं पौराणिक महत्व के मंदिरों का सौन्दर्यीकरण का कार्य महाकुंभ से पूर्व पूरा कर लिया जायेगा**

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के आयोजन के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। पर्यटन विभाग की ओर से मंदिरों के विकास, सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने आने वाले पर्यटक स्थानीय मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने जाते हैं। राज्य सरकार ने संगमनगरी में पर्यटन स्थलों के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि स्वीकृत की है।

यह जानकारी पर्यटन मंत्री ने देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग दुनिया के इस सबसे बड़े मेले को पर्यटन की दृष्टि से एक अवसर के रूप में ले रहा है। इस दौरान प्रयागराज के विभिन्न पर्यटन स्थलों तथा प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग की जायेगी। देश-विदेश से इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में पर्यटन विभाग महाकुंभ के लिए विभिन्न परियोजनायें शुरू की है। उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ से पहले सभी अवस्थापना सुविधाओं का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने, दर्शन, स्नान आदि के लिए उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही है। जिससे श्रद्धालु एक शानदार एवं यादगार अनुभव लेकर जायें और दूसरों से भी उ0प्र0 की अवस्थापना सुविधाओं के बारे में चर्चा करें।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि कुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेले का गौरव प्राप्त है। मेले की शुरुआत से पहले प्रयागराज के सभी पौराणिक महत्व वाले मंदिरों को सजाया-संवारा जा रहा है। संगम नगरी के अलग-अलग क्षेत्र के मंदिरों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की योजना मूर्त रूप ले रही है। करोड़ों रुपए की लागत से मंदिरों के गेट, बाउंड्रीवाल, घाट का निर्माण, भवन का विस्तारीकरण तथा आसपास के क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। लोगों के बैठने के लिए बेंच, पीने के पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं/पर्यटकों को मंदिर परिसर में जरूरत के अनुसार छाया मिले, इसके लिए शेड की व्यवस्था की जा रही है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में शूलकंटेश्वर मंदिर, अरैल का पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण लगभग 1.28 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। दशाश्वमेध मंदिर दारागंज का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण लगभग 02 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है।

द्वादश माधव मंदिर का पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण लगभग 12.34 करोड़ से कराया जा रहा है।

# बाबा मंशा नाथ मंदिर मार्ग ले रहा आस्था की परीक्षा, सावन माह में शिव भक्तों को होगी पीड़ा

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में पौराणिक बाबा मंशा नाथ मंदिर है। आपको बता दें कि बाबा मंशा नाथ के आने और जाने के लिए मार्ग तो है लेकिन इस मार्ग को बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा आधा अधूरा बनवाया गया है। कस्बे के पीपल चौराहा से गुलाब बड़ी चुंगी तक रोड की स्थित बिल्कुल दयनीय है जगह-जगह सड़क गड्ढे और उसमें कंक्रीट आदि पड़े देखे जा सकते हैं। कस्बे की सड़क पीपल चौराहा से गुलाब बाड़ी चुंगी तक बिल्कुल जर्जर अवस्था में है। यूं तो सूबे की डबल इंजन सरकार धार्मिक स्थलो को लेकर काफी सजग रहती हैं लेकिन बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार सड़कों को लेकर लगातार सड़को को दुरुस्त कराने के लिए लंबे-लंबे वादे करती रहती है लेकिन जल्दी होता कुछ भी नहीं और जो बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार के द्वारा सड़कों का निर्माण कराया गया उन सभी में भ्रष्टाचार होने की शिकायत जिला अधिकारी महोदय एवं मंडल आयुक्त महोदय लखनऊ से की गई जिसकी जांच नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सच प्रभात चौधरी के पास लंबित बताई गई है। आगामी सावन माह को लेकर बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार के मुखिया एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के द्वारा अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिससे सावन माह में आने वाले शिव भक्ति कांवरिया को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आपको बताने की कस्बे के पौराणिक बाबा मंशा नाथ मंदिर पर सावन माह में मेला लगता है और आने जाने वाले कांवड़ियों को काफी परेशानी होगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला सह संयोजक सार्थक मिश्रा एवं सुनील ने बताया कि पौराणिक मंदिर होने के नाते यहां हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना एवं कांवर चढ़ाने के लिए आते हैं सड़क जर्जर होने के चलते शिव भक्त कावरियों को परिक्रमा एवं दंडवत करने में काफी दिक्कतें होंगी लेकिन नगर पालिका के ट्रिपल इंजन सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।वही बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला रफ़ैयत गंज स्थित प्राचीन शिवाला मंदिर को जाने वाले मार्ग की भी स्थिति काफी दयनीय है प्राचीन शिवाला मंदिर में भी कस्बे सहित आसपास के गांव से सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त कांवरिया कांवर को चढ़ाने आते हैं।

## भाषा वि.वि. में समर्थ पोर्टल से प्रवेश प्रारंभ

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ एडमिशन प्रक्रिया samarth portal के माध्यम से एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि विभिन्न कोर्सेस में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज काउंसलिंग का दूसरा दिन रहा जिसमें भारी तादाद में अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से पहली बार फीस जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। यहाँ बताते चलें कि भाषा विश्वविद्यालय इस सत्र से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही अपने सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान कर रहा है। तीन दिवसीय काउंसलिंग का आज दूसरा दिन रहा । जो अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से रह गए हैं वे कल विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्रो0 अहमद ने बताया की अभ्यर्थी एडमिशन की फीस समर्थ पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www kmclu.ac.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं। साथ ही भाषा विश्वविद्यालय में बने प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

# ट्रिपल इंजन सरकार का सफ़ाई अभियान ध्वस्त

### स्वच्छता अभियान की दम तोड़ रहा बिलग्राम पालिका प्रशासन, गन्दगी से आमजन परेशान



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में ट्रिपल इंजन सरकार सरकारी स्वच्छता अभियान के भारी भरकम बजट खर्च करने वाली जनपद हरदोई की ए ग्रेड में अपना स्थान बना चुकी बिलग्राम की आदर्श नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नागरिकों को जो सुविधाओं से सेवा करने का बीड़ा उठाया जा रहा है वह पूरी तरह महज़ दिखावा है। ट्रिपल इंजन सरकार एवं नगर पालिका प्रशासन के पास नियमित सफ़ाई कर्मी तो दिन भर मेहनत करते हैं जिनके बावजूद एक कम्पनी को सफ़ाई व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है जिनके कर्मचारियों द्वारा भरपूर सफाई की जाती है ऐसा उक्त प्राइवेट जिम्मेदार सफाई अभियान का ठेका प्राप्त कम्पनी बताती है वहीं ट्रिपल इंजन सरकार एवं नगर पालिका प्रशासन भी नियमित कर्मचारियों के साथ यही दम्भ भरता है लेकिन हकीकत में सफाई अभियान सिर्फ कागजों पर नजर आता है नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर के पास से गुजरने वाले गन्दे नाले की रोज सफाई जेसीबी मशीन से की जाती है कभी तो प्राइवेट जेसीबी मशीन से कचरा प्रबंधन का कार्य किया जाता है लेकिन इन सब के बावजूद यह नाला ओवरफ्लो होकर लोगों को मुसीबत दे रहा है। वहीं नगर के बस स्टैंड चौराहा से सांडी रोड पर सड़क किनारे नाले की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है जहां पर कोतवाली के ठीक सामने पुरानी तहसील परिसर में उसी नाले का पानी उल्टी दिशा में बहकर भर रहा है। जहां पर मच्छर जनित व संचारी रोग पनपने से इनकार नहीं किया जा सकता, यही नहीं इसी पुरानी तहसील भवन में ही उपनिबंधक कार्यालय संचालित है जिसमें बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखक अन्य लोग बैठते हैं जिनके पास क्षेत्रीय जनता अपनी आवश्यकताओं के लिए पहुँचती है। साथ में सामुदायिक शौचालय के प्रयोग करने वाले लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। फिर भी कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार और नगर पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग स्थलीय निरीक्षण कर लोगों की समस्या मौके पर देखना आवश्यक नहीं समझते। कुछ ऐसा ही नजारा नगर के पीपल चौराहा मंदिर के पास पेयजल टँकी से पानी का निकास न होने के चलते मंदिर जाने वाले लोगों को गन्दगी से गुजरना पड़ता है। जो काफी अर्से से चला आ रहा है लेकिन पालिका की उदासीनता आमजन पर भारी पड़ रही है।

**नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी बोलीं**

इस संबंध में जब बिलग्राम नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी से हमारे संवाददाता ने संपर्क किया तो उन्होंने पहले बताया कि मैं सुबह ही निरीक्षण करने गई थी वहां ऐसा कुछ नहीं दिखाई दिया बार बार अधिशाषी अधिकारी यही कहती रही लेकिन जब हमारे संवाददाता ने फोटो भेजने की बात कही तो उन्होंने कहा की नल का पानी है या बरसात का तो नाले के ओवर फ्लो होकर पानी जाने की बात कही उसके बाद में अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा प्रभा चौधरी ने कर्मचारी भेजने की बात कही! अब समझा जा सकता है कि बिलग्राम नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी किस प्रकार से सफाई कार्य करने के लिए सजग हैं। तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को धरासाई करने में लगी हुई है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल( पूर्व माध्यमिक )शिक्षक संघ के प्रदेशीय आव्हान पर सोमवार को जनपद के समस्त विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं ने 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में एवं ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि पूरे प्रदेश में मात्र 9 शिक्षकों ने आज उपस्थित भेजी है जिसमें इटावा के एक शिक्षक साथी ने अनभिज्ञता वश उपस्थिति भेज दी थी वह काफ़ी शर्मिंदा है और संगठन के साथ खड़े रहने का आश्वासन भी दिया। 15 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन व 22 जुलाई को प्रदेश मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा।विकास खण्ड जसवन्तनगर बसरेहर ताखा महेवा भरथना बढ़पुरा चकरनगर सैफई व नगर क्षेत्र के शिक्षकों ने बताया कि कई दुकानों में काली पट्टी खत्म हो गई है।प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक जिला महामंत्री अहसान अहमद मंजू यादव सर्वेश दुबे राजीव दुबे मंजुल चतुर्वेदी राजेश जादौन विनय दीक्षित अच्युत त्रिपाठी राजेश मिश्रा संजय दुबे राघवेंद्र शुक्ला प्रमोद यादव राजीव कुमार अरशद हुसैन धर्मनारायण चौधरी अवनीश दुबे आदि सहित समस्त जिला व ब्लाक पदाधिकारियों ने शिक्षकों का संघर्ष में एकजुट होकर साथ निभाने पर आभार व्यक्त किया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संदर्भों के निस्तारण की कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल/बहजोई।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संदर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण किए जाने के संबंध में एक कार्यशाला (एक दिवसीय प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक वीरेश सिंह कटियार सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों तथा नोडल लिपिकों एवं संबंधित कम्प्यूटर लिपिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यशाला के अन्तर्गत अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। प्रशिक्षक वीरेश सिंह कटियार द्वारा आईजीआरएस से संबंधित विभिन्न बिंदुओं को एवं आईजीआरएस से संबंधित 21 दिसंबर 2022 के शासनादेश एवं शासनादेश 2023 के बिन्दुओं को बड़ी बारीकी से कार्यशाला में समझाया गया। वीरेश सिंह कटियार द्वारा प्रशिक्षकों से कहा गया कि कार्य को अगर समय से कर दिया जाए तो वह संदर्भ डिफाल्टर नहीं होगा। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटर के भरोसे ना रहें शिकायत की पत्रावली को ध्यानपूर्वक पढ़े तथा उसका गुणवत्तापरक निस्तारण करें। आईजीआरएस से संबंधित शासनादेश को समस्त अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ बारीकी से अध्ययन करे ताकि शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें एवं शिकायत निस्तारण करते समय फोटो साक्ष्य एवं दो व्यक्तियों के बयान अवश्य दर्ज करें। जिससे शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग कार्यालयों में ना हो यह भी देखें। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में जनपद को प्रथम स्थान पर रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कार्यशाला में असंतोष जनक फीडबैक के विषय में भी विभाग वार जानकारी दी गई तथा वीरेश सिंह कटियार द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि अगर आईजीआरएस से संबंधित कोई समस्या आती है तो उससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले वीरेश सिंह कटियार को जिलाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी द्वारा तुलसी का पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार चौबे, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त विभागों के नोडल लिपिक सहित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट



**लखनऊ।** वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में तीर्थ अयोध्या टूरिज़्म एण्ड फिल्म प्रोडक्शन फर्म द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पाँच विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में आयुषी सक्सेना, श्रेया शुक्ला, अनुष्का मिश्रा, अर्श रिज़वी एवं मो. शोएब शामिल रहे। इस अवसर पर तीर्थ अयोध्या टूरिज़्म एण्ड फिल्म प्रोडक्शन फर्म के सी.ई.ओ. श्री मनमीत गुप्ता भी मौजूद रहे, उन्होंने पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर प्रयासरत रहने की दीक्षा भी दी। वहीं चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने भविष्य में और अधिक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव करने के लिए कहा। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, पत्रकारिता विभाग की विषय-प्रभारी डॉ. रूचिता सुजय चौधरी एवं डॉ. शचीन्द्रनाथ शेखर आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण



**सम्भल/नरौली।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नरौली ने विद्यार्थी परिषद के 76 में स्थापना दिवस के अवसर पर नगर इकाई नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया तथा पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक एसएफ्डी निशांत शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने 76वें स्थापना दिवस पर अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक सेवा आदि का कार्य कर रही है विद्यार्थी परिषद निरंतर विगत 76 वर्षो से छात्र हित तथा सामाजिक सेवा में लगी हुई है ।। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रूपेश कुमार मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त कर कहा वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ही सरल साधन है।तथा इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री मोइन तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विकास विकलांग सेवा समिति कार्यकर्ताओं ने पौधा भेंट कर डीएम का किया स्वागत



**सम्भल।** मगलवार को विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद एवं उनकी समस्त टीम के द्वारा नवनियुक्त जिला अधिकारी राजेश पैनेसिया जी को पौधा भेंट कर उन्हें बधाई दी और साथ ही दिव्यांगों की समस्याएं भी अवगत कराया और विकास विकलांग सेवा समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देती है इसी को देखते हुए आज जिलाधिकारी महादेव द्वारा समिति की प्रशंसा की गई इस दौरान इस दौरान उपस्थित लोग समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद चौधरी जमीन अली सत्येंद्र कुमार योगेश पप्पू मुनेश आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को पेड़ लगाने,पानी बचाने और पॉलीथिन हटाने के विषय में किया जागरूक



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** विकास खंड बढ़पुरा के कंपोजिट विद्यालय पूरा बसावन सिंह में पर्यावरण जागरूकता सभा का आयोजन किया गया जिसमे स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने विद्यार्थियों को पेड़ लगाने, पानी बचाने और पॉलीथिन हटाने के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारी जरूरतों की पूर्ति हमेशा से प्रकृति करती आई है पर हमारे अंदर का लोभ इतना बढ़ गया है कि हमने इसका दोहन करना शुरू कर दिया जिसके परिणाम हम भुगत रहे हैं। जल और जीवन की समस्याएं उत्पन्न हो चुकी हैं। पर्यावरण बचाने के लिए हमें अपने सामान्य आचरण में बदलाव लाना होगा तथा पानी बचाओ, प्लास्टिक हटाओ और वृक्ष लगाओ अपनी आदत में डालना होगा। राम जन्म सिंह द्वारा विद्यार्थियों को ईको ब्रिक बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार, रमाशंकर, अमित सिंह राजपूत , अजय सिंह, पंकज कुमार, हरिशंकर उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर पेड़ लगाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल।** मंगलवार को समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण जागरूकता अभियान के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के गांव देहपा मे वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों व जूनियर प्राइमरी हाई स्कूल देहपा के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल के नेतृत्व मे स्कूल के बच्चों के साथ गांव के गली मोहल्ले में घूम कर लोगों में वृक्षारोपण के प्रति आलख जगाई और ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की इसके बाद गांव के शिव मंदिर प्रांगण में पहुंचकर वृक्षारोपण किया और जामुन, नीम, सागून, बरगद आदि के पौधे लगाए। इस दौरान बोलते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल ने कहा की वृक्ष जीवन का आधार है वृक्ष नहीं होंगे तो जीवन भी नहीं होगा हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए हमें चाहिए कि हम जहां भी जाएं जहां भी बैठे लोगों को वृक्षारोपण का महत्व बताएं तभी हमारा वृक्षारोपण जागरूकता अभियान सफल हो सकता है बच्चे हमारे जीवन का भविष्य है और इन बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए इन बच्चों की वृक्षारोपण की पुकार को अवश्य सुनना चाहिए और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए।

मास्टर राजपाल सिंह एमपी आरसी ने कहा कि लोगों को बच्चों की पुकार को सुनना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। प्रधानाचार्य जूनियर प्राइमरी बेसिक स्कूल देहपा श्रीमती नथो देवी ने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चों ने गली मोहल्ले में घूम कर वृक्षारोपण की जो आलख जगाई है ग्राम वासियों को उससे प्रेरणा नहीं चाहिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पंडित भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे वातावरण को शोधित करने का साधन है और वातावरण के बढ़ते तापमान के नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है। इस दौरान चौ रविराज चाहल एड, राजपाल सिंह, श्रीमती नथो देवी, खुशहाल कुमार, खिलेन्द्र चाहल, मजरी देवी, दीपू बाल्मीकि, चिंटू बाजबा, पंडित भूकेंद्र शर्मा, निर्मल सैनी, शिवराज सिंह, दीपू चाहल, मोनू सिंह, राकेश कुमार, रवि सैनी, गौरव चौधरी आदि रहे।

## विकलांग सहायता संस्था के शिविर में 25दिव्यांग लाभान्वित

**मथुरा।** 418वां निःशुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर, (आगरा -दिल्ली -हाइवे, हाइवे प्लाजा के सामने) हंसराज कॉलोनी रोड, जसवंत टेलीकॉम के पास, मथुरा पर रामचंद्र कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निःशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की शाखा लेडी हार्डीन हॉस्पीटल की भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. निधि नेगी जी ,एवं उपकरणों का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा के टेक्निशीयन देवकिशन , व सतीश चंद्र द्वारा किया गया जिसमे पंजीकृत हुए 25दिव्यांग भाई- बहिनों का परीक्षण कर लाभान्वित किया गया। जिसमे केलीपर 10, कृतिम पैर 04, वैशाखी 04,छड़ी 02,पुराने उपकरणों की मरंमत तथा अन्य को चिकित्सीय सलाह दी। शिविर संचालन मे डॉ अखिलेश कुलश्रेष्ठ, डॉ अशोक अग्रवाल, संस्था सचिव प्रेमशंकर अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# यूपी सरकार बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए गंभीर

- यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी कल वृंदावन में बिहारी जी मंदिर की सुरक्षा को लेकर करेंगे बड़ी बैठक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बिहारी जी मंदिर कॉरिडोर को लेकर योगी सरकार एक बार फिर गंभीर हो गई है। प्रदेश के नए मुख्य सचिव और डीजीपी इस संबंध में बृजवासियों से बातचीत करने के लिए मथुरा आ रहे हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह लखनऊ से स्टेट प्लेन द्वारा आगरा आ कर पूर्वान्ह 11:45 बजे करीब वह आगरा से कार द्वारा मथुरा आयेंगे। वृंदावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र टीएफसी पर वह श्री बांके बिहारी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बैठक स्थानीय अधिकारियों के साथ करेंगे। इस बैठक में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सहित प्रमुख विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव सायंकाल 5:30 बजे कोसी में आयोजित एयर सेपरेशन यूनिट ओर air liquid इण्डिया के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन संबोधित भी करेंगे। शायद 6:30 के लगभग मुख्य सचिव आगरा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

मुख्य सचिव के आगमन की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे तैयारी में जुट गए हैं। उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा और मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह भी मुख्य सचिव के समक्ष ब्रज में चल रही विभिन्न विकास परक योजनाओं का प्रेजेंटेशन करा सकते हैं। मुख्य सचिव के आगमन को लेकर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित कई विभागो में आज काफी गहमा गहमी देखी गई।

# मीडिया पूर्णिमा पर कोसी गोवर्धन मार्ग रहेगा डग्गामार वाहनों के हवाले

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अगर आप गोवर्धन में शुरू होने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले में भाग लेने कोसी से जा रहे हैं तो जरा संभलकर आईए। यहां से यातायात की सरकारी व्यवस्थाएं लगभग नगण्य हैं। पूरी व्यवस्था डग्गामार वाहनों के हवाले है। जिम्मेदार मांग पत्रों भेजने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। गोवर्धन में शुरू होने वाले मुडिया मेला में हरियाणा, दिल्ली समेत एनसीआर क्षेत्र से बडी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कोसीकलां रेलवे स्टेशन पर उनकी अधिकता हर बार देखी गई है। इस बार भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं के स्टेशन पर उतरने की संभावना है। लेकिन यहां से यात्रियों को गोवर्धन तक पहुंचाने के लिए व्यवस्थाएं नाकाफी हैं। अगर वर्तमान में यातायात व्यवस्था पर नजर डाले तो सुविधा के नाम पर सुबह के आठ बजे एवं दस बजे ही दो सरकारी बस सेवा है। इसके अलावा पूरे दिन गोवर्धन के लिए यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना होता है। हैरानी की बात यह है कि विभागीय जिम्मेदार इसको लेकर कतई भी सजग नहीं है। बस स्टैंड कोसीकलां प्रभारी जगदीश प्रसाद कहते हैं कि उन्होंने दस बसों की मांग के लिए पत्र भेजा है। अभी तक दो ही बसें संचालित हैं। हालांकि डग्गामार की समस्या से वे खुद परेशान दिखे। उन्होंने माना कि डग्गामार वाहनों की समस्या से वे खुद परेशान हैं। इस बावत वे कई मर्तबा पुलिस प्रशासन एवं अपने उच्चाधिकारियों को मौखिक एवं लिखित शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

# एहलेबैत से मोहब्बत करो: मौलाना गुलज़ार हैदर

- शहीदाने कर्बला की याद में हुआ मजलिसों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** शहीदे आज़म और शहीदाने कर्बला की याद में शहर में विभिन्न इमाम बारगाहों में मजलिसों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया। शिया समुदाय ने मजलिसों में शिरकत कर गमे शहीदाने कर्बला मनाया। इमामबारगाह अज़्मत अली पर राहत हुसैन रिज़्वी, घटिया अज़्मत अली पर अल्हाज कमर अब्बास नक़्वी करबलाई व नोरंगाबाद में अख्तर अब्बास, जहीर अब्बास के घर आयोजित मजलिस में मौलाना मोहम्मद जॉन दिल्ली ने कहा इमाम हुसैन मदीना, कर्बला, शिया, हिन्दू या मुसमलनों के नही हैं बल्कि जो इंसान हक और बातिल, मजलूम और जालिम में फर्क समझे और हक व मजलूम की पैरवी करे इमाम हुसैन उसी के हैं। मजलिस में आकर चले जाना मजलिस का मकसद नहीं है इमाम हुसैन फरमाते हैं मजलिस का मकसद मेरा अमल या एक नसीहत लेकर जाना है। रसूल अल्लाह अपनी बेटी फ़ातिमा ज़हरा से बहुत मोहब्बत करते थे रसूल के बाद फ़ातिमा ज़हरा के घर मे आग लगा दी गई और शहजादी को जख्मी किया गया। इमाम हुसैन को मदीना छोड़ना पड़ा हुसैन 72 साथियों के साथ 2 मोहर्रम को कर्बला पहुंचे। आलमपुरा इमामबारगाह में शारिक सगीर शानू की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना गुलज़ार हैदर छोलसी ने तकरीर में कहा अल्लाह ने इंसान को पैदा किया और मौत भी देगा लेकिन अल्लाह ने फरमाया है कि अगर दम निकले तो इबादत में निकले। रसूल अल्लाह ने फरमाया कि अली का चेहरा देखना और मोहब्बत करना इबादत है। रसूल अल्लाह की हदीस है कि मेरे एहलेबैत से मोहब्बत करो अंजुमन हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़्वी ने बताया नौरंगबाद में राशिद हुसैन के घर, बड़ा इमामबाड़ा पक्की सराय पर गुलामुस सैयदेन, सैदबाड़ा इमामबाड़ा पर राहत अक़ील, इमामबाड़ा वक्फ काजमी व तमीजन में मुतवल्ली राहत हुसैन रिज़्वी, नौरंगाबाद में राशिद हुसैन, मिश्री टोला में रजी हैदर की ओर से मजलिसों का आयोजन किया गया। सोजख्वानी सलीम रज़ा, जहूर नक़्वी, अश्शू रिज़्वी ने की, नोहाख्वानी तनवीर हसन, राहिल सगीर, सैफू ने की और अली मेहदी, अख्तर अब्बास, खुर्शीद जाफरी, सलमान रिज़्वी ने कलाम पेश किया।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे से बाहर रह सकते हैं रोहित-विराट और बुमराह, कौन करेगा कप्तानी?

भारत की युवा क्रिकेट टीम इस समय जिम्बाब्वे दौरे पर पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज जुलाई के आखिरी में होगी। वहीं वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त होगी। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार वनडे टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया जा सकता है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भई वनडे सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि, रोहित और विराट ने बोर्ड से लंबा ब्रेक मांगा है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों आईपीएल की शुरुआत से लगातार खेल रहे हैं। 37 वर्षीय रोहित ने 6 महीने से ब्रेक नहीं लिया है। उन्होंने दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से




लगातार खेला है। उसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और आईपीएल और टी20 वर्ल्ड कप शामिल है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान की धरती पर होना है और इसके लिए टीम इंडिया पीसीबी ने आईसीसी को शेड्यूल भी भेज दिया है। लेकिन अभी टीम इंडिया का वहां जाएगी या नहीं इस पर कुछ भी कन्फर्म नहीं है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे तैयारी कर लिए काफी है। इसके बाद अगले कुछ महीने रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट को प्राथमिकता देंगे क्योंकि भारत को सितंबर से जनवरी के बीच दस टेस्ट खेलने हैं।

अगर श्रीलंका दौरे पर कप्तान रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं। ऐसे में टीम इंडिया में कप्तानी करने के दो बड़े दावेदार मौजूद हैं। इनमें केएल राहुल और हार्दिक पंड्या के नाम शामिल हैं। ये दोनों प्लेयर्स पहले भी रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की कप्तानी संभाल चुके हैं और आईपीएल में भी इनके पास कप्तानी का अच्छा अनुभव है।

केएल राहुल ने अभी तक टीम इंडिया के लिए 12 वनडे मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से टीम को 8 में जीत मिली है। वहीं चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी तरफ हार्दिक पंड्या ने तीन वनडे मैचों में कप्तानी संभाली है। उन्होंने 3 मैचों में कप्तानी की है और सिर्फ दो में ही जीत हासिल की है। केएल राहुल को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया था। जबकि पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में आखिरी ओवर किया और टीम इंडिया को जीत दिलाई थी।

# गौतम गंभीर का कोच बनना लगभग तय है, फिर भी ऐलान में यों हो रही देरी, आखिर कहां फंस रहा पेंच

अब जब राहुल द्रविड़ ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त करके भारतीय ड्रेसिंग रूम को सबसे शानदार तरीके से छोड़ दिया है, तो गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने में केवल समय की बात है। सवाल यह है कि कितना समय? जब से द्रविड़ ने टी20 विश्व कप के बाद पद पर बने रहने की अपनी अनिच्छा की पुष्टि की है तब से पूर्व सलामी बल्लेबाज इस भूमिका के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। गंभीर, वास्तव में, अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरने वाले केवल दो आवेदकों में से थे। दूसरे उम्मीदवार डब्ल्यूवी रमन थे।

कई रिपोर्टों से पता चलता है कि गंभीर का भारत का अगला मुख्य कोच बनना निश्चित है। ऐसे में सवाल ये है कि देरी क्यों हो रही है। पूर्व बाएं हाथ के खिलाड़ी को ईडन गार्डन्स में कोलकता नाइट राइडर्स के लिए एक विदाई वीडियो शूट करते हुए भी देखा गया था, जो 10 साल बाद उन्हें आईपीएल चैंपियन बनाने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद फ्रेंचाइजी में उनकी दूसरी पारी के समय से पहले समाप्त होने का संकेत था। यदि चीजें इतनी स्पष्ट हैं, तो बीसीसीआई को अपरिहार्य घोषणा करने में इतना समय क्यों लग रहा है? इसका उत्तर वेतन वार्ता में निहित है। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, गंभीर और बीसीसीआई वेतन वार्ता के अंतिम चरण में हैं। जैसे ही गंभीर का पारिश्रमिक तय हो जाएगा, बीसीसीआई इसकी घोषणा कर देगा। भारतीय क्रिकेट टीम (पुरुष) के मुख्य कोच की सैलरी को लेकर बीसीसीआई ने विकल्प खुले रखे हैं। इसके लिए आवेदकों को आमंत्रित करने वाले विज्ञापन में, यह उल्लेख किया गया था कि पारिश्रमिक परक्राम्य है और अनुभव के अनुरूप होगा।

गंभीर को पिछले कोच राहुल द्रविड़ की तुलना में अधिक वेतन मिलने की उम्मीद है, जिनका वार्षिक पारिश्रमिक लगभग ?12 करोड़ था। यह राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर का पहला असाइनमेंट होगा। रिकॉर्ड के लिए, वह कभी भी किसी टीम के मुख्य कोच के रूप में नहीं जुड़े रहे हैं। उनका एकमात्र कोचिंग अनुभव आईपीएल में रहा है, जहां वह पिछले साल केकेआर में जाने से पहले कुछ सीज़न के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे और उन्हें आईपीएल जीतने में मदद की थी।

# जसप्रीत बुमराह, स्मृति मंधाना जून महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

टी20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना। भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना।

मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में बल्ले सब दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया। बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणारत्ने को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता। आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले महीने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये बुमराह ने जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है।

आईसीसी के बयान में बुमराह ने कहा, मुझे जून के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा अमेरिका और वेस्टइंडीज में कुछ यादगार सप्ताह






बिताने के बाद मेरे लिये यह विशेष सम्मान है। एक टीम के तौर पर हमें जश्न मनाने के काफी मौके मिले और इस में योगदान देकर मुझे अच्छा लगा। बुमराह ने टी20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाये जबकि महज 4.17 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये।

महिला वर्ग में मंधाना ने बेंगलुरु में पहले एकदिवसीय में 117 रन की शानदार पारी खेली। उनके शतक से भारत पांच विकेट पर 99 रन से 265 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा, जो दक्षिण अफ्रीका के लिए काफी साबित हुआ। उन्होंने दूसरे मैच में 120 गेंद में 136 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वह तीसरे मैच में 90 रन पर आउट होने के कारण शतकों की हैट्रिक पूरा करने से चूक गयी। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 343 रन बनाये और श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी।

उन्होंने कहा, मैं जून के लिए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार जीतकर वास्तव में खुश हूं। टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है उसमें मैं योगदान देकर खुश हूं। हमने एकदिवसीय और टेस्ट श्रृंखला जीती और उम्मीद है कि हम अपना फॉर्म जारी रखेंगे और मैं भारत के लिए और अधिक मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं।

## राहुल द्रविड़ को केकेआर से मिला ऑफर, गौतम गंभीर की जगह लेंगे?

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के खत्म होने के साथ-साथ टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी खत्म हो गया। राहुल द्रविड़ से जब इस बारे में पूछा गया था, तो उन्होंने मजाक में कहा था कि अब मैं बेरोजगार हो जाऊंगा। कोई ऑफर हो तो बताना। द्रविड़ ने ये बात मीडिया से कही थी। ऐसी खबर आ रही है कि द्रविड़ को एक ऑफर मिल भी गया है। न्यूज 18 बांग्ला की खबर के मुताबिक राहुल द्रविड़ से केकेआर टीम ने संपर्क किया है और वे चाहते हैं कि द्रविड़ आईपीएल 2025 में टीम से मेंटॉर के तौर पर जुड़ें। द्रविड़ के कार्यकाल में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीती, एशिया कप जीती, वर्ल्ड कप 2023 और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंची। दरअसल, केकेआर के मेंटॉर के तौर पर गौतम गंभीर 2024 में टीम से जुड़े थे, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि उन्होंने टीम का साथ छोड़ दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जब से टीम इंडिया के नए हेड कोच के पद की वेकेंसी निकाली थी, तब से खबरें आ रही थीं कि गंभीर ये रोल ले सकते हैं।

# नोवाक जोकोविच ने होल्गर रूण पर जीत के बाद दर्शकों की हूटिंग का किया सामना

नोवाक जोकोविच विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में होल्गर रुने को 6-3. 6-4, 6-2 से हराया। अब बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा।

जोकोविच मैच में फैंस की हूटिंग से नाराज दिखे और कहा कि इस तरह के व्यवहार को वह स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल, मैच के दौरान फैंस रुने के समर्थन में रूऊऊऊ चिल्ला रहे थे, जो हूटिंग की तरह लग रहा था। रुने 2022 में पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जोकोविच को हरा कर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। मैच के बाद जोकोविच ने अपनी जीत पर बात की और कहा कि जिन लोगों ने उनको सम्मान दिया और टिकट लेकर मैच देखने आए और देर रात तक बैठकर टेनिस के प्रति अपने प्यार को दिखाया, उनको दिल से शुक्रिया।



साथ ही उन्होंने हूटिंग कर रहे लोगों की आलोचना की और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। जोकोविच ने कहा कि, मुझे नहीं पता कि वे रुने के समर्थन में नारे लगा रहे थे पर ये भी हूटिंग का एक बहाना है। में इसे स्वीकार नहीं करता हूं।

जोकोविच ने आगे कहा कि, मैं 20 साल से टेनिस खेल रहा हूं। मुझे पता है कि किस तरह से किसी का अपमान किया जाता है। मैं इससे ज्यादा विपरीत परिस्थितियों में भी खेल चुका हूं। मैं इन सब चीजों से परेशान नहीं होता। मैं उन लोगों पर फोकस करता हूं जो मेरा सम्मान करते हैं। मैं टेनिस से प्यार करने वालों को दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। वहीं रुने ने कहा कि मुझे फैंस के इस व्यवहार से कोई समस्या नहीं दिख रही है। वे लोग मेरा नाम ले रहे थे। जो बू जैसा लग रहा था। मुझे नहीं लगता है कि इससे मैच परिणाम पर कोई फर्क पड़ा। फिलहाल, जोकोविच का 60वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल होगा। वह 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे। पिछली बार उन्हें फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

# फिल्मफ्रीवे का दर्शकों को बड़ा तोहफा, वेबसाइट पर आधिकारिक भाषा के रूप में जुड़ी भोजपुरी

दुनिया भर में फिल्म फेस्टिवल सबमिशन प्रक्रियाओं के लिए डिफॉल्ट टूल बन गए फिल्मफ्रीवे ने भोजपुरी दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल भाषा के तौर पर जुड़ गई है। इस बात की जानकारी लेखक, पत्रकार और फिल्म निर्माता विमल चंद्र पांडे ने पोस्ट कर दी है। विमल ने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए फेसबुक का सहारा लिया और उनकी पोस्ट से इसके लिए की गई उनकी मेहनत का भी खुलासा हुआ।

विमल चंद्र पांडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, फिल्मफ्रीवे ऐसा वेबसाइट है जहां अपना फिल्म अपलोड करके देश-दुनिया के अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल में भेजा जा सकता है। इसका उपयोग अपनी पहली फिल्म द होली फिश में किया गया था और उसका सलेक्शन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।

उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, बाकी जब अपनी भोजपुरी फिल्म

FilmFreeway

मद्धिम को फिल्मफ्रीवे पर अपलोड किया तो मुझे ये जानकर आश्चर्य हुआ कि भाषा वाली श्रेणी में एक साईन लैंग्वेज की जगह दी गई थी लेकिन उसमें भोजपुरी का नाम नहीं था। मेल किया तो आश्वासन मिला कि इस पर विचार किया जाएगा। कई बार याद दिलाने और भोजपुरी ऑडियंस की रीच के बारे में समझाने के बाद वापस से मेल आया कि अब फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल लैंग्वेज होगी तो अंदर से बहुत अच्छा लगा। जब सामने से बताया जाएगा तो सामने वाले को जरूर समझ आएगा। धन्यवाद फिल्मफ्रीवे।

जानकारी हो कि फिल्मफ्रीवे फिल्म निर्माताओं के लिए विश्व स्तर पर सैकड़ों फिल्म समारोहों में अपनी फिल्में प्रस्तुत करने के लिए एक वेबसाइट है। 2014 में कनाडा में चार व्यक्ति के स्टार्टअप के रूप में शुरू हुआ, यह अमेजन के स्वामित्व वाली बड़ी कंपनी विदाउटअबॉक्स के साथ प्रतिस्पर्धा में लगातार बढ़ता गया। उस समय तक, डिजिटल फिल्म महोत्सव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर विदाउटअबॉक्स का एक आभासी एकाधिकार था। हालांकि, साल 2019 में इसके बंद होने के साथ ही फिल्मफ्रीवे दुनिया भर में फिल्म फेस्टिवल सबमिशन प्रक्रियाओं के लिए डिफॉल्ट टूल बन गया।

# हिट फिल्में देने के बावजूद विवेक ओबेरॉय को नहीं मिला काम, अभिनेता ने बताया ऐसे चलाया घर का खर्च

बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय को आखिरी बार रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज इंडियन फॉर्स में देखा गया था। विवेक अब तक इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने मस्ती फ्रेंचाइजी, साथिया, शूटआउट एट लोखंडवाला और ओमकारा जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। अब उन्होंने अपने वर्तमान के फिल्मी करियर की यात्रा के बारे में खुलकर बात की। हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्होंने अभिनेता बनने से पहले व्यावसायिक यात्रा शुरू की और अभी भी उसी आय पर निर्भर हैं।

हाल ही में दिए साक्षात्कार में विवेक ओबेरॉय ने कहा कि मैंने अभिनेता बनने से पहले बिजनेस में कदम रखा था। 15 साल की उम्र में मैंने एक छोटा सा धंधा शुरू किया था, क्योंकि मैं बोर्डिंग स्कूल से आया था और मेरे पिता सुरेश ओबेरॉय मुझे 500 रुपये पॉकेट मनी देते थे। मैं लड़कों के बोर्डिंग स्कूल से आया था। मीठीबाई कॉलेज में खूबसूरत लड़कियों को देखा और उन्हें डेट पर ले जाना चाहता था। मुझे हर महीने 500 रुपये दिए जाते थे, लेकिन मैंने एक ही डेट पर सब खर्च कर दिया।

उन्होंने आगे कहा, मेरे पिता ने मुझे डांटा और पैसे का विवेकपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करने और



ज्यादा जिम्मेदार बनने को कहा। मैं 15 साल का था। मेरा अहंकार आहत था और मैंने अपनी मां से कहा कि मुझे अपने पिता का पैसा नहीं चाहिए, मैं खुद संभाल लूंगा। मैं उस पर अड़ा रहा और अपने पिता से पैसे नहीं लिए, लेकिन मुझे कॉलेज जाने, चाय और रिक्शा यात्रा के लिए पैसे की जरूरत थी। तभी मैंने गलती से काम करना शुरू कर दिया, एक छोटा सा वॉयस गिग किया, शो कंपोज किए और वहां से थोड़ा-बहुत कमाना शुरू कर दिया।

विवेक ने अपने स्टॉक पोर्टफोलियो के बारे में बताया। उन्होंने कहा, जब मैंने ज्यादा कमाई करना शुरू किया तो मैंने स्टॉक मार्केट में निवेश करना शुरू कर दिया, मैंने इसके लिए ब्रोकर्स से ट्रेनिंग ली। मैंने अपना स्टॉक मार्केट पोर्टफोलियो तब शुरू किया जब मैं 16-17 साल का था। फिर मैंने कुछ कमोडिटी ट्रेडिंग की। मैं 19 साल का था, जब मैंने पहली बार व्हाइटफील्ड, बैंगलोर में अपना व्यवसाय शुरू किया। मैंने 21 साल की उम्र में अपनी हिस्सेदारी बेच दी और आगे की पढ़ाई के लिए न्यूयॉर्क चला गया।

उन्होंने कहा, मैं वापस लौटा और अभिनेता बन गया, कंपनी बनी, साथिया बनी। जीवन अच्छा था, लेकिन मैं हमेशा एक निवेशक के रूप में शुरुआत करना चाहता था। हालांकि, मैं एक सक्रिय व्यवसायी बन गया। इससे मुझे मदद मिली, जब मैंने बॉलीवुड में संघर्ष करना शुरू किया, जब एक सफल अभिनेता होने के बाद भी मुझे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, मैं अपने कौशल को साबित करने के बाद भी चुनौतियों का सामना कर रहा था, जब मुझे कोई फिल्म नहीं मिल रही थी तो एक अलग तरह का दबाव था। यही मेरी आय का स्रोत था। मैं अपने व्यवसाय और फिल्मों में अभिनय, कार्यक्रम करने और उपस्थिति के माध्यम से कमाए गए पैसों से अपना घर, धर्मार्थ फाउंडेशन चला रहा था। मैं अपने कर्मचारियों को भी इससे भुगतान करता था।

विवेक ने कहा, मैं वृंदावन में एक स्कूल चला रहा था। कैंसर रोगियों की मदद कर रहा था, इसलिए जब फिल्मों से मेरी आय कम होने लगी, मुझे भूमिकाएं मिलनी बंद हो गईं तो मुझे पता था कि मैं ये सब जारी नहीं रख पाऊंगा। परोपकार मेरे जीवन का एक हिस्सा है और मुझे आर्थिक रूप से सुरक्षित होने की जरूरत थी। मैंने कभी किसी से पैसे नहीं मांगे। मैंने अपने पिता से नहीं मांगे, इसलिए मैं किसी और से भी नहीं मांगूंगा, तभी मैंने सक्रिय व्यवसाय शुरू किया। रियल एस्टेट में शामिल हुआ, कुछ कंपनियों की स्थापना की, कुछ प्रौद्योगिकी कंपनियां बहुत बड़ी हो गईं। आज मैंने लगभग 29 कंपनियों में निवेश किया है।

# संजीव कुमार को पता थी अपनी मौत की तारीख, सुपरस्टार के परिवार में मर्दों को मिला था कम जीने का शाप

एक लोकप्रिय कहावत है 'एक लौ जो दोगुनी चमक से जलती है, आधी देर तक ही जलती है!' और संजीव कुमार के कई करीबी और प्रिय लोगों का मानना ? है कि यह कहावत स्टार के जीवन को परिभाषित करने का सबसे अच्छा तरीका है। एक्टर संजीव कुमार को प्यार से हरिभाई कहा जाता था। 9 जुलाई, 1938 को जन्मे अभिनेता ने 6 नवंबर, 1985 को 47 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। इस समय तक, अभिनेता ने लगभग 165 फिल्मों में अभिनय किया था, जिनमें से 155 हिंदी और 10 अन्य भाषाओं में थीं।

संजीव कुमारः द एक्टर वी ऑल लव्ड नामक पुस्तक में, परेश रावल ने संजीव कुमार के मैनेजर जमनादास के साथ एक बातचीत को याद किया, जिन्होंने कहा, परेश, अगर अमिताभ बच्चन का बाप बनना है तो संजीव कुमार ही बन सकता है! और कौन बनेगा? (सिर्फ संजीव कुमार के अलावा स्क्रीन पर अमिताभ बच्चन की बराबरी कौन कर सकता है?) और इसलिए, संजीव को उनकी कई फिल्मों में बुजुर्ग की भूमिका निभाते हुए देखा गया, जिनमें कल्ट क्लासिक शोले (1975), त्रिशूल (1978), मौसम (1975), सवाल (1982) और देवता (1978) शामिल हैं।

संजीव ने जब शोले में ठाकुर की भूमिका निभाई, तब उनकी उम्र 37 साल थी और जब उन्होंने त्रिशूल में अमिताभ बच्चन के विजय कुमार और शशि कपूर के शेखर कुमार के पिता आरके गुप्ता की भूमिका निभाई, तब उनकी उम्र



40 साल थी। जबकि, कई लोग सोचेंगे कि अभिनेता ने कम उम्र में इतनी बड़ी भूमिकाएँ क्यों कीं, जबकि अन्य ए-लिस्टर्स ऐसी भूमिकाओं में टाइपकास्ट होने से इनकार कर देते हैं, तबस्सुम-दिवंगत अभिनेत्री जो संजीव कुमार के साथ अपना जन्मदिन साझा करती हैं और जिन्होंने उनके साथ अलीबाबा और 40 चोर जैसी फिल्मों में काम किया है- ने अपने पहले के यू ट्यूब वीडियो में से एक में खुलासा किया कि संजीव को बड़ी उम्र की भूमिकाएँ पसंद थीं।

उन्होंने तबस्सुम टॉकीज को याद करते हुए कहा, मैंने उनसे एक बार पूछा था कि आप बुज़ुर्गों की भूमिकाएँ निभाने के इतने शौकीन क्यों हैं? उन्होंने मुझे बताया, तबस्सुम, एक हस्तरेखाविद् ने एक बार भविष्यवाणी की थी कि मैं ज़्यादा दिन नहीं जीऊँगा और मुझे बुढ़ापा नहीं दिखेगा। यही कारण है कि मैं फ़िल्मों में बुज़ुर्गों की भूमिकाएँ निभाता हूँ ताकि वह जीवन जी सकूँ जो मुझे अन्यथा नहीं मिलता।

संजीव कुमार की बुज़ुर्गों की भूमिकाएँ निभाने की यात्रा तब शुरू हुई जब वे थिएटर में थे। लेहरन रेट्रो को दिए गए एक साक्षात्कार में ए.के. हंगल ने याद किया, जब मैं थिएटर में काम कर रहा था, तब संजीव कुमार ने मुझसे काम के लिए संपर्क किया था। फिर मैंने उन्हें एक नाटक में एक बूढ़े व्यक्ति की भूमिका दी। वे बहुत परिपक्व व्यक्ति थे। संजीव कुमार के साथ स्क्रीन शेयर कर चुके सचिन पिलगांवकर ने बॉलीवुड आज और कल को बताया, हरिभाई एक गुजराती व्यक्ति थे। उन्होंने सोहराब मोदी जी के साथ गुजराती मंच पर काफ़ी काम किया था। इसके बाद वे इप्टा से जुड़ गए। हिंदी थिएटर में उन्हें जो पहली भूमिका मिली, वह एक बूढ़े व्यक्ति की थी। उन्होंने थिएटर आइकन शौकत आज़मी (शबाना आज़मी की माँ) के पति की भूमिका निभाई। शायद तभी से लोगों ने मान लिया कि 20 की उम्र पार करने के बावजूद, वह बड़ी उम्र के किरदार बेहतर तरीके से निभा सकते हैं। हालांकि त्रिशूल स्टार को बुजुर्ग पुरुषों की भूमिकाएँ पसंद थीं और इंडस्ट्री ने उन्हें बिग बी जैसे सितारों के साथ ऐसी भूमिकाएँ निभाने के लिए भरोसा दिया, लेकिन संजीव कुमार को एक ऐसे अभिनेता के रूप में माना जाता है जो हर काम में सर्वश्रेष्ठ थे। उनकी फ़िल्में अंगूर, कोशिश, खिलौना और पति पत्नी और वो उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण हैं।

परेश रावल के अनुसार, जब संजीव फ्रेम में आते थे तो दर्शक राहत की सांस लेते थे, अब कुछ भी गलत नहीं हो सकता! संजीव कुमार : द एक्टर वी ऑल लव्ड नामक पुस्तक में परेश रावल दावा करते हैं, वह निर्देशक के लिए एक असफल कलाकार थे, जो अभिनय करने और मंत्रमुग्ध करने के लिए अपने ही लीग में एक अवतार थे। संजीव कुमार, जिनकी तुलना हॉलीवुड अभिनेता फिलिप सीमोर हॉफमैन से की जाती थी, पर कई फिल्म निर्माताओं ने सबसे चुनौतीपूर्ण मुख्य भूमिकाओं के साथ-साथ चरित्र भूमिकाओं को भी समान साहस के साथ निभाने का भरोसा दिया।

एक अभिनेता के रूप में, संजीव ने बहुत कम समय में अपने नाम कई उपलब्धियाँ दर्ज कीं। वह 1981 की अपनी फ़िल्म चेहरे पे चेहरा के साथ हिंदी सिनेमा में प्रोस्थेटिक मेकअप शुरू करने वाले पहले अभिनेता थे। वह 1974 की फ़िल्म नया दिन नई रात में नौ अलग-अलग भूमिकाएँ निभाने वाले पहले अभिनेता भी थे। वास्तव में, यह अभिनेता की फ़िल्म आंधी (1975) थी, जो स्वतंत्र भारत में प्रतिबंधित होने वाली पहली फ़िल्मों में से एक थी।

# लंदन में कृष्ण भक्ति में नजर आएं अनुष्का शर्मा और विराट कोहली, वायरल हुआ कपल का वीडियो

सोशल मीडिया पर एक वीडियों खूब वायरल हो रही है। अब यह वीडियो सुर्खियों का केंद्र बन गई है। बता दें, जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उसमें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कृष्ण भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। अनुष्का और विराट का यह वीडियों सबका ध्यान खींच रहा है। दरअसल, अनुष्का औप विराट दिल से काफी आध्यात्मिक हैं और दोनों ही अक्सर मंदिरों और अन्य जगहों पर जाते हुए देखा जाता है।

हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शानदार जीत के बाद विराट कोहली को एयरपोर्ट से लंदन रवाना होते हुए देखा था। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली अक्सर लंदन विजिट कर सकते हैं। कपल ने अपने बेटे अकाय कोहली के जन्म के लिए भी लंदन को चुना था। अभी कपल का लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, यह वीडियो लंदन का है, लेकिन ये



उनका थ्रोबैक वीडियो है, जो एक बार फिर वायरल हो रहा है। इस वीडियों में अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कृष्ण दास कीर्तन में शामिल होते हुए दिख रहे हैं।

विराट ब्लैक शर्ट और व्हाइट पैंट के साथ कैजुअल लुक में हैं। वहीं, अनुष्का शर्मा व्हाइट कलर का कुर्ता सेट पहने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली लंदन के इस्कॉन मंदिर गए थे और ये वीडियो वहीं का है।

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को लेकर खबरें आई थी कि कपल लंदन में बसने का प्लान बना रहा है। किंग कोहली के रिटायरमेंट के बाद कपल स्थायी तौर पर यूके जाने का फैसला किया है। इन अटकलों के बीच विराट और अनुष्का ने अभी तक इन अफवाहों पर कोई कमेंट नहीं

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इंदौर पहुंचे, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा

**इंदौर(हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर इंदौर पहुंचे और एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल हुए। इंदौर पहुंचने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव

**संस्कृति**

**बिरला ने कहा कि हम धरती को मां कहते हैं। पेड़ों की पूजा करते हैं। अब यह संस्कृति और संस्कारों को दूसरे देशों में ले जाना है।**

आदि ने उनका स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला को यहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बिरला बिजासन फारेस्ट कैम्प में आयोजित समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बीएसएफ वाटिका में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इंदौर अध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन की धरती है। जो हमेशा देश को प्रेरणा देता है। पीएम ने जलवायु परिवर्तन को चुनौती के रूप में देखा है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को पूरा विश्व अपना रहा



है। इसी से हम पर्यावरण की चुनौतियों से लड़ पाएंगे। एक पेड़ मां के नाम एक सामाजिक आंदोलन है। इंदौर से शुरू हुआ यह अभियान देश के सभी गांव-शहर को प्रेरणा देगा। इंदौर में हरियाली की पहल एक मिसाल बनेगी। पर्यावरण के अनुरूप जीवन शैली होनी चाहिए। जी-20 देशों ने इसे जन आंदोलन बनाने की बात कही। बिरला ने कहा कि हम धरती को मां कहते हैं। पेड़ों की पूजा करते हैं। अब यह संस्कृति और संस्कारों को दूसरे देशों में ले जाना है। हमारी आने वाली पीढ़ी पर्यावरण के प्रति समर्पित होगी तो प्रकृति के प्रति दुनिया की चिंता कम होगी। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम जो पेड़ लगा रहे हैं, उस पर लोग शंका करते हैं कि बाद में उनका ध्यान कौन रखेगा, लेकिन हम पांच फीट लंबे पेड़ लगा रहे हैं, ताकि वे शत-प्रतिशत जीवित रहें। भाजपा के मध्य प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन वृक्ष के कारण है, ज्यादातर लोगों को ज्ञान की प्राप्ति वृक्ष के नीचे ही हुई है।

# पुणे में जीका वायरस से संक्रमित दो और मरीज मिले



**मुंबई(हि. स.)।** पुणे जिले के खराड़ी और कर्वे नगर इलाके में जीका वायरस से संक्रमित दो और मरीज मिलने से सनसनी फैल गई है। इससे पुणे में जीका संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुणे नगर निगम टीम इन इलाकों में रोग प्रतिबंधात्मक निवारक काम कर रही है। पुणे नगर निगम की टीम ने कर्वेनगर की 42 वर्षीय महिला और खराड़ी इलाके के 22 वर्षीय युवक के रक्त के नमूने रविवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे भेजे थे। आज एनआईवी की एक रिपोर्ट में उनके नमूनों में जीका वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। जीका वायरस से पीड़ित पाई गई महिला एक निजी अस्पताल के बीमा विभाग में काम करती है। उन्हें एक सप्ताह से अधिक समय तक वायरल बुखार की शिकायत थी और फिर शरीर पर चकत्ते दिखने लगे थे। उनके रक्त के नमूने परीक्षण के लिए एनआईवी को भेजे थे, जिनमें जीका वायरस पाए गए हैं। पुणे नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कल्पना बालिवंत ने कहा कि 42 वर्षीय महिला की हालत स्थिर है । दूसरा मरीज खराड़ी का 22 वर्षीय पुरुष है, जो पीएमसी संचालित कोद्रे अस्पताल, मुंडवा में इलाज के लिए आया था। उन्हें कुछ दिनों से बुखार और शरीर पर चकत्ते की शिकायत थी। उनके नमूने एनआईवी को भेजे गए, जहां वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। पीएमसी के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश दिघे ने कहा, ÷यह व्यक्ति यरवदा-अहमदनगर रोड वार्ड कार्यालय के अंतर्गत खराडी में रहता है। संबंधित वार्ड अधिकारियों को उनके आवास और उसके आसपास निवारक उपाय करने के लिए सतर्क कर दिया गया है।

# तमिलनाडु में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्तः भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने द्रविड मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर निशाना साधते हुए आज कहा कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था अत्यंत लचर है। भाजपा ने एम के स्टालिन सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले एक साल में दलित समुदाय पर अत्याचार बढ़ रहे हैं और राज्य में लोग सुरक्षित नहीं है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष वीपी दुरईसामी ने कहा कि डीएमके के सत्ता में आने के बाद तमिलनाडु में दलितों के खिलाफ अत्याचार के मामले बढ़े हैं। कुछ दिनों पहले एक राष्ट्रीय पार्टी के राज्य प्रमुख की हत्या कर दी गई। राज्य में अपराधियों के हौसले इस कदर बुदंल हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े ही हत्या कर देते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में डीएमके सरकार पूरी तरह से विफल है। एल मुरुगन ने कहा कि राज्य में पिछले एक साल में दलित वर्ग पर अत्याचार के करीब 2000 से अधिक मामले सामने आए हैं। इसके




साथ कल्लाकुरिची में अवैध शराब पीने से 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई । डीएमके सरकार अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने में भी पूरी तरह से असफल रही है। एल मुरुगन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता को हाथरस जाने का रास्ता पता है लेकिन तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि और चेन्नई का रास्ता नहीं पता है। उन्हें बस राजनीति करनी है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में दलितों पर लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीपी दुरईसामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मिलेगा।

# पुंछ की नियंत्रण रेखा से दो बार पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को सेना ने किया नाकाम



**जम्मू(हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के जिला पुंछ की नियंत्रण रेखा से दो बार पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने गोलीबारी कर नाकाम कर दिया। जवानों ने दोनों बार ड्रोन को पाकिस्तान की ओर लौटने पर मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सतर्क भारतीय जवानों ने बीती रात करीब 9.15 बजे 1,000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर एक पाकिस्तानी ड्रोन की हरकत देखी। उसे गिराने के लिए पांच राउंड गोलीबारी की। इस गोलीबारी के बाद पाकिस्तानी ड्रोन वापस चला गया। इस घटना के आधे घंटे के अंतराल में एक पाकिस्तानी ड्रोन को फिर से भारतीय क्षेत्र में घुसते देखा गया। इस पर भारतीय जवानों ने उसे मार गिराने के लिए गोलीबारी की। उसके बाद वह दूसरी तरफ लौट गया। मंगलवार सुबह की पहली किरण के साथ ही नियंत्रण रेखा के अग्रिम गांवों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए गए हों।जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहले ही भारतीय क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी में सहायक सूचना देने वाले को 3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा कर रखी है।

# पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर 10 लाख मतदाता, क्या है राजनीतिक समीकरण

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर बुधवार को उपचुनाव होने जा रहे हैं, जिसमें बीजेपी और टीएमसी आमने-

**बंगाल में 8 असम में 3 चरण में होंगे चुनाव**

सभी परिणाम 2 मई 2021 रविवार को

| राज्य | मतदान | सीटें |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 27 मार्च, 1, 6, 10, 17, 22, 26, 29 अप्रैल | 294 |
| केरल | 6 अप्रैल | 140 |
| तमिलनाडु | 6 अप्रैल | 232 |
| असम | 27 मार्च, 1 और 6, अप्रैल | 126 |

सामने होंगी। बीजेपी जहां तीन सीटों पर अपने लोकसभा चुनाव की बढ़त का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है, वहीं टीएमसी अपनी हालिया चुनावी सफलता को भुनाना चाहती है। तीन सीटें - मानिकतला, राणाघाट दक्षिण, और बागदा - दक्षिण बंगाल में स्थित हैं, जबकि चौथी सीट, रायगंज, उत्तर बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में है। मानिकतला सीट टीएमसी के पास थी, लेकिन पूर्व मंत्री साधन पांडे के निधन के बाद खाली हो गई थी। बीजेपी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में राणाघाट दक्षिण और बागदा सीटें जीती थीं, लेकिन इनके विधायक बाद में टीएमसी में शामिल हो गए। टीएमसी ने मानिकतला से साधन पांडे की पत्नी सुप्ती पांडे को उम्मीदवार बनाया है। रायगंज से कृष्णा कल्याणी, बगदा से विश्वजीत दास और राणाघाट दक्षिण से मुकुट मणि अधिकारी ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दिया था। टीएमसी ने बागदा में मतुआ बहुल क्षेत्र से पूर्व सांसद ममता बाला ठाकुर की बेटी मधुपर्णा ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने मानिकतला से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, राणाघाट दक्षिण से मनोज कुमार विश्वास, बगदा से बिनय कुमार विश्वास और रायगंज से मानस कुमार घोष को उम्मीदवार बनाया है। हाल के लोकसभा चुनावों में टीएमसी ने राज्य की 42 सीटों में से 29 सीटें जीती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास ऊंचा है। बीजेपी, जिसने लोकसभा चुनावों में 12 सीटें जीती थीं, उम्मीद कर रही है कि वे बागदा, राणाघाट दक्षिण, और रायगंज सीटों पर फिर से जीत हासिल कर सकते हैं। लेफ्ट फ्रंट और कांग्रेस भी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। सीपीआई(एम) ने राणाघाट दक्षिण से अरिंदम विश्वास और मानिकतला से राजीव मजूमदार को उम्मीदवार बनाया है। फॉरवर्ड ब्लॉक ने बागदा से गोरादित्य विश्वास को, जबकि कांग्रेस ने रायगंज से मोहित सेनगुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सुरक्षा उपाय किए हैं। रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बगदा और मानिकतला के 1,097 मतदान केंद्रों पर लगभग 70 कंपनियों की केंद्रीय बल तैनात की जाएगी। इन चार विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 10 लाख मतदाता हैं। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

# पंजाब भाजपा के चार नेताओं को जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार नेताओं को पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह पत्र चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय को प्राप्त हुआ है। पत्र के साथ एक ज्वलनशील पदार्थ का पैकेट भी मिला है। धमकी मिलने के बाद रातभर चंडीगढ़ पुलिस ने भाजपा मुख्यालय और आसपास सर्च आपरेशन चलाया। इन नेताओं को भाजपा छोड़ने अथवा दुनिया छोड़ने की धमकी देते हुए पत्र में खालिस्तान व पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लिखा गया है। जान से मारने की धमकी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सिख समन्वय समिति व राष्ट्रीय रेलवे कमेटी के सदस्य तेजिंदर सिंह सरां, भाजपा महासचिव परमिंदर बराड़ और भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव श्रीनिवासुलु दी गई है। इन नेताओं ने चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी है। भाजपा नेताओं ने आज पंजाब पुलिस महानिदेशक से मुलाकात का समय मांगा है। इस पत्र में कहा गया है कि आप लोग भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ मिलकर सिखों और पंजाब के लोगों को धोखा दे रहे हैं। सिख मामलों में दखल दे रहे हैं। चारों नेताओं को सिख धर्म का गद्दार बताया गया है। पत्र में कई अन्य आपत्तिजनक बाते लिखी गई हैं।

# इंडोनेशिया में सोने की अवैध खदान में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

**जकार्ता (हि. स.)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की अवैध खदान के ढहने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा मूसलाधार बारिश के कारण हुआ। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गोरोंटालो प्रांत के खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि इस प्रांत के दूरस्थ बोन बोलांगो में एक सोने की खदान में रविवार को करीब 100 ग्रामीण खुदाई कर रहे थे तभी आस5पास की पहाड़ियों से कई टन मिट्टी गिरी जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए। उन्होंने बताया कि मलबे से 44 लोग किसी तरह से बाहर निकल आए तथा कुछ को बचावकर्ताओं ने जीवित बाहर निकाल लिया जिनमें छह घायल शामिल हैं। उनके मुताबिक, बचाव कर्मियों को तीन महिलाओं और चार साल के एक बच्चे समेत 12 शव मिले हैं।

# फ्रांस में किसी भी दल को बहुमत नहीं, वामपंथी गठबंधन सबसे आगे

**पेरिस(हि. स.)।** फ्रांस के संसदीय चुनाव में किसी पार्टी या गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने1 से



त्रिशंकु संसद बन गया है। हालांकि चुनाव में वामपंथी गठबंधन न्यू पापुलर फ्रंट (एनएफपी) ने सबसे अधिक सीटें जीतकर धुर दक्षिणपंथियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां का समय से पहले संसदीय चुनाव कराने का दांव उलटा पड़ गया। कुल 577 सीटों पर हुए चुनाव में वामपंथी गठबंधन एनएफपी 182, मैक्रां के मध्यमार्गी गठबंधन को 168 और मरीन ली पेन गठबंधन को 143 सीट मिली है। जबकि बहुमत के लिए 289 का आंकड़ा जरूरी है। मतगणना में मैक्रां का मध्यमार्गी गठबंधन दूसरे और मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली व उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले एग्जिट पोल में आश्चर्यजनक रूप से दक्षिणपंथियों की जगह वामपंथियों की बढ़त का अनुमान जताने के बाद पूरे फ्रांस में हिंसा भड़क गई। वीडियो फुटेज में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर दौड़ते, आग लगाते हुए और अशांति फैलाते देखा गया। चुनाव परिणामों के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल के इस्तीफे की पेशकश को राष्ट्रपति मैक्रों ने ठुकरा दिया, कहा-देश की स्थिरता के लिए वह स्थायी व्यवस्था होने तक पद पर बने रहें। फ्रांस में 30 जून को हुए पहले चरण के मतदान के बाद दक्षिण पंथी पार्टी नेशनल रैली आगे थी, लेकिन रविवार को दूसरे चरण के मतदान के बाद सोमवार को मतगणना में उभरी तस्वीर से आने वाले दिनों में राजनीतिक उठापठक का खतरा उत्पन्न हो गया है। राष्ट्रपति मैक्रों का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष है। उन्हें नीतियों के कार्यान्वयन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# अपनी ही पार्टी पर क्यों बरस रहे जो बाइडन, नहीं छोड़ेंगे राष्ट्रपति की दावेदारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव इस साल के अंत में होने वाले है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और रिपब्लिक नेता डोनाल्ड ट्रंप के बीच पहला चुनावी डिबेट हुआ। हालांकि, पहली चुनावी डिबेट में ट्रंप के आगे बाइडन पिछड़ गए और उन्होंने बेहद ही खराब प्रदर्शन दिया। इसके बाद से डेमोक्रेट सांसदों ने बाइडन को राष्ट्रपति चुनाव से पीछे हटने की सलाह दी है। हालांकि, जो बाइडन ने साफ कर दिया है कि वह ट्रंप को हराने के लिए सबसे मजबूत कैंडिडेट है। उन्होंने कहा कि वह इस चुनाव में ट्रंप को हराने वाले है। बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे नहीं हटेंगे।

पार्टी सांसदों पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने वाला नहीं हूं। इस बीच बाइडन ने 3 घंटे पहले ङ्क पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रैले में कुछ समय बिताना बहुत अच्छा था। हमारी टीम पहले कभी इतनी उत्साहित नहीं थी। हम सब मिलकर डोनाल्ड ट्रम्प को हरा देंगे। वहीं, बाइडन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने 2024 के बजाय 2020 राष्ट्रपति चुनाव कह दिया। हालांकि, तुरंत ही उन्होंने 2024 कहा लेकिन तब तक उनका ये वीडियो वायल हो गया। मामला शुक्रवार का है, जब बाइडन ने गलती से घोषणा कर दी कि वह फिर से 2020 में रिपब्लिक पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हरा देंगे। उन्होंने तुरंत अपनी गलती सुधारी और कहा, फिर से 2024 में। वायरल वीडियो को spectator inde× ने ङ्क पर शेयर किया है, जिसका कैप्शन है, बाइडेन का कहना है कि वह 2020 में फिर से ट्रंप को हराएंगे। इसे 1.6 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वीडियो पर कई यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे है।

## रूस शब्द सुनते ही.. मॉस्को में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले पीएम मोदी, बताया- तीसरे टर्म में क्या हैं सरकार के तीन बड़े लक्ष्य

**नई दिल्ली** पीएम नरेंद्र मोदी रूस के दो दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने आज मॉस्को में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। बड़ी तादाद में भारतीय समुदाय के लोग प्रधानमंत्री को सुनने समारोह में मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा,÷मैं अकेला नहीं आया हूं, मैं अपने साथ बहुत कुछ लेकर आया हूं। मैं अपने साथ हिंदुस्तान की मिट्टी की महक लेकर आया हूं। मैं अपने साथ 140 करोड़ देशवासियों का प्यार लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने भारत और रूस के संबंध पर कहा,रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है भारत के सुख-दुख का साथी, भारत का सच्चा दोस्त। रूस में सर्दियों के मौसम में तापमान कितना ही माइनस में नीचे क्यों न चला जाए। भारत-रूस की दोस्ती हमेशा प्लस में रह रही है, गर्मी भरी रह रही है। ये रिश्ता आपसी विश्वास और आपसी सम्मान की मजबूत नींव पर बना है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन की तारीफ करते हुए कहा,÷ ये सारी मीटिंग

# खून के गले लग रहे सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात पर फूटा जेलेंस्की का गुस्सा

**संबंधों**

**भारत-रूस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा होगी।**



**मॉस्को।** पीएम नरेंद्र मोदी रूस के दो दिवसीय यात्रा पर हैं।रविवार शाम उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से गर्मजोशी से मुलाकात की। वहीं, 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं के बीच बैठक है। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पहली बार पीएम मोदी रूस की यात्रा पर हैं। हालांकि, पीएम मोदी की ये यात्रा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को रास नहीं आई है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात की निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा,÷ऐसे समय में जब रूस लगातार यूक्रेन पर हमला कर रहा है तब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का वहां जाकर दुनिया के सबसे बड़े अपराधी के साथ गले मिलना बहुत ही दुखद है। बता दें कि आज रूस ने यूक्रेन से मिसाइल से हमला किया था। यूक्रेन का दावा है कि इस मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए, जिनमें से तीन बच्चे थे, और 170 लोग घायल हुए, जिनमें 13 बच्चे शामिल हैं। यूक्रेन ने ये भी दावा किया कि बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला किया गया, जिसमें कैंसर पीड़ित बच्चों का इलाज चल रहा था।भारत-रूस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा होगी। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध बातचीत का एक अहम मुद्दा हो सकता है।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस अधिकारी की गाड़ी पर बंदूकधारियों ने किया हमला, हादसे में दो बच्चों सहित तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस अधिकारी और दो बच्चों की हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी पुलिस के हवाले से सामने आई है। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा के अशांत लक्की मरवात जिले में हुई जब बाइक सवार बंदूकधारियों ने पुलिस अधिकारी की कार पर हमला कर दिया। इस दौरान कार में सवार दो महिलाएं बच गईं। गोलीबारी में 8-12 साल की उम्र के बच्चों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधिकारी का परिवार इलाज के लिए पेशावर जा रहा था, तभी बंदूकधारियों ने कुर्रम टोल प्लाजा के पास चलती गाड़ी पर गोलीबारी की।

# अमेरिका में पहाड़ पर चढ़ाई करते समय गायब हो गया था पर्वतारोही, 22 साल बाद मिला सुराग तो हुआ ये खुलासा



**पेरू।** अमेरिका के पेरू में एक शख्स 22 साल पहले बर्फीली चोटी पर चढ़ते समय गायब हो गया था। फिर जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ पिघली और शख्स की तलाश की गई। शख्स की उम्र 59 साल बताई जा रही है, और नाम विलियम स्टैम्पफल बताया जा रहा है। जून 2002 में विलियम स्टैम्पफल के लापता होने की सूचना मिली थी। बता दें कि जून 2002 में 59 साल की उम्र में विलियम स्टैम्पफल के लापता होने की सूचना मिली थी, जब 6,700 मीटर (22,000 फीट) से अधिक ऊंचे हुस्करन पर्वत पर हिमस्खलन के कारण उनका पैर दब गया था। शख्स की तलाश के लिए बचाव प्रयास ने पूरी कोशिश की। पेरू पुलिस ने इस घटना की जांच की और घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब उसका शव एंडीज के कॉर्डिलेरा ब्लैंका रेंज पर बर्फ पिघलने के बाद मिला है।

22 साल बाद शख्स का शव वहां से मिला है। पेरू पुलिस ने बताया, टैम्पफ्ल का शरीर, साथ ही उसके कपड़े, उसके जूते मिले। वहीं तलाश के दौरान शख्स का पासपोर्ट भी मिला जिससे पुलिस को शव की पहचान करने में मदद मिली। पूर्वोत्तर पेरू के पहाड़ की खासियत ये है कि यहां हुस्करन और कैशन जैसी बर्फीली चोटियां हैं और दुनिया भर के पर्वतारोहियों को पसंद है, अक्सर लोग यहां चढ़ाई करने आते रहते हैं। एक अन्य मामले में मई में एक इजरायली यात्री का शव उसके गायब होने के लगभग एक महीने बाद वहां पाया गया था।

# मेडिकल कॉलेज में सुविधा न मिलने पर नाराज़ हुई विधायक

## डॉ रागिनी बोलीं, विद्यार्थी किताबी डॉक्टर ना बने शीघ्र समाधान कराएंगे

**तीन घंटे तक किया निरीक्षण बोलीं मामला सदन में उठेगा**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उमानाथ सिंह स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शिक्षा और दुर्व्यवस्था को लेकर मछलीशहर की सपा विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने गंभीर आरोप लगाया है । सोमवार को उन्होंने कालेज परिसर में 3 घंटे निरीक्षण करने के बाद कहा कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को किताबी डॉक्टर बनाया जा रहा है । उन्हें प्रैक्टिकल की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस का चौथा बैच आने को है इन छात्रों को सर्जिकल की जानकारी देने का समय है लेकिन कोई जिम्मेदार चिकित्सक नहीं है जो यहां से छात्रों को जिला अस्पताल ले जाए और उन्हें जानकारी हासिल कराए। इसे उन्हें उन्हें व्यावहारिक ज्ञान नहीं मिल रहा है। विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर मेडिकल कॉलेज की चरमराई व्यवस्था पर गंभीर रूप से नाराजगी जताई और कहा कि मेडिकल के विद्यार्थियों के दुख दर्द को विधानसभा में उठाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने ओपीडी, प्रशासनिक भवन और हॉस्टल का बारी-बारी से निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की व्यवस्था का हाल जाना कहा कि दूसरों को स्वस्थ रहने की सलाह देने वाली चिकित्सक खुद अस्वस्थ हो जाएंगे क्योंकि छात्रावास के सामने नाले का पानी बह रहा है। परिसर में भी क्रिकेट से जाने वाले मार्ग पर बरसात का पानी लगा हुआ था। लेक्चर हाल में पार्टीशन डाल कर क्लास चलाने पर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि एक क्लास की आवाज दूसरे क्लास में जा रही है इससे छात्रों को पठन पाठन में मुश्किलें हो रही है। यहां के छात्राओं ने दुखी मन से निंदा करते हुए कहा कि हमें किताबी डॉक्टर बनाया जा रहा है। यहां की पूरी व्यवस्था चौपट हो गई है बिजली पानी की समस्या 10 दिनों तक बनी रहती है। डॉ सोनकर ने कहा कि सपा के कार्यकाल में बना मेडिकल कॉलेज के अधूरे कार्यों का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने यहां के लोगों के साथ अन्याय किया है। साथ में मेडिकल कॉलेज को फंड न देने के कारण यहां के विद्यार्थियों की पढ़ाई और चिकित्सा सुविधा बेकार हो गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सवाल उठाकर यहां की व्यवस्था को ठीक कराया जाएगा ताकि यहां ओपीडी के साथ मरीज के भरती की व्यवस्था सुचारू रूप से चले। साथ में कुछ महत्वपूर्ण जांच की भी सुविधा यहां के लोगों को उपलब्ध हो सके।

# रोटरी प्लैटिनम उद्यान तरु-छाया का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम द्वारा आज चंद्रशेखर पार्क, कम्पनी बाग गार्डन के अंदर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पारितोष बजाज और विशिष्ट अतिथि उमेश चंद्र उत्तम, अधिक्षक, राजकीय उद्यान एवं शशांक जैन अध्यक्ष रोटरी प्लैटिनम द्वारा उद्यान का उदघाटन किया गया। अध्यक्ष शशांक जैन ने बताया कि अधिक्षक ने रोटरी प्लैटिनम उद्यान हेतु जगह प्रदान की, जिसमें सैकड़ो की संख्या में आज पौधारोपण किया गया। पर्यावरण डायरेक्टर अपूर्व और चेयरपर्सन कल्पना गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा इस उद्यान की निरन्तर देखरेख की जायेगी। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पारितोष बजाज ने अध्यक्ष और बोर्ड मेंबर्स से अपील की उद्यान की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए कमेटी गठित करें और निरतंर साल दर साल इसकी देखभाल करते रहे। गवर्नर ने यह भी बोला कि रोटरी पब्लिक इमेज के लिए यह प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा और पर्यावरण सेवा में बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप मुखर्जी, अस्सिस्टेंट गवर्नर सौरभ पूरी, डी जी आर एच पंकज जैन, पूर्व अध्यक्ष रितेश सिंह, पियुष रंजन अग्रवाल, सचिव सुमित अग्रवाल व क्लब ट्रेनर संजय तलवार सहित रामानुजम पब्लिक स्कूल के अध्यापक और बच्चे उपस्थित रहे।

# भारत के युवाओं की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रही अभाविपः आशीष चौहान

**अभाविप ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, प्रयाग महानगर में संगोष्ठी का किया गया आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयाग महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा आज अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के मालवीय सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आनंद शंकर सिंह की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि आज अभाविप का 76वां स्थापना दिवस है और अभाविप की यह यात्रा भारत के विकास की यात्रा रही है। ÷ज्ञान, शील, एकता÷ ध्येय वाक्य के साथ कार्य करने वाले अभाविप कार्यकर्ताओं ने सदैव ही राष्ट्र प्रथम भावना के साथ कार्य किया है। आज अभाविप की आवाज़, भारत के युवाओं की आवाज़ का प्रतिनिधित्व कर रही है और विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में कार्य कर रही है। विद्यार्थी परिषद ने खुद को कभी दलगत राजनीति का हिस्सा नहीं बनाया, आज भी छात्र हितों की बात जहां आती है अभाविप प्रखरता से उसके समाधान हेतु कार्य करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद शंकर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यशैली भारतीय समाज की कार्यशैली है और अभाविप के कार्यकर्ता राष्ट्र पुनर्निर्माण हेतु कार्यरत हैं। अभाविप ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इकाई की इकाई उपाध्यक्ष स्वाति पलक और इकाई मंत्री दिव्यांश उपाध्याय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्षों की ध्येय यात्रा को पूर्ण कर 76वें वर्ष में प्रवेश किया है और आज विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में बनकर उभरी है। आज अभाविप शिक्षा के साथ समाज, पर्यावरण, सेवा, खेल, तकनीकी, आदि क्षेत्रों में भी प्रमुखता से कार्य कर रही है।

# इंद्रनील, हर्षित, आदर्श ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत

**तीसरी राष्ट्रीय फुटसल क्लब प्रतियोगिता में रहे उपविजेता**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा स्वर्णिम स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय वडोदरा गुजरात में आगामी 27 जून से 7 जुलाई तक खेली गयी तीसरी राष्ट्रीय फुटसल क्लब प्रतियोगिता के लिए गोलाज़ो फुटबॉल क्लब पुणे उपविजेता रही। जिसमे प्रयागराज के नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष गोलकीपर प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त थे जबकि नॉर्दन के दो फुटबॉल खिलाडी हर्षित ओझा एवं आदर्श प्रतियोगिता की उपविजेता टीम गोलाज़ो फुटबॉल क्लब के सदस्य थे। गोलाज़ो फुटबॉल क्लब ने तीसरी राष्ट्रीय फुटसल (फाइव ऐ साइड फुटबॉल) क्लब प्रतियोगिता में रजत पदक जीता एवं टीम के उपविजेता होने पर एआईएफएफ की ओर से दो लाख रुपए भी टीम को उपविजेता होने पर मिले। इंद्रनील अभी हाल ही में पेफी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रहे उत्तर प्रदेश अन्डर-17 राज्य फुटबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक थे। इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है। इस उपलब्धि पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी, प्रधानचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 शैलेश वर्मा, सी ऐ वी अन्तर कॉलेज के मैनेजर हनुमान उपाध्याय, अजीत, फुटबॉल प्रशिक्षक संजय भट्टाचार्य, सुनील निगम, सुशील कुमार ने शुभकामनाये दीं।

## दलित बस्तियों में सहभोज और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अजय राय के स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि के अवसर पर चलाए जा रहे दलित बस्तियों में सहभोज और श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अनुसार शहर कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ ने गुलामी का पूरा दलित बस्ती में शहर सचिव बालचंद राम के आवास पर सहभोज एवं श्रद्धांजलि के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और और बुद्धिजीवियों ने बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला इसके बाद सभी ने एक साथ जमीन में बैठकर भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करने वाले में सभी जाति धर्म मजहब के लोग उपस्थित रहे शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम ने कहा की 1922 में आरा टाउन स्कूल में दाखिला लिया। यहीं पर उन्हें पहली बार जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा। फिर भी वे इससे अडिग रहे। इस स्कूल में एक घटना सामने आई स्कूल में दो पानी के बर्तन रखने की परंपरा थी। एक हिंदुओं के लिए और दूसरा मुसलमानों के लिए।

# प्रयागराज मण्डल में फ्रंट लाइन स्टाफ के लिए सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग शुरू

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मंगलवार को मण्डल रेल प्रबन्धक हिमांशु बडोनी के निर्देशन में प्रयागराज जंक्शन के स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी की देखरेख में प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर कर्मचारियों को सॉफ्ट स्किल्स संबंधी प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग में यात्रियों के सीधे संपर्क में आने वाले फ्रंट लाइन स्टाफ- टिकट निरीक्षक, स्वछता कर्मी, बुकिंग लिपिक, आरक्षण लिपिक, पार्सल लिपिक, खानपान की सेवायें उपलब्ध करने वाले स्टाफ को वाणिज्य विभाग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

स्टेशन प्रबंधक प्रयागराज जंक्शन, दिलीप ठाकुर, वाणिज्य विभाग से मास्टर ट्रेनर राकेश श्रीवास्तव ट्रेनिंग समन्वयक, प्रखर शर्मा, दिवाकर शुक्ला, नरेंद्र सिंह, आर.बी साहू, मिथलेश कुमार एवं कमलेश कुमार फ्रंट लाइन स्टाफ को यात्रियों की सुखद और अच्छे अनुभव वाली यात्रा के लिए पाठ पढ़ाया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर्स को यात्रियों की स्टेशन पर और गाड़ी में यात्रा के दौरान पानी की समस्या, गंदे लिनेन, शौचालयों का साफ़-सुथरा न होना, पंखे ख़राब होना, स्वच्छता, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट बोर्ड ख़राब होना इत्यादि समस्याओं का त्वरित समाधान कैसे किया जाए, इस पर भी चर्चा की गयी। यात्रा के दौरान यात्रियों से मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को विनम्रता से सुनना और सहज भाव से उसका सुझाव देना, इन सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जिससे जन परिवाद को सरलता से कम किया जा सकता है।

स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी ने कर्मयोगियों को प्रशिक्षण देते समय जन परिवाद को कम करने के विभिन्न सुझावों पर चर्चा की। आगामी कुम्भ मेला में आने वाले करोड़ों यात्रियों को विनम्र व्यवहार, उन्नत सुविधा और बेहतर प्रबंधन से श्रेष्ठ सेवाओं को यात्रियों तक किस प्रकार पहुंचाया जा सकता है, इसका भी प्रशिक्षण कर्मयोगियों को दिया गया। प्रशिक्षण में वाणिज्य सुपरवाइजर (बुकिंग, पार्सल, गुड्स), आरक्षण सुपरवाइजर, टिकट निरीक्षक, खान-पान निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री राम दरबार प्रतिमा की निकाली गई शोभा यात्रा



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मुंगराबादशाहपुर थाने के बगल स्थित शिव मंदिर में श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व में श्री राम दरबार प्रतिमा की नगर में भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें राम, लक्ष्मण,सीता व हनुमान की प्रतिमा यहां स्थापित की गई।शोभा यात्रा थाना से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचकर समाप्त हो गई। शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर रथ के पीछे नाचते गाते व संकीर्तन करते हुए चल रही थी। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के छतो शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की। जगह-जगह महिलाओं ने रथ को रोक कर भगवान श्री राम दरबार की आरती कर आशीर्वाद ली। पंडित मनोज त्रिपाठी महाराज द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सकुशल संपन्न किया गया।विधि विधान के साथ मंदिर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना के साथ पूर्वाहुति कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर हरिओम केसरी, चंदन मोदनवाल, नागेंद्र मोदनवाल, टिंकू केसरवानी, शिव गोविंद साहू, राकेश मोदनवाल, विशंभर दुबे, संदीप केसरी, महेश मिश्रा, प्रदीप कुमार,सुरेंद्र यादव, सलिकराम,सूर्यलाल जायसवाल, महेश चंद केसरी व रानू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### 14 जुलाई तक बाधित रहेगी विद्युतापूर्ति

**जौनपुर।** अधिशासी अभियन्ता इं. ए0के0 सिंह ने 33/11 के0वी0 छातीडीह एवं टण्डवा उपकेन्द्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराया कि 10 से 14 जुलाई तक 33 केवी चौरी लाइन के जर्जर तारों को बदलने का कार्य दिन के 11 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 6 बजे तक किया जायेगा। इसके चलते 10 से 14 जुलाई को दिन के 11 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि जर्जर तारों को बदलने के कार्य के दौरान विद्युत कटौती अवधि में अपना सहयोग प्रदान करें।

### ताजिया निर्माण को अंतिम रूप देने में जुटे लोग



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाले मोहर्रम की तैयारी नगर व ग्रामीण इलाकों में युद्ध पर स्तर जारी है। विभिन्न प्रकार के ताजिए निर्माण कार्य को लेकर कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं।मुहल्ला सिपाह, डफलियान, नई बाजार, मछली गली, कमालपुर, सराय आदि में शाम होते ही ढोल ताशे बजाने शुरू हो गये हैं। 16 जुलाई को रात्रि में तथा 17 जुलाई की दोपहर ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। ताजिया जुलूस निकलने को लेकर युवा उत्साहित नजर आ रहे हैं।जुलूस के दौरान करतब दिखाने का अभ्यास शुरू हो चुका है हैं।ताजिया निर्माण मे जुटे खालिद अंसारी, मोहम्मद तनवीर,सैफ, सलमान मोहसिन, अरशद, व खलीक ने बताया की ताजिया तीन हिस्सों में बनाया जा रहा है।ताजिया की लंबाई करीब 8 से 10 फिट होगी। हर कारीगर अपनी बेहतरीन कारीगरी के जरिए अपने ताजियों की खूबसूरती को चार चांद लगाने में दिन रात पसीने बहा रहा हैं।

### पैन व आधार नम्बर से लिंक करा लें पेंशनस

**जौनपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कोषागार जौनपुर से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को अवगत कराया कि जिनका पैन एवं आधार नम्बर से लिंक नहीं है, से अपेक्षा है कि वे अपना पैन नम्बर आधार नम्बर से अतिशीघ्र लिंक करवा लें जिससे उनकी पेंशन से की गयी आयकर कटौती की ई-फाइलिंग की जा सके। पैन नम्बर से आधार नम्बर लिंक न होने की दशा में आयकर की परीधि में आने पर नियमानुसार सम्पूर्ण धनराशि पर 20 प्रतिशत की दर से आयकर देय होगा। सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों से अपेक्षा है कि उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये अतिशीघ्र अपना पैन एवं आधार नम्बर से लिंक करवा लें। आधार से पैन लिंक न होने की दशा में 20 प्रतिशत की दर से आयकर कटौती हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### बन्दोबस्त अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार



**आजमगढ़।** जनपद सुल्तानपुर से स्थानान्तरित होकर आजमगढ़ आये बन्दोबस्त अधिकारी अनिल कुमार ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जनहित को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करूंगा। हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि किसी के साथ कभी अन्याय न हो। इस दौरान उनका बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी प्रजापति ममगई, च0अ0 राकेश कुमार सिंह, बड़े बाबू प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप दूबे, रमेश यादव, राजबहादुर, राहुल पाल एवं समस्त चकबन्दी कर्मचारियों द्वारा पुष्प एवं बुके भेंटकर स्वागत किया गया।

# करबला हो गई तैयार, खुदा खैर करे

**मोहर्रम की दूसरी तारीख पर अनेक इलाकों में जारी रहीं मजलिसें**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माहे मोहर्रम की दूसरी तारीख को मदीना छोड़कर इमाम हुसैन अपने अंसारों अक़रुबा के साथ करबला में खैमे नसब करने पहुंचे थे। माहे मोहर्रम की दूसरी को विभिन्न इलाक़ों में मजलिस जारी रही। ओलमा ने अपने बयान में यह ज़िक्र किया कि जब नवासा ए रसूल इमाम हुसैन करबला पहुंचे तो सबसे पहले उस ज़मीन को खरीदा जिसे पहले नैनवां भी कहा जाता था जो आज इराक़ के करबला के नाम से जानी जाती है, जहां दुनिया भर के लोग लाखों की संख्या में ज़ायर रौज़ा ए अक़दस की ज़ियारत को जाते हैं।

चक ज़ीरो रोड स्थित इमामबाड़ा डिप्यूटी ज़ाहिद हुसैन में मजलिस को मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी ने खिताब करते हुए यज़ीदी लश्कर के खानदाने रिसालत पर पानी का पहरा लगाने के साथ तमाम ज़ुल्मो सितम की दास्तां बयां की।

इसी क्रम में इमामबाड़ा नज़ीर हुसैन बख्शी बाज़ार में अशरे की मजलिस को मौलाना आमिरुर रिज़वी तो घंटाघर स्थित इमामबाड़ा सय्यद मियां में ज़ाकिरे अहलेबैत रज़ा अब्बास ज़ैदी ने खिताब किया। रज़ा इस्माईल सफवी व साथियों ने मर्सिया पढ़ा। वहीं शाहगंज के बरनतला में अज़ाखाना फातेह जोहरा में अशरे की दूसरी मजलिस में अब्बास ज़की पासबां ने ग़मगीन मर्सिया पढ़ा तो ज़ाकिरे अहलेबैत अख्तर हसन नजफी साहब क़िबला ने करबला के बहत्तर शहीदों का ग़मगीन तज़केरा किया तो हर आंख नम हो गई। इसी प्रकार बख्शी बाज़ार स्थित मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन के अज़ाखाने पर माहे मोहर्रम की दूसरी को मजलिस आयोजित की गई। मौलाना आमिरुर रिज़वी ने मजलिस को खिताब किया तो अन्जुमन ग़ुन्चा ए कासिमिया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

**लगाई गई ठण्डे पानी व शर्बत की सबील**

खानदाने रिसालत पर करबला की ज़मीन पर यज़ीदी लश्कर के ज़ुल्मो सितम के साथ पानी पर भी पाबन्दी लगा दी गई थी। नहरे फ़ुरात से खैमों को उखाड़ने पर मजबूर करने के साथ यज़ीदी लश्कर ने पहरा लगा दिया। छह माह के अली असगर को भी पानी नहीं दिया। खानदाने रिसालत तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया। उन्हीं की याद में चौक कोतवाली के पास शाहरुख क़ाज़ी व मोमनीन की तरफ से ठण्डे पानी व शर्बत की सबील लगातार दस दिनों तक संचालित हो रही है, जहां राह चलने वालों के साथ तमाम लोग सैराब हो रहे हैं और प्यासे हुसैन की प्यास की शिद्दत का एहसास कर अश्कबार हो रहे हैं।

## सीडीओ ने किया भगवतपुर ब्लाक औचक निरीक्षण

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी ने भगवतपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण कर कार्य में लापरवाही बरतने वाले निरंकुश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ा संदेश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा भगवतपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे अधिकारी एवं कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में फैली गंदगी को देखकर साफ - सफाई को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की और जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई।

भगवतपुर ब्लाक का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मोहिद्दीनपुर भरेठा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेय जल हेतु पानी की टंकी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत निर्मित टीएचआर प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सेवढ़ा नहर पटरी रोड से मोहिद्दीनपुर समरहा तक निर्माणाधीन संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया।

# डीम से मिला भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रवीण श्रीवास्तव धुन्नु भैया एवं जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा गंगा पार प्रयागराज लक्ष्मीकांत उपाध्याय के नेतृत्व आज जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने पूरे जिले में तहसील स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कार्यों को निष्पादन में प्रशासनिक उदासीनता में ध्यान आकर्षित करते हुए 90त्न राजस्व के मामले में जो निस्तारण के उपरांत भी लेखपाल और उनके ऊपर के अधिकारियों के द्वारा जानबूझकर लटकाया जाता है और जो कार्य बिना विवाद के न्यायपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सकता है। तहसील दिवस पर आदेश के उपरांत भी उच्च अधिकारियों के आदेश कई कई महीने लेखपाल द्वारा लटकाए जाने एवं हीला हवाली करने से मारपीट व हत्या जैसी घटनाएं होती हैं। जिसका परिणाम अभी हाल ही में सोरांव तहसील के ग्राम सभा अब्दालपुर में हुई हत्या साक्ष्य है। जिसमें पूर्ण रूप से लेखपाल के कार्यों के द्वारा ही यह स्थिति उत्पन्न हुई। मुख्य रूप से आज यह मांग की गई की तहसीलों में तैनात उप जिला अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की समय पर कार्य निष्पादन ना होने पर जिम्मेदारी तय की जाए।

आज के ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रभाकर द्विवेदी जिला महामंत्री किसान मोर्चा, काशी दुबे जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, गोरखनाथ सिंह जिला उपाध्यक्ष, गुड़िया सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी, दीपांकर दुबे मंडल अध्यक्ष, सुनील मौर्य, अजय कुमार शुक्ला आदि कार्यकर्ता प्रतिनिधि मण्डल के साथ रहे।

# हूंसेपुर गौशाला का निरीक्षण करते नवागत एसडीएम राजकुमार बैठा

अवधनामा संवाददाता



**बुढनपुर आजमगढ़।** जिले के बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के हूंसेपुर सनूप ग्रामसभा में गौशाले का नवागत एसडीएम बूढ़नपुर राजकुमार बैठा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बरसात की वजह से हुई गन्दगी को शीघ्र ही निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पूरे गौशाले के बारे में ग्राम पंचायत सचिव से विस्तृत जानकारी ली गई। मीडिया से बातचीत करते हुए एसडीएम बूढ़नपुर राजकुमार बैठा ने बताया कि आज गौशाले का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गौशाला में बरसात की वजह से कीचड़ देखने को मिली जिसे तत्काल साफकरने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा गौशाला में गंदगी ना हो इसके लिए प्रबंध करने का भी निर्देश दिया गया है। गौशाला में सभी जानवर स्वस्थ पाए गए। मौके पर पशु चिकित्सक भी मौजूद रहे। एसडीएम ने आगे बताया कि गौशाला में चारे का भी उचित प्रबंध किया गया है। फ्लिहाल जो भी कमियां है उसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। पूरे तहसील में हम लगातार इसी तरह से गौशाला का निरीक्षण करेंगे और जो भी कमियां हैं उन्हें जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास करेंगे। बरसात के मौसम को देखते हुए उचित प्रबंध करने का भी निर्देश दिया गया है।

# रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क कैम्प का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आज रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। यह रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बरसात का है ऐसे में खाने-पीने के समान को साफ सफाई से रखें और घरों को भी साफ सुथरा रखें क्योंकि उमस बहुत पीने का पानी उबाल कर ठंडा करके इस्तेमाल करें ऐसे में गर्भवती महिलाएं हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 57 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। महीने के 9 तारीख कभी ना भूले अपने घर के अगल-बगल हर किसी को यह बात बताएं की रमा हॉस्पिटल में 9 तारीख को निशुल्क शिविर गर्भवती महिलाओं के लिए चलता हमारा उद्देश्य पूर्वांचल के लोगो तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लम्बे समय समय से प्रत्येक माह के 9 तिथि में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे हजारों लोग अब तक लाभांवित हो चुके है। इसके अलावा हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की 9 तारीख को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# डीएफएस सचिव ने कहा-हाशिए पर पड़े वर्गों की बैंकिंग जरूरत पूरा करे निजी क्षेत्र के बैंक

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के डीएफएस सचिव डॉ विवेक जोशी ने मंगलवार को यहां निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। डॉ. जोशी ने निजी बैंकों से हाशिए पर पड़े वर्गों की सेवा करने और उनकी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने पर अधिक जोर देने का आह्वान किया।

वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वित्तीय सेवा विभाग सचिव डॉ विवेक जोशी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और जन समर्थ पोर्टल सहित वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति और प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक

**रेखांकित**

**डॉ जोशी ने सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के माध्यम से देश में सामाजिक सुरक्षा के विस्तार और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में हुई महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया।**

के दौरान डॉ जोशी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन



योजना (एपीवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), पीएम विश्वकर्मा आदि सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकों की शाखाएं खोलने और बैंक रहित गांवों में बैंकिंग संवाददाताओं (बीसी) की तैनाती की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

डॉ जोशी ने सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के माध्यम से देश में सामाजिक सुरक्षा के विस्तार और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में हुई महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए निजी बैंकों द्वारा की गई प्रगति पर विस्तार से चर्चा की और उनसे वित्तीय समावेशन योजनाओं में अपनी भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया। डॉ जोशी ने निजी बैंकों से समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों की सेवा करने और उनकी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने पर अधिक जोर देने का आह्वान किया। इस बैठक के दौरान जन समर्थ पोर्टल की विशेषताओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें डॉ जोशी ने जन समर्थ पोर्टल के महत्व पर प्रकाश डाला, जो केंद्र सरकार की क्रेडिट-लिंक्ड योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर प्रस्तुत करता है। यह मंच ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाता है और ग्राहकों को जोड़ने में बैंकों की सहायता करता है।

# खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 1.55 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** देश में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने नया रिकॉर्ड बनाया है। केवीआईसी का सालाना कारोबार बीते वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.55 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केवीआईसी ने उत्पादन, बिक्री एवं नए रोजगार सृजन में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार वित्त वर्ष 2023-24 में केवीआईसी उत्पादों की बिक्री 1.55 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। इससे 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की



बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी।

उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 फीसदी जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 फीसदी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये रही थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

केवीआईसी चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए हैं, जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है। इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।

# सीसीपीए ने 'यात्रा' को लॉकडाउन प्रभावित उपभोक्ताओं को बुकिंग राशि वापस करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मंगलवार को ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म 'यात्रा' (यात्रा डॉट कॉम) को कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन




प्रभावित उपभोक्ताओं को बुकिंग राशि वापस करने का निर्देश दिया है।

सीसीपीए ने जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि कोरोना लॉकडाउन में प्रभावित एयर पैसेंजर्स की बुकिंग राशि वापस मिलेगी। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान 'यात्रा' के जरिए एयर टिकट बुक कराने वाले ग्राहकों को बुकिंग राशि वापस करने का निर्देश दिया गया है। कोरोना महामारी के दौरान इन यात्रियों की फ्लाइट्स कैंसिल हो गई थी। ऐसे यात्रियों की संख्या हजारों में हैं, जिनकी 2.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि %यात्रा' के पास बाकी है। मंत्रालय के मुताबिक ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म 'यात्रा' के पास 2.5 करोड़ से अधिक राशि अभी भी रिफंड के लिए लंबित हैं। मंत्रालय ने बताया कि करीब 23 करोड़ उपभोक्ताओं को बुकिंग राशि वापस की गई है। इसके साथ ही उपभोक्ता शिकायतों के निर्बाध समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने एजेंसी के माध्यम से 5 पेशेवरों की नियुक्ति की है।

मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए में सुनवाई के दौरान मेकमाईट्रिप, ईजमाईट्रिप, क्लियरट्रिप, इक्सिगो और थॉमस कुक जैसे कई अन्य ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने बताया कि जिन हवाई यात्रियों की टिकटें कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रभावित हुई थीं, उन्हें पूरी राशि वापस कर दी गई है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'यात्रा' ने बताया कि उसने ग्राहकों को 87 फीसदी राशि रिफंड कर दी है, उसे 13 फीसदी राशि और वापस करनी है। सीसीपीए ने अपने आदेश में समय पर रिफंड के महत्व पर जोर दिया है। इसके साथ ही 'यात्रा' को सभी लंबित बुकिंगों का पूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए इस जारी निर्देश का पालन करने को कहा गया है।

# फ्लाई ऐश के निपटान के लिए 13 थर्मल पावर प्लांट को 19 कोयला खदानें आवंटित

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने थर्मल पावर प्लांट द्वारा उत्पन्न फ्लाई ऐश के उचित निपटान के लिए 13 थर्मल पावर प्लांट को 19 कोयला खदानें आवंटित की हैं। मंत्रालय ने कोयला खदानों के रिक्त स्थानों को आवंटित करके फ्लाई ऐश के उचित निपटान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है।

कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि फ्लाई ऐश निपटान के लिए थर्मल पावर प्लांट को 19 कोयला खदानें आवंटित की गई हैं। इस संबंध में कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता में 2023 में एक केंद्र स्तरीय कार्यसमूह (सीएलडब्ल्यूजी) का गठन किया गया था। इसके तहत इच्छुक ताप बिजली संयंत्र (टीपीपी) केंद्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) के समक्ष खदानों के रिक्त स्थानों के आवंटन के लिए आवेदन करते हैं, जिसके बाद सीएलडब्ल्यूजी की बैठक में प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

मंत्रालय ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत 13 टीपीपी को कुल 19 खदानें आवंटित की गई हैं। इन आवंटन से फ्लाई ऐश निपटान से जुड़ी पर्यावरणीय चिंताओं का समाधान होता है और कोयला खनन क्षेत्र के भीतर टिकाऊ व्यवहार को बढ़ावा देता है।

गौरतलब है कि फ्लाई ऐश में सभी प्रकार की राख शामिल हैं, जो कोयला खदान से निकलती हैं। इनमें इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपिटेटर ऐश, ड्राई फ्लाई ऐश, बॉटम ऐश, तालाब की राख और टीले की राख। सिलिकॉन डाइऑक्साइड, कैल्शियम ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड से भरपूर होने के कारण इनका विभिन्न गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

# रैलिस इंडिया ने सोयाबीन और मूंगफली की फसलों में खरपतवार पर बेहतरीन नियंत्रण के लिए लॉन्च किया

## एक अनूठे और अलग किस्म का फॉर्म्युलेशन मार्क प्लस

टाटा समूह के उद्यम और भारतीय कृषि इनपुट उद्योग की अग्रणी कंपनी, रैलिस इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में एक नया खरपतवार नाशक, मार्क प्लस लॉन्च किया है। मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए प्रभावी खरपतवार नाशक गुणों के साथ यह इन पर व्यापक नियंत्रण प्रदान करता है। इस उत्पाद को शुरुआत में मध्य प्रदेश में लॉन्च किये जाने के बाद गुजरात, महाराष्ट्र और देश भर के अन्य प्रमुख बाज़ारों में भी पेश किया जाएगा।

मार्क प्लस शक्तिशाली खरपतवार नाशक है, जो सोयाबीन और मूंगफली की फसलों में खरपतवार उगने से पहेले के दौर में विभिन्न किस्म के खरपतवारों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करता है। इसे उन्नत शोध के ज़रिये तैयार किया गया है और इसमें दो सक्रिय अवयवों का एक नया फॉर्म्युलेशन है, जिसे पहली बार भारत में पेश किया जा रहा है। मार्क प्लस, दो अलग-अलग तरीकों से काम करता है- यह एएलएस (खरपतवार के बढ़ने के लिए आवश्यक एक एंज़ाइम) को रोकता है और माइक्रोट्यूब्यूल के निर्माण (खरपतवार में कोशिका विभाजन के लिए आवश्यक) को बाधित करता है। यह दोहरी प्रक्रिया व्यापक और दीर्घकालिक खरपतवार नियंत्रण सुनिश्चित करती है।

रैलिस इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, एस नागराजन ने नए लॉन्च किए गए खरपतवार नाशक उत्पाद के लाभों के बारे में कहा, हम मार्क प्लस को पेश करते हुए उत्साहित हैं, जो मूंगफली और सोयाबीन की फसलों में खरपतवार नियंत्रण की ज़रूरत को पूरा करने के लिए तैयार किया गया एक प्रभावी और उन्नत खरपतवार नाशक है। यह खरपतवार नाशक उत्पाद, रैलिस का अनूठा उत्पाद है और किसानों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

रैलिस इंडिया के अन्य उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://www.rallis.com/ पर लॉग इन करें।

# नई गैलेक्सी वॉच एवं बायोऐक्टिव सेंसर की मदद से पायें स्वास्थ्य के बारे में और भी ज्यादा सटीक जानकारी

**गुरुग्राम।** सैमसंग डिजिटल हेल्थ इनोवेशन के ज़रिए आपके स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती को ज़्यादा आसान और बेहतर बनाने के लिए गहन जानकारियों और कई स्वास्थ्य मानकों को एक साथ ला रहा है। इससे आपको ज्यादा असरदार और बेहतरीन स्वास्थ्य अनुभव मिलेगा। सैमसंग ने अपने बायोएक्टिव सेंसर की मदद से आपको ज़्यादा व्यापक, व्यक्तिगत और बेहद सटीक स्वास्थ्य डेटा देकर सरल और सटीक स्वास्थ्य निगरानी तक पहुंच प्रदान करने की पहल की है।

इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग अपने बायोएक्टिव सेंसर के नवीनतम संस्करण के साथ स्वास्थ्य निगरानी में नए मानक स्थापित कर रहा है। यह सेंसर अगली गैलेक्सी वॉच में होगा और यह न केवल अधिक सटीक हेल्थ मेजरमेंट्स प्रदान करेगा, बल्कि वियरेबल डिवाइस पर पहले कभी नहीं देखी गई उन्नत प्रेडिक्टिव एवं प्रिवेंटिव वेलनेस सुविधाओं को भी सक्षम करेगा।

**पेश है सैमसंग का नया बायोएक्टिव सेंसर**

अगली गैलेक्सी वॉच आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नए बायोएक्टिव सेंसर के साथ आएगी। इस सेंसर की डिजाइन में कई सुधार किये गये हैं जिसकी वजह से ये पहले की तुलना में अधिक सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है। इससे आपको अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रखने में मदद मिलती है। सैमसंग के इंजीनियरों ने इस नए सेंसर को बनाने में तीन मुख्य सुधार किए हैं- सबसे पहले लाइट रिसीविंग फोटोडायोड का प्रदर्शन बढ़ाया गया है, वहीं, लाइट-एमिटिंग डायोड (एलईडी) के अतिरिक्त रंग जोड़े गए हैं और उन्हें सेंसर में बेहतरीन ढंग से व्यवस्थित किया गया है।

सैमसंग ने प्रत्येक फोटोडायोड के प्रदर्शन को दोगुना से अधिक कर दिया है, कंपनी ने क्षमता को बरकरार रखने के लिए जरूरी फोटोडायोड की संख्या सफलतापूर्वक कम कर दी है। आठ की जगह अब केवल चार फोटोडायोड का इस्तेमाल किया गया है। इस बदलाव से सेंसर में काफी जगह बच गई है और इसका उपयोग बड़ी संख्या में तरह-तरह की एलईडी जोड़ने के लिए किया गया है। नए सेंसर में अब हरे, लाल और इन्फ्रारेड एलईडी के अलावा नीले, पीले, बैंगनी और पराबैंगनी एलईडी भी हैं। इन एलईडी, फोटोडायोड और खासतौर से डिजाइन किये गये फोटोडायोड को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करके, सैमसंग इनोवेशन को एक कदम आगे ले जा रहा है। इन सेंसर्स की मदद से अब वियरेबल्स पर स्वास्थ्य पर नजर रखने के अनछुए पहलुओं का अनुभव होगा।

**स्वास्थ्य पर बेहतर ढंग से निगरानी करने में अधिक सटीकता और नई संभावनाएं**

हरे, लाल और इन्फ्रारेड एलईडी का बेहतर आवंटन वियरेबल टेक्नोलॉजी में नए मानक स्थापित करता है। इसके लिए सटीकता में सुधार किया गया है और विभिन्न स्वास्थ्य मानकों में असाधार प्रदर्शन को सक्षम बनाया गया है। यह नए बायोएक्टिव सेंसर को हार्ट रेट, नींद की गुणवत्ता, ब्लड प्रेशर, ब्लड ऑक्सीजन स्तर और तनाव के स्तर जैसे स्वास्थ्य मानकों को अधिक सटीकता से मापने की अनुमति देता है, यहां तक कि गहन वर्कआउट के दौरान हार्ट रेट का मापन भी अपने पूर्ववर्ती की तुलना में 30% अधिक सटीक है।

एलईडी के अधिक विविध रंग और नए डिजाइन किए गए फोटोडायोड नई संभावनाओं को सामने लाते हैं और आपको रुझानों का बेहतर अनुमान लगाने और बेहतर सेहत निगरानी के लिए सक्रिय कदम उठाने में सक्षम बनाते हैं। इन फीचर्स में पहला है, एडवांस्ड ग्लाइसेशन एंड प्रॉडक्ट्स (एजीई) इंडेक्स, जो मेटाबोलिक हेल्थ और बायोलॉजिकल उम्र बढ़ने का एक संकेतक है। यह आपकी जीवनशैली और आहार संबंधी आदतों से प्रभावित होता है। जानकारी से पूर्ण बायोमार्कर के रूप में उपयोग किया जाने वाला यह सूचकांक आपकी सेहत की यात्रा के बारे में अधिक समझदारी से निर्णय लेने और एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में काम करने में आपकी मदद करता है। इसके लिए यह आपकी जैविक उम्र का एक स्नैपशॉट प्रदान करता है। एजीई इंडेक्स को जोड़ना उन कई एडवांस्ड फीचर्स में से एक है, जिन्हें अगले गैलेक्सी वॉच में जोड़ने की योजना बनाई गई है।

# लोकसभा चुनाव के बाद लोक जन समाज पार्टी जुटी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में: सतीश कुमार चतुर्वेदी

**भाजपा सरकार का अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा धोखा है: राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी लोक जन समाज पार्टी**




**लखनऊ।** राजधानी में आने वाले समय में होने वाले विभिन्न प्रदेशों के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच लोक जन समाज पार्टी (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश में अपराध नियंत्रण में पूरी तरह विफल हो चुकी है। भाजपा सरकार का अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा धोखा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हैं और पुलिस प्रशासन पंगु हैं तथा उनकी चिंता अपराधों को रोकने के बजाय अपनी नाकामियां और भ्रष्टाचार को छिपाने-बचाने में ज्यादा दिखाई देती है। जनता भयभीत व भयाकांत है। जिसका जीता-जागता उदाहरण हाथरस कांड है। जबकि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में जो नारा चार सौ पार का दे रही थी उसे पूरा न होने पर बैसाखी की सरकार बनाने के तत्कालीन बाद महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचाकर आम जनता को त्राहिमाम त्राहिमाम करने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा की कथनी और करनी आम जनता देख और सुन रही है कि आज के समय में अगर कोई भी वर्ग, दल, या व्यक्ति सत्य को उजागर करने की चेष्टा करता है या बोलता है, तो तुरन्त बाद उसके खिलाफ तमाम तरह के झूठे आरोप लगाए जाते हैं। भाजपा के इस तरह के दोहरे चरित्र के मापदंड का लोक जन समाज पार्टी (भारत) पुरजोर विरोध करती है। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि हमारी पार्टी झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने जा रही है और जगह-जगह चौपाल लगाकर सरकार के जन विरोधी नितियों को उजागर करने का कार्य करेगी।

# बीएनपी पारिबास ने गुजरात के गिफ्ट सिटी में शुरू किया परिचालन

**नई दिल्ली** यूरोपीय संघ के अग्रणी बैंक और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी बीएनपी पारिबास ने मंगलवार से एक नई शाखा के माध्यम से गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी-अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (गिफ्ट-आईएफएससी) में अपना परिचालन शुरू किया है। बैंक ने जारी एक बयान में बताया कि बीएनपी पारिबास ने गिफ्ट-आईएफएससी में अपना परिचालन शुरू किया है। बीएनपी पारिबास ने कहा कि उसकी गिफ्ट सिटी शाखा एक व्यापक उत्पाद पेशकश को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगी, जिससे इसके ऑनशोर और ऑफशोर ग्राहकों के साथ नए व्यावसायिक अवसर आकर्षित होंगे। बीएनपी पारिबास इंडिया के क्षेत्र प्रमुख और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजय सिंह ने कहा कि गिफ्ट सिटी शाखा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ये बीएनपी पारिबास इंडिया फ्रेंचाइज के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि यह हमें उत्पादों और रणनीतिक समाधानों की विस्तारित श्रृंखला के साथ अपने अच्छी तरह से विविध वैश्विक ग्राहकों की बेहतर सेवा करने में सक्षम बनाएगी।

सिंह ने कहा कि हम तेजी से बढ़ते वित्तीय केंद्र में भाग लेने और 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देने के लिए खुश हैं। बीएनपी पारिबास एक शीर्ष यूरोपीय बैंक है, जिसके पास ग्राहकों की ज़रूरतों के हिसाब से उत्पादों और समाधानों की पूरी श्रृंखला है। भारत में 1860 से कार्यरत यह देश के दूसरे सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय बैंक के रूप में बीएनपी पारिबास ने कुछ सबसे बड़े सौदों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सीगल इंडिया लिमिटेड को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**कानपुर।** एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर, पुल, रेलवे ओवर ब्रिज, टनल, हाइवे, एक्सप्रेसवे और रनवे जैसे स्पेशलाइज्ड स्ट्रक्चरल वर्क करने में अनुभव रखने वाली इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन कंपनी सीगल इंडिया लिमिटेड को इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी, आईपीओ के जरिए फंड जुटाने के लिए मार्केट रेगुलेटर, सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया से फाइनल ऑब्जर्वेशन रिसीव हुआ है।

कंपनी ने 3 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

आईपीओ की फेस वैल्यू 5 रुपए है। इसमें 617.69 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू और प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर्स और इंडिविजुअल सेलिंग शेयरहोल्डर्स 14.28 मिलियन इक्विटी शेयरों की सेल का प्रस्ताव शामिल है।

ऑफर फॉर सेल में रमणीक सहगल द्वारा 4.28 मिलियन तक इक्विटी शेयरों की बिक्री, रमणीक सहगल एंड संस एचयूएफ द्वारा 7.59 मिलियन इक्विटी शेयरों तक, अवनीत लूथरा द्वारा 5,030 इक्विटी शेयरों तक, मोहिंदर पाल सिंह सेहगल द्वारा 9.27 लाख इक्विटी शेयरों की सेल शामिल है। ऑफर फॉर सेल में परमजीत सहगल भी 5.53 लाख इक्विटी शेयर तक, सिमरन सहगल 9.22 लाख इक्विटी शेयर तक और कंवलदीप सिंह लूथरा 1,677 इक्विटी शेयर तक सेल करेंगे। ऑफर में पात्र कर्मचारियों के लिए सब्सक्रिप्शन के लिए रिजर्वेशन शामिल है।

कंपनी, बुक-रनिंग लीड मैनेजरों के परामर्श से, प्राइवेट प्लेसमेंट, प्रिपरेशियल अलॉटमेंट, राइट्स इश्यू या किसी अन्य मेथड के माध्यम से 123.50 करोड़ रुपए के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के माध्यम से स्पेसिफाइड सिक्योरिटीज के एक और एक इश्यू पर विचार कर सकती है। यदि ऐसा प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो फ्रेश इश्यू का साइज कम हो जाएगा।

ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रोसेस के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें ऑफर का 50% से अधिक हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए नेट ऑफर का कम से कम 15त्न हिस्सा आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। नेट ऑफर का कम से कम 35% हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा।

फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि, 118.78 करोड़ रुपए तक उपकरण की खरीद के लिए उपयोग की जाएगी; कंपनी और उसकी सहायक कंपनी, सीआईपीपीएल द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए 344.50 करोड़ रुपये; और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए इस्तेमाल होगा।

सीगल इंडिया लिमिटेड की स्थापना जुलाई 2002 में हुई थी और पिछले दो दशकों में यह एक छोटी निर्माण फर्म से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में विकसित हुई है, जो विभिन्न सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं के डिजाइन और विकास में विशेषज्ञता रखती है।

सीगल ने रोड और हाइवे सेक्टर में 16 ईपीसी और एक HAM प्रोजेक्ट सहित 34 से अधिक परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में, यह 15 ऑनगोइंग प्रोजेक्ट में शामिल है, जिसमें 11 ईपीसी परियोजनाएं और चार एचएएम परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें एलिवेटेड कॉरिडोर, पुल, फ्लाईओवर, रेल ओवरब्रिज, सुरंगें, एक्सप्रेसवे, रनवे और मल्टी-लेन हाइवे शामिल हैं। विशेष रूप से, कंपनी ने अपनी पहली एचएएम परियोजना, मलोट-अबोहर परियोजना को निर्धारित समय से 214 दिन पहले पूरा कर लिया।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड आईपीओ के लिए बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं, और लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ऑफर का रजिस्ट्रार है। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है।

# डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव से जाने कब शुरू होगा सावन? एवं कब है सावन शिवरात्रि?



**लखनऊ।** वामा एप के फाउंडर डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने बताया सावन भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना है। मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र माह में भोले बाबा भक्तों पर अपनी कृपा की वर्षा करते हैं। इस बार का श्रावण माह कई मायनो में ख़ास है क्योंकि सावन की शुरुआत सोमवार से हो रही है और अंत भी सोमवार से हो रहा है साथ ही इस सोमवार को एक ख़ास योग प्रीति आयुष्मान योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इसको लेकर पौराणिक मान्यता है कि जो भी इस योग में पूजा पाठ करता है उस पर भोलेनाथ की विशेष कृपा होती है। और अंत में तीसरी खास बात कि सावन के आखिरी सोमवार के दिन ही रक्षाबंधन भी पड़ रहा है इस दिन वैदिक लोग श्रावणी कर्म भी करते हैं।

डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने बताया इस साल सावन का पावन महीना 22 जुलाई 2024 से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगा। हिन्दू पञ्चांग के अनुसार इस बार श्रावण मास की शुरुआत सूर्य उदय व्यापिनी प्रतिपदा सोमवार से हो रही है। भक्तों की मनोकामना पूरी करने वाला ये महीना इस बार बहुत से शुभ योग लेकर आ रहा है।

सावन में सोमवार कब कब है?

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई, दूसरा सोमवार 29 जुलाई, तीसरा सोमवार 5 अगस्त, चौथा सोमवार 12 अगस्त और अंतिम सोमवार 19 अगस्त को पड़ेगा

कब है सावन शिवरात्रि ?

डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने बताया सावन के महीने में शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस बार सावन मास की शिवरात्रि 2 अगस्त शुक्रवार को मनाई जाएगी।

# पॉलीथिन बैन पर इस्तेमाल धड़ल्ले से न जिम्मेदार रोक रहे और न दुकानदार

- कहां है पॉलीथिन बैन, हर जगह तो इस्तेमाल हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों में नही पहुंचते जिम्मेदार
- नगर पंचायतों में जागरूकता हवा-हवाई जिम्मेदार नही करते कभी कार्रवाई

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश करीब नौ साल हो गया लेकिन इसका प्रयोग जिले भर में धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

यह चिन्ताजनक ही नहीं, बल्कि अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि प्रतिबन्ध के बावजूद भी जिले भर में इसके इस्तेमाल पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण करने में अब तक सफलता हाथ नही लगी है, जिससे यह प्लास्टिक रुपी कचरा मानव सहित जीव-जन्तुओं और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। मवेशी खाद्य पदार्थो के साथ ही पॉलिथिन कैरी बैग भी चबा जा रहे हैं। इससे मवेशी तमाम तरह की बीमारियों के शिकार भी होते जा रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों की नींद टूट नहीं रही है। या तो आदेश भुल गए है या जानते हुए भी अनजान बने हुए है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की सख्ती के बाद प्रदेश सरकार ने 15 जुलाई 2018 से प्रदेश भर में 50 माइक्रोन तक की मोटाई वाली पॉलिथीन के प्रयोग व भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया था। 15 अगस्त से प्लास्टिक व थर्मोकोल के कप, प्लेट, गिलास, चम्मच आदि के निर्माण, विक्रय, भंडारण व परिवहन पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। यह आदेश 2 अक्टूबर गांधी जयंती से सभी प्रकार के निस्तारण योग्य प्लास्टिक कैरी बेग भी प्रतिबंधित कर दिए गए थे। हालांकि पैकेजिंग वाली पॉलिथीन जिनमें वस्तुएं सील बंद होती हैं उन्हें प्रतिबंधित नहीं किया गया था। आज आदेश को लगभग तीन वर्ष हो गए लेकिन शासन-प्रशासन इस पर काबू पाने में विफल हो गए जिसका नतीजा जिले के हर बाजारों, चौराहों, कस्बों व नगरों में दुकानदारों के द्वारा खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि आदेश लागू होने के बाद प्रशासन द्वार हफ्ते दो हफ्ते तक छापेमारी कर अपने दायित्वों का इतिश्री कर ली जाती है। उधर दुकानदारों का कहना है कि बाजार में प्लास्टिक बैन करने पर कागज या कपड़े के बैग उसकी कमी पूरी नहीं कर सकती, साथ ही कागज और कपड़ों के बैग की लागत भी मंहगी पड़ रही है। सरकार के फैसले का व्यापारियों की ओर से जोरदार विरोध का सामना करना पड़ा था।

### कुछ हद तक जिम्मेदार करते है कार्रवाई

पॉलीथिन के इस्तेमाल करने पर कार्रवाई का अधिकार कलेक्टर, एसडीएम व पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी को है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। ऐसे में यह कारोबार कम होने की बजाय बेखौफ जारी है। हाईकोर्ट ने पॉलीथिन पर रोक लगाने के लिए कई बार कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन कुछेक कार्रवाई के बाद इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। क्या कानून की पालन के लिए जिम्मेदार अफसर तब ही हरकत में आएंगे, जब अदालत उन्हें आदेश देगी? सरकार भी इस मामले में कड़ी कार्रवाई के बजाय किसी प्रकार का कानून लागू करने से हिचक रही है। अधिसूचना पर्यावरण सरंक्षण अधिनियम 1986 के तहत प्लास्टिक कप, प्लेट, गिलास के उपयोग को भी प्रतिबंधित करना प्रस्तावित है। अभी तक केवल पॉलीथिन जब्त कर संबंधित व्यक्ति से कुछ जुर्माना वसूलने के साथ ही कार्रवाई की इतिश्री कर ली जाती है।

### गाइड लाइन के साथ जुर्माने का है प्रावधान

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत जारी अधिसूचना के तहत पॉलीथिन कैरी बैग के क्रय-बिक्री या इस्तेमाल की शिकायत करने पर कोर्ट द्वारा 3 से 7 वर्ष तक की सजा या एक लाख तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा सजा व अर्थदंड एक साथ दिया जा सकता है।

## लेखपाल की बड़ी लापरवाही, जीवित व्यक्ति को मृत दिखा संपत्ति किया दूसरे के नाम दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील के राजस्व कर्मियों की अजीब कारगुजारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। फाजिलनगर के ग्राम पंचायत रामपुर उर्फ खुशहाल टोला निवासी मैनेजर पाठक जो अभी जीवित है उनको लेखापाल मृत घोषित कर उनकी संपूर्ण संपत्ति इसी विकास खंड के गांव सुमही निवासी महेश पुत्र रामधारी के नाम से दर्ज कर दिया है।


जीवित व्यक्ति मैनेजर पाठक

तहसील कर्मियों की कारगुजारी से पीड़ित मैनेजर पाठक पुत्र स्व0 हृदय नारायण पाठक ने उच्च अधिकारियों को लिखे शिकायती पत्र में तत्कालीन लेखपाल रमन पाण्डेय और राजस्व निरीक्षक अशोक तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है कि मैं जीवित हूं मेरा वारिस में मेरा लड़का है। क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो पैसा लेकर मेरी जमीन जिसका गाटा संख्या 25, 20, 208,253 है को मुझे कोरोना काल में मृत्यु दिखाकर दिनांक- 16 -01 -2019 को सुमही बुजुर्ग निवासी महेश पुत्र रामधारी के नाम से कर दिया गया है उन्होंने आगे लिखा है कि मैं लगातार तहसील में सन 2019 से ही चक्कर लगा रहा हूं लेकिन अब तक तहसील के कर्मचारियों द्वारा राजस्व अभिलेखों में मेरा नाम दर्ज नहीं किया गया है इसी टेंशन में मैं हृदय का मरीज भी हो गया हूं मेरे हर्ट की बाईपास सर्जरी भी हो चुकी है यदि इस टेंशन से मेरी मृत्यु होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी मैनेजर पाठक ने बताया कि मैं शिकायत पत्र माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सीबीआई लखनऊ यूपी पुलिस अधीक्षक कुशीनगर परगना अधिकारी कसया कुशीनगर को सौंपा हूं यदि मेरा कार्य शीघ्र नहीं होता है तो मैं उच्च न्यायालय प्रयागराज में पूरे साक्ष्य के साथ तहसील प्रशासन के खिलाफ जाऊंगा।

### 125 स्कूली वाहनों की जांच में 25 अनफिट मिले

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा डेढ दर्जन विद्यालयों के जांच किए गए 125 वाहनों में 25 वाहन अनफिट मिले, जिन्हें विभाग ने एक सप्ताह के भीतर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। यह अभियान 13 जुलाई तक चलेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मोहम्मद अजीम और संभागीय निरीक्षक तकनीकी आरडी प्रसाद वर्मा ने सोमवार को कुल 18 स्कूलों के 125 वाहनों की जांच की। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट तथा सुप्रीम कोर्ट की तरफ जारी की गई स्कूल वाहनों की गाइडलाइंस व मानक के अनुरूप ही विद्यालय संचालक स्कूल वाहन संचालन कर सकते है। उन्होंने कहा कि जो स्कूली वाहन मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं, वह शीघ्र पूरा कर ले। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान सड़क पर मिले अनफिट वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पिकप वाहन से दो गोवंशीय पशु बरामद

**अहिरौली, बाजार कुशीनगर।** अहिरौली बाजार की पुलिस ने बीते सोमवार की देर शाम गस्त के दौरान थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास से पिकप सहित दो गोवंशीय पशु को बरामद किया है। प्राप्त सूचना के मुताबिक बीते सोमवार की रात्रि लगभग 11 बजे पुलिस गस्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की पिपराइच हाटा मार्ग पर एक पिकअप पर दो पशुओं को लेकर गौ तस्कर हाटा की तरफ जा रहे है।इसकी सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार रवि कुमार राय मय फोर्स के साथ उस गाड़ी का पीछा करने लगे हाटा पिपराइच मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के समीप पुलिस को आता देख गौ तस्कर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए पुलिस पिकप वाहन सहित दो राशि गोवंश को कब्जे में लेकर स्थानीय थाने लाकर पशु क्रूरता अधिनियम तथा गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एससी/एसटी मुकदमे का बेल उच्च न्यायालय ने किया खारिज, टूटा अधिवक्ता का घमंड

अवधनामा संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** दो अधिवक्ताओं का जंग रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय के तो दूसरे अधिवक्ता सिविल कोर्ट पडरौना, कुशीनगर के बताए जा रहे हैं। दोनों अधिवक्ता आपस में सगे चाचा भतीजा है और यह जंग जमीनी विवाद को लेकर लंबे अर्से से चला आ रहा है। जिनका चर्चा चहुओर है।

बताते चले कि सुभाष चन्द श्रीवास्तव और सुनील कुमार श्रीवास्तव आपस में दोनों सगे चाचा भतीजा है। चाचा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद का नामी अधिवक्ता तो भतीजा सिविल कोर्ट का अधिवक्ता दोनो ग्राम सभा तिनबरदहा के टोला तुर्कही के निवासी है। दोनो के जंग में एक ऐतिहासिक निर्णय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से आया है। जिसका चर्चा दोनो कोर्ट के अलावा गांव के गली चौराहों पर खूब सुनी जा रही है। बताया जाता है कि सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के सगा भतीजा सुनील कुमार श्रीवास्तव पडरौना कचहरी में एक ग़लत आधार पर एक सिविल वाद प्रस्तुत किया था जिसके सम्बन्ध में सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव अपने अधिवक्ता श्री अमरनाथ पाण्डेय से राय-मशविरा के लिए दिनांक 30-08-2019 को गांव के ही रामनरायण मुसहर के साथ गए हुए थे। जैसे ही वह अपना काम काज करके वापस अपने बोलेरो गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि भतीजा आग बबूला होकर चाचा के बोलेरो गाड़ी के पहिया में सुआ मार रहा था। चाचा सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के मना करने पर भतीजे सुनील कुमार श्रीवास्तव और उसके सहयोगियों ने उन पर हमला बोल दिया। साथ में गए रामनरायण मुसहर को भी घायल कर दिया। जिसके सम्बन्ध मे पडरौना कोतवाली में एस.सी./एस.टी.एक्ट के तहत सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने मुकदमा भी दर्ज करा दिया था जिसमें बिना वादी को सुनवाई का अवसर दिए सुनील कुमार श्रीवास्तव ने जमानत प्राप्त कर लिया था जिसके विरुद्ध सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जमानत निरस्तीकरण के लिए आपराधिक अपील संख्या 189/2022 दाखिल किया गया था। जिसमें उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने सुनील कुमार श्रीवास्तव को 01 जनवरी 2020 को एस/एस टी कोर्ट पडरौना, कुशीनगर से मिले जमानत को दिनांक 30 मई 2024 को रद्द कर दिया है। अब चर्चा है कि भतीजे को चाचा से बगावत और रामनारायण मुसहर पर हमला करना भारी पड़ गया है। अब खुद अधिवक्ता अपने बचने की उक्ति में मारे मारे फिर रहे हैं।

## निर्वाचन दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी हुए सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो




- डीएम ने 53 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र

**कुशीनगर।** 18वीं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल समापन होने के पश्चात जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निर्वाचन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही इनके कार्यो की सराहना भी किए। उन्होंने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में जनपद कुशीनगर के 22000 से अधिक अधिकारी/कार्मिकों और 15 लाख मतदाताओं ने अपनी भागीदारी निभाई। इस मौके पर 53 जनपदीय अधिकारियों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र दिया। लोकतंत्र के महापर्व की सफलता में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और ईमानदारी प्रशंसनीय रहा है। इस समन्वित प्रयास के दौरान हमने न केवल मतदान पार्टी प्रस्थान व मतगणना के दिन प्रतिकूल मौसमी प्रभाव के बावजूद सकुशल कर्तव्य सम्पादन किया, अपितु चुनाव को सुलभ बनाने के लिए नवाचार प्रयोग यथा बूथ पर पेयजल, छाया इत्यादि की व्यवस्था स्थापित कराना, सुविधा किट तथा वोटर साथियों के सहयोग से हमारे प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना हुई। आप द्वारा कार्मिकों/अधिकारियों के व्यवस्थित प्रबंधन, अनुशासन स्थापित करने तथा चुनाव के प्रत्येक चरण में सभी से समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव को शांतिपूर्ण एवं मापदण्ड के अनुरूप सफल बनाने हेतु आपका आभार व्यक्त करना है। मै रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुशीनगर के रूप में आपके समर्थन, अथक प्रयास एवं सहयोग के लिए आपका एवं आपकी टीम का आभार व्यक्त करने के साथ सबके उज्जवल भविष्य की कामना भी करता हु। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर, समस्त विधानसभावार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के साथ साथ जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार तथा समस्त नोडल अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के भीम सिंह, सैयद कमाल रिजवी, शशि मद्धेशिया, मकसूद अहमद सहित कुल 53 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### टीबी के 20 मरीजों को लिया गोद




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन कर मंगलवार को अमेठी महिला स्वैच्छिक सेवा समिति ने टीवी के 20 मरीजों को गोद लिया है। समिति की सचिव नीरज पांडे ने बताया कि समिति की ओर से इन मरीजों को 6 माह तक पोषाहार दिया जाएगा। जिसमें 1 किग्रा मूंगफली 1 किग्रा सत्तू 1 किग्रा भुना चना 1 किग्रा गुड़ प्रोटीन पाउडर की किट तैयार कर उन्हें वितरित की गई। इसके लिए सीएमओ ऑफिस गौरीगंज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षय रोग के मरीजों को यह किट जिलाधिकारी निशा अनंत ने अपने हाथों से वितरित कर इसकी शुरुवात की। सीएमओ डॉक्टर आयुष्मान सिंह डीडीओ एवं समिति के पदाधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। समिति की सचिव ने बताया की इन 20 रोगियों को यह किट प्रत्येक माह दी जाएगी।

### डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षक आंदोलित



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** डिजिटल उपस्थिति के विरोध में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक आंदोलित हैं। मंगलवार को भी शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति का विरोध किया और नगर स्थित बीआरसी कार्यालय पर एकत्रित होकर इसके विरोध में आवाज बुलंद की।यहां अविनाश शुक्ल अध्यक्ष उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अमेठी की अध्यक्षता में शिक्षक और शिक्षिका बड़े पैमाने पर एकत्रित हुए और डिजिटल उपस्थिति का पुरजोर विरोध किया। इसमें रामदेव पाण्डेय सलिल श्रीवास्तव राकेश तिवारी रमाकांत द्विवेदी विनोद मिश्र कमलेश गुप्ता सुमन यादव संतोष मिश्रा आदि रहे। इनका यह भी कहना है कि कई ऐसे विद्यालय हैं जहाँ के रास्ते दुर्गम एवं दुरूह हैं बरसात के समय में शिक्षकों का समय से वहां पहुंच पाना काफी कठिन हो रहा है। इसके अलावा अन्य कई मांगों को लेकर भी शिक्षक नेता इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। जिले में कई शिक्षक संगठन डिजिटल उपस्थिति के विरोध में आवाज मुखर किए हुए हैं। संगठनों ने आन लाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया है और कहा है कि जब तक हमारी मूलभूत समस्याओं का समाधान निस्तारण नही होता है तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।

### विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए 15 तक करें आवेदन

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए जनपद स्तर पर आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा-खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय, एवं वाचनालय की स्थापना एवं सचालन, जैविक खेती, सौर उर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, सरक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसाधन, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सकिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में विगित 03 वर्षो में (दिनांक 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024) उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए दिनांक 15 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस में जिला युवा कल्याण कार्यालय, मंझनपुर से प्राप्त कर सकतें हैं।

## घर के पास ही मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं: शशांक मणि

### देवरिया सांसद शशांक मणि ने नि:क्षय स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



- नेशनल मेडिकल मोबाईल यूनिट की टीम ने लोगों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

**देवरिया।** देवरिया सांसद शशांक मणि ने मंगलवार को बैतालपुर ब्लॉक के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर चतुर्भुज पर आयोजित निक्षय स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर में मोबाईल डिजिटल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही ब्लड जाँच सहित नेशनल मेडिकल मोबाईल यूनिट की टीम के चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन, स्टॉफ नर्स द्वारा शिविर में आए मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ निशुल्क दवाएं भी दी गई।

शिविर लगाकर लक्षण वाले 131 लक्षण वाले मरीजों का एक्स-रे किया गया। जिसमे आठ टीबी के संभावित मरीज मिले। इसके साथ ही 18 लोगों को बलगम का सैम्पल जांच के लिए लिया गया। स्वास्थ्य शिविर में लोगों को सम्बोधित करते हए सांसद शशांक मणि ने कहा कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी की जांच के लिए घर के पास ही निश्चय स्वास्थ्य शिविर में मोबाईल डिजिटल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक मरीज को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध करायी जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में रोगियों के जाँच व उपचार कि सुविधा एक ही स्थान पर मिल रही है। रोगियों को जाँच के लिए अब इधर उधर अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान सांसद ने शिविर में डिजिटल एक्स-रे मशीन से हो रहे एक्स रे की जानकारी लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में हर माह दस हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर निक्षय शिवर लगाए जायेंगे। यह शिविर वहां लगाए जायेंगे जिन स्थानों पर चिकित्सक नहीं हैं। जिसमे रोगी के ब्लड जाँच, एक्स-रे के साथ ही निशुल्क दवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा शिविर जिले में पहली बार आयोजित किया गया है। शिविर में एमओआईसी डॉ मनीष सिंह, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, सीएचओ विभा यादव, एक्स-रे टेक्नीशियन सुपाल विश्वकर्मा, विश्वजीत ओझा, एएमएमयू टीम के डॉ. केडी अंसारी, फार्मासिस्ट रवि प्रकाश गलहोत, एलटी चन्द्रकमल, स्टॉफ नर्स रीता पासवान, जावेद मिर्जा, पायलट दीपक पण्डे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आनलाइन प्रशिक्षण प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की बैठक




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकास भवन के गाँधी सभागार में निदेशालय महिला एवं बाल विकास द्वारा प्रस्तावित आनलाइन प्रशिक्षण प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सन्दर्भ में किया गया। प्रशिक्षण में योजना के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थियों एवं उसके लाभों का विस्तृत विवेचना निदेशालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद सरकार द्वारा सहायता प्रदान करती है। योजना की प्रमुख शर्तों के अन्तर्गत प्रथम बच्चे के जन्म पर चाहे वह बालक हो या बालिका दो किश्तो प्रथम गर्भावस्था का पंजीकरण पर तीन हजार रुपए, द्वितीय बच्चे के जन्म पर दो हजार रुपए दिया जायेगा तथा दूसरे बच्चे के जन्म पर जो अनिवार्यतः बालिका होनी चाहिए बच्ची के जन्म पर 06 हजार रुपए प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रधानमंती मातृ वंदना योजना 2.0 का प्रमुख उद्देश्य बेहतर माह पोषण जो गर्भवती एवं धात्री माताओ के स्वास्थ्य पोषण व्यवहार में सुधार लाना, द्वितीय आंशिक वित्तीय सहायता पर्याप्त पोषण एवं देखभाल हेतु, तृतीय कन्या जन्म के प्रति साकारात्मक दृष्टिकोण यदि दूसरी संतान बालिका हो तो सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहन के लिए है। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र सिंह, दयाराम, विश्व दीपक पाण्डेय एवं जनपद की समस्त मुख्य सेविकाएं उपस्थित रही।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में घायलों का अस्पताल पहुंचकर डीएम ने लिया हालचाल



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में घायलों का इलाज जिला अस्पताल गौरीगंज में चल रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने डी-फ्रीजर को संचालित रखने के निर्देश दिए तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। बताते चलें कि 8 जुलाई की रात्रि करीब 2 बजे दिल्ली से बिहार के सिवान जिले को जा रही बस थाना क्षेत्र बाजार शुकुल अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिसमें करीब 12 लोग घायल हुए जिसमें से चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया जिसमें से तीन गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया जिसमें से एक व्यक्ति की मृत्यु जिला अस्पताल ले जाते समय हो गई बाकी दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष ने बसपा कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक

**गौरीगंज (अमेठी)।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता नगर के एक प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए सभी पोलिंग बूथों पर सर्वसमाज का मजबूत संगठन खड़ा करने की कार्ययोजना तैयार की गई। विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठकें 15जुलाई से तय की गई हैं। कार्यकर्ता बैठक में प्रदेश अध्यक्ष और अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी विश्व नाथ पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व एम एल सी ओ कई मंडलों के कोआर्डिनेटर डा विजय प्रताप गौतम ने अध्यक्षता की। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण के बाद बैठक शुरू हुई। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल और पूर्व एम एल सी डा विजय प्रताप गौतम ने सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी छोटे लाल मौर्य और राजकुमार गौतम के साथ जिला कमेटी के कार्यो की समीक्षा की।

## कर्बला के शहीदों की याद में प्याऊ लगाकर मुसाफिरों को पिलाया जा रहा पानी

### अल्कासिम एजुकेशन व समाज सेवी मोहम्मद बेलाल हर वर्ष मोहर्रम में लगाते हैं पानी की सबील

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** करारी नगर पंचायत में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्बला के शहीदों की याद में सबील लगाकर लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी पिलाया जा रहा है, इस सबील के माध्यम से इमाम हुसैन की प्यास को याद किया जाता है, एक मोहर्रम से लेकर नौ मोहर्रम तक पानी की सबील लगाई जाती है।

नगर पंचायत करारी के नयागंज वार्ड में पूर्व की भांति इस वर्ष भी अल्कासिम एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी व समाज सेवी मोहम्मद बेलाल इमाम हुसैन की याद में पानी की सबील( प्याऊ ) लगाकर राहगीरों को भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाने का कार्य कर रहे हैं। बेलाल ने बताया कि यह प्याऊ उन शहीदों की याद में लगाई जाती है जिन्होंने कर्बला के मैदान में अल्लाह के दीन को बचाने के लिए तीन दिन तक भूखे प्यासे रहकर अपनी जानों को कुर्बान कर दिया था। यह सबील( प्याऊ ) इस बात की ओर इंगित करती है कि अगर दुनिया में यजीदी मानसिकता के लोग हैं तो वह जान लें कि कर्बला के उन 72 शहीदों के मानने वाले भी मौजूद हैं। यज़ीद ने कर्बला में इमाम हुसैन पर पानी बंद कर अपनी ओछी मानसिकता का सबूत दिया था। लेकिन इमाम हुसैन ने साफ़ कर दिया था कि यज़ीद तू कुछ भी करले लेकिन रसूल के नवासे से अपनी हुकूमत की ताईद नहीं करवा सकता। इस मौक़े पर हाशिम अली, अरशद रिज़वी, मोहम्मद, अली, हुसैन महदी, मुमताज़ हुसैन, साहिल अब्बास, आसिफ़ जल जीवन,सैय्यद अली, जफ़र अली, राहिब, जकी, हसन, अमीर, इम्तियाज हुसैन, तंजीम हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# कोइरीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के जेई पर लगाये भ्रस्टाचार के आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जनपद की नगर पंचायत कोइरीपुर में अधिष्ठापित विद्युत उपकेन्द्र कोइरीपुर में आनन्द जायसवाल की शिकायत शासन के अफसरों से हुई है। अवर अभियन्ता कोइरीपुर में नियुक्त हैं। इनके द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युतीकरण के अन्तर्गत विद्युत पोल को विभिन्न भागों पर अधिष्ठापित करवाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर विद्युत पोल को मार्ग के किनारे गड्डा खोदकर अधिष्ठापित किये जाने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नहीं दिया गया।रुबीना बानो अध्यक्ष नगर पंचायत कोइरीपुर ने शिकायत करते हुए कहा है कि आम जनमानस की शिकायत कार्यालय में प्राप्त हो रही है कि जगह-जगह विद्युत पोल को सड़क में ही गाड़ दिया जा रहा है। जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ गाडियों के आवागमन से पोल क्षतिग्रस्त होने पर दुर्घटना की संभावना उत्पन्न हो सकती है। अवर अभियंता द्वारा मनमानी ढंग से कार्य किये जाने पर इसकी शिकायत अधिशाषी अभियंता से भी किया गया। किन्तु विभाग द्वारा इस पर कोई रूचि नहीं ली गयी। साथ ही विद्युत पोल को अधिष्ठापित किये जाने पर घनउगाही किये जाने की भी शिकायत उन्हे प्राप्त हो रही है। जनमानस द्वारा अन्य शिकायतों को भी उन्हे अवगत कराया गया है जो इस प्रकार हैं। श्री उमाशंकर यादव सुत राम खेलावन निवासी मोहल्ला हनुमाननगर नगर पंचायत कोइरीपुर द्वारा बताया गया कि उनके मकान पर टयूबेल कनेक्शन बिना इस्टीमेट के दो खम्बे व तार लगाकर दिया गया है। जिसका मु0 50,000.00 मात्र की रिश्वत भी लिया गया। लगभग लाखो रूपये का सरकार के राजस्व को नुकसान भी पहुंचाया गया। श्री प्रभाकर यादव सुत रामचन्दर निवासी ग्राम सभा बैतीकला लम्भुआ सुलतानपुर द्वारा बताया गया कि मेरे मकान पर ट्यूबेल कनेक्शन बिना इस्टीमेंट के दो खम्बे व तार लगाकर दिया गया है। उपरोक्त से मु0 60,000.00 मात्र की रिश्वत भी लिया गया। लगभग लाखो रूपये का सरकार के राजस्व का भी नुकसान अवर अभियन्ता द्वारा किया गया हैं।



श्री रामजी सुत रामनिहोर निवासी मोहल्ला रामनगर नगर पंचायत कोइरीपुर सुलतानपुर द्वारा बताया गया कि उपभोक्ता को फर्जी तरीके से आरसी का नोटिस दिया गया। जबकि उपभोक्ता के नाम कोई कनेक्शन नहीं हैं। फिर भी अवर अभियन्ता द्वारा जबरजस्ती तरीके से उपभोक्ता से मु0 50,000.00 मात्र की धनराशि की मांग किया जा रहा है। उक्त धनराशि उपभोक्ता द्वारा नहीं दिये जाने पर अवर अभियंता द्वारा रिपोर्ट नही लगाया जा रहा हैं। श्री अमित कुमार सिहं सुत रवि कुमार सिंह ग्राम कसईपुर लम्भुआ सुलतानपुर का विद्युत कनेक्शन का बिल बकाया था। जिसे अवर अभियन्ता द्वारा उपभोक्ता के कनेक्शन काटने की धमकी देकर अवैध तरीके से मु0 5,000.00 मात्र की वसूली कर लिया गया। जिसकी रसीद उपभोक्ता को नहीं दी गयी है।

श्री बृजेश चौरसिया सुत शिवनारायण निवासी मोहल्ला विवेकनगर नगर पंचायत कोइरीपुर का भी फर्जी तरीके से आरसी का नोटिस दिया गया। जबकि श्री बृजेश कुमार के नाम कोई विद्युत कनेक्शन नहीं हैं। फिर भी अवर अभियन्ता द्वारा उपभोक्ता को हरा व धमका कर मु0 25,000.00 मात्र की धनराशि की मांग किया जा रहा है। और सही रिपोट भी नहीं लगा रहे हैं। जिससे उपभोक्ता बहुत ही परेशान हैं। - श्री हलधर सिंह निवासी ग्राम मूसेपुर लम्भुआ सुलतानपुर के मकान के पास लगे एक ट्रांसफार्मर को उखाड़कर किसी अन्य व्यक्ति को मु0 40,000.00 मात्र में बिना किसी उच्च अधिकारी के संज्ञान में बेच दिया गया है। जिससे राजस्व का भी काफी नुकसान अवर अभियंता द्वारा किया गया है। श्री रामसिगार पाण्डेय निवासी ग्राम सोनावा लम्भुआ सुलतानपुर के मकान के पास 16 के0बी0ए0 का ट्रासफार्मर बिना स्टीमेंट के मु0 50,000.00 मात्र की रिश्वत लेकर सोनावा पडान बस्ती से ट्रासफार्मर को उखाडकर उपरोक्त के मकान के पास लगा दिया गया है। जिससे राजस्व का भी काफी नुकसान अवर अभियंता द्वारा किया गया है। श्री हरिश्चंद्र मिश्रा सुत राजाराम निवासी ग्राम सोनावा लम्भुआ सुलतानपुर द्वारा बताया गया कि लखनऊ से बनारस फोरलेन रोड (मरकवहा बाबा के पुल के पास) पर उपरोक्त का मैरिज हाल का निर्माण कार्य चल रहा हैं। जिसमें अवर अभियंता नगर पंचायत कोइरीपुर द्वारा बगैर स्टीमेंट के 03 खम्बा व तार विछा कर कनेक्शन दिया गया। और उपरोक्त से गु0 40,000.00 मात्र रिश्वत लेकर विद्युत दिया जा रहा हैं। जिससे राजस्व का भी काफी नुकसान अवर अभियंता द्वारा किया गया है। श्री भारत निषाद निवासी ग्राम सोनावा (बडा कैवटान) लम्भुआ सुलतानपुर के मकान के बगल बाबूलाल सुत राम बहाल गुप्ता निवासी ग्राम मल्हीपुर लम्भुआ सुलतानपुर के बैनामे की जमीन पर मलतान बस्ती फार्मापुर लम्भुआ सुलतानपुर से लगे ट्रासफार्मर व 11,000 की लाइन को उखाड़ कर श्री बाबूलाल के बैनामे की जमीन पर ट्रासफार्मर व तार को बिना स्टीमेंट के अवर अभियन्ता द्वारा मु0 1.00 लाख की रिश्वत लेकर श्री बाबूलाल के जमीन पर लगा दिया गया। जिससे राजस्व का भी काफी नुकसान अवर अभियंता द्वारा किया गया है। श्री अशोक निषाद निवासी ग्राम सोनावा लम्भुआ सुलतानपुर के मकान के सामने का ट्रासफार्मर अवर अभियन्ता 10 द्वारा मु0 50,000.00 मात्र की रिश्वत लेकर उपरोक्त ट्रासफार्मर को बिना स्टीमेंट के सोनावा छोटा केवटान के रोड पर लगा दिया गया है। जिससे राजस्व का भी काफी नुकसान अवर अभियंता द्वारा किया गया है।उक्त शिकायतो से प्रतीत होता है कि श्री आनन्द जायसवाल अवर अभियन्ता पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जिससे विद्युत विभाग को राजस्व की क्षति हो रही हैं। जिसकी जांच उच्चाधिकारियों से करवाया जाना परम आवश्यक है।

# आबिद खान का परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हुआ चयन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** काकारापार ऊर्जा संयन्त्र गुजरात में मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर आबिद खान पुत्र डॉ अब्दुल हफ़ीज़ खान, शैलखा दोस्तपुर का चयन हुआ है । मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर चयन होने से आबिद ने जनपद का नाम रोशन किया। आबिद खान के वालिद डॉ अब्दुल हफ़ीज़ खान, बताते हैं कि आबिद खान मेधावी एवं कुशाग्र बुद्धि का परिचय अपने विद्यार्थी जीवन से ही दिया। इनकी आरंभिक शिक्षा कक्षा दसवीं तक स्टेला मारिस कान्वेंट स्कूल से हुई और विद्यालय के छात्र जीवन में सीबीएसई बोर्ड में टॉप किया, साथ साथ साइंस, मैथ्स ओलम्पिएड में अच्छा प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट की पढ़ाई दिल्ही से करने के बाद अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बी टेक में एडमिशन लेकर मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया अभी हाल में अंतिम



सेमेस्टर की परीक्षा दिया तथा भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा स्कीम में गुजरात के काकरापार परमाणु संयन्त्र में चयन हुआ है। आबिद खान के वालिद डॉ अब्दुल हफ़ीज़ खान, के एन आई, के विधि विभाग में प्रोफेसर हैं। आबिद खान ने अपनी सफलता के लिए अपने बाबा लौटन खान को प्रेरणा का स्रोत बताया। इस सफलता एवं चयन पर खुशी माहौल एवं बधाई का दौर जारी है। आबिद खान इसके अतिरिक्त जामनगर में रिलायंस में भी चयन हो चूका हैं, जहाँ पर जॉइनिंग से पहले यह दूसरा भी चयन हो गया।

# पत्रकार समाज का आइना होते हैं,इनका सम्मान जरुरी है: विधायक इसौली

- पत्रकार किसी के मामले में पार्टी न बनकर करें

**अवधनामा संवाददाता**



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील सभागार में पत्रकार एसोसिएशन संगठन द्वारा हिन्दी दिवस पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अवधेश शुक्ला ने सभी पत्रकारों को समाज का आइना बनने तथा स्वच्छ पत्रकारिता करने की बात कही।बल्दीराय तहसील सभागार में पत्रकार एसोसिएशन संगठन के बल्दीराय इकाई के अध्यक्ष पीर मोहम्मद की अगुवाई में स्मारिका पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर्मराज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि एसडीएम प्रवीण कुमार, बल्दीराय तहसीलदार अरविंद तिवारी,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह,बल्दीराय थाना प्रभारी निरीक्षक आर.बी सुमन, हलियापुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह,एसडीओ विद्युत विभाग अरुण कुमार यादव रहे।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक ने कहा कि आज के समय में ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता चुनौतियां पूर्ण हैं। बिना मानदेय के ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार अपने संस्थान अखबार को सटीक खबरें छानकर पहुंचाता है। इस दौरान उसे कई बार नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने सभी पत्रकारों को निडर होकर स्वच्छ बेदाग पत्रकारिता करने की बात कही। मुख्य अतिथि इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना होते हैं। इनका सम्मान जरुरी है। इस दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि इसौली विधानसभा क्षेत्र के पत्रकारों की बेटियों की शादियों में 1.51 (एक लाख इक्यावन हजार रूपए) की आर्थिक सहायता की जाएगी। पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अवधेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों को खबर को खबर के तरीके से लिखना चाहिए।आपकी कलम का सम्मान सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि करते हैं। कोई भी पत्रकार किसी के मामले में पार्टी न बनकर केवल पत्रकारिता करे। आवश्यकता पड़ने पर पूरा पत्रकार एसोसिएशन संगठन आपके साथ खड़ा रहेगा।कार्यक्रम को संगठन सचिव विनोद पाठक ने भी संबोधित किया।

## विकास खण्ड मुख्यालयों पर आयोजित होंगे चिन्हांकन शिविर

**बहराइच।** दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोडनें के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों से दिव्यांगजन को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से विकास खण्डवार चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकास खण्ड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले शिविर में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण/ संचालन ऋण योजना, शल्य चिकित्सा अनुदान योजना एवं यूडीआईडी कार्ड इत्यादि योजनाओं से दिव्यांगजन को लाभान्वित किये जाने हेतु चिन्हांकन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार 10 जुलाई 2024 को विकास खण्ड जरवल, 11 को कैसरगंज, 12 को हुजूरपुर, 16 को फखरपुर, 18 को तेजवापुर, 19 को बलहा, 20 को महसी, 23 को मिहींपुरवा, 24 को नवाबगंज, 25 को चित्तौरा, 29 को जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, 30 को विशेश्वरगंज तथा 31 जुलाई 2024 को शिवपुर में चिन्हांकन शिविर आयोजित होगा।

# जनपद में सम्भावित बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों की अच्छी तैयारी: योगेन्द्र ढिमरी

- आपदा से बचाव के लिए तकनीक का ले अधिक सहयोग

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** उ.प्र. राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टीनेन्ट जनरल योगेन्द्र ढिमरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बाढ़ से पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में ग्रासरूट स्तर पर बेहतर तैयारी की गई है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा के समय कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग त्वरित कार्यवाही भी करें जिससे बाढ़ या अन्य किसी भी आपदा में जन-धन की कम से कम हानि हो सके। श्री ढिमरी ने कहा कि कैसे भी संसाधन हों, आपदा को टाला नहीं जा सकता है परन्तु बेहतर प्रबन्धन के साथ कम से कम संसाधनों में भी बेहतर तरीके से राहत एवं आपदा कार्य संचालित किये जा सकते हैं।

श्री ढिमरी ने कहा कि जनपद में पहुंच चुके एनडीआरएफ टीम को बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण करा दिया जाय ताकि आपदा के समय जवान बेहतर ढंग से बचाव व राहत कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि जल स्तर बढ़ने, अधिक वर्षा होने इत्यादि जैसी सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान किया जाय ताकि ग्रामीण समय रहते बाढ़ शरणालयों में चले जाएं। श्री ढिमरी ने सुझाव दिया कि बाढ़ शरणालयों की पहचान के लिए कोई फ्लैग लगा दिया जाय ताकि लोगों को पहुंचने में आसानी हो। उन्होंने जिले के अधिकारियों का आहवान किया कि रेस्क्यू वर्क अधिक से अधिक तकनीक का सहारा लिया जाय ताकि कम से कम समय में ज्यादा लोगों की जान बचायी जा सके। श्री ढिमरी ने कहा कि विभिन्न दुर्घटनाओं विशेषकर सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मरने वाली की संख्या युवाओं की होती है। इसके लिए जागरूकता अभियान संचालित कर युवाओं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाय साथ-साथ आपदा से बचाव के लिए विकसित की गई विभिन्न ऐप्स दामिनी व सचेत को डाउनलोड कराया जाय। इससे पूर्व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में बाढ़ पूर्व की गई तैयारियों का विवरण देते हुए बताया कि जिले की 04 तहसीलों के लगभग 247 ग्राम की 7.5 लाख की आबादी प्रभावित होती है। डीएम ने बताया कि बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यो के संचालन हेतु 45 बाढ़ चौकियां, 33 लंगर स्थल, 46 राहत वितरण केन्द्र, 40 बाढ़ शरणालय के साथ-साथ कुल 699 नावों का प्रबन्ध किया गया है जिसमें 281 नावें गैर सरकारी हैं।

## डॉ. एमपी सिंह ने डॉ सोनी को पुस्तक भेंट की

**शिकोहाबाद।** 'पापुलेशन एंड पॉल्यूशन - ए रिसिप्रोकल स्टडी ऑफ़देयर इंपैक्ट्सष् नामक विषय पर संपादित पुस्तक को पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल प्रभारी डॉ एमपी सिंह ने पुस्तक की सह संपादिका डॉ प्रीति सोनी को पुस्तक भेंट की स डॉ सोनी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ डिजास्टर मैनेजमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स न्यू दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं स डॉ सिंह ने बताया कि पुस्तक में 210 पेज हैं और 18 लेखकों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं स वर्तमान परिवेश में पुस्तक का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि इसका अध्ययन करने से जनसंख्या और प्रदूषण के जो एक दूसरे पर पारस्परिक प्रभाव है, उनसे किस प्रकार निजात मिल सकती है स इस पर सभी लेखकों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं स हम यह जानते हैं कि आज जनमानस जनसंख्या के बढ़ते बोझ को लेकर कई प्रकार से प्रभावित है स वहीं अधिक जनसंख्या होने से प्रदूषण का सूचकांक भी ज्यादा है तो किस प्रकार इन दोनों इश्यूज को समाधान की तरफ लाया जा सकता है।

## सहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी चन्दन ने पदभार सम्भाला

**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशानुसार चन्दन पाण्डे द्वारा जनपद फिरोजाबाद में सहायक आयुक्त (खाद्य) गेड-2 द्वारा ज्वाइन किया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 स्थानान्तरण नियमावली के अन्तर्गत उनका जनपद भदोही से जनपद फिरोजाबाद में स्थानान्तरण किया गया है। साथ ही जनपद फिरोजाबाद में तहसील सदर में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान सिंह का जनपद इटावा, नगर निगम जोन-2 में कार्यरत मुकेश शर्मा का जनपद गाजियाबाद, शिकोहाबाद तहसील एवं सिरसागंज क्षेत्र में कार्यरत सुनील शर्मा का जनपद अलीगढ़ में स्थानान्तरण शासन द्वारा किया गया है। इसी क्रम में जनपद बागपथ से स्थानान्तरित खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेशचन्दऊ एवं जनपद हापुड़ से स्थानान्तरित खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा जनपद फिरोजाबाद में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर ज्वाइन किया गया है, जिलाधिकारी के निर्देशानुसर सम्बन्धित अधिकारियों को क्षेत्र में तैनाती प्रदान की जाएगी।

# किसान नेताओं ने दिया धरना



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** फिरोजाबाद जिले में भी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के नेताओं ने लखनऊ जिले की मोहनलालगंज तहसील की 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। शिकोहाबाद के सुभाष तिराहा पर जिले के नेताओं ने धरना देकर अपने प्रदेश नेतृत्व का समर्थन कर सरकार से मांगों को पूरा करने को कहा गया है। किसान नेताओं के द्वारा दिए जा रहे प्रदर्शन के चलते पुलिस फोर्स भी सुभाष तिराहा पर पूरे समय तक डटा रहा। करीब दो घंटे तक नेताओं का धरना जारी रहा। लखनऊ में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा मांगों को लेकर दिए जा रहे धरना प्रदर्शन के समर्थन में भाकियू अराजनैतिक के दर्जनों किसानों ने सुभाष तिराहा पर पुल के नीचे बने स्टैंड पर धरना दिया। धरना पर बैठे जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने कहा कि लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील के शेरपुर लवल में किसानों के विरोध के बाद जबरन प्रशासन द्वारा चकंबदी कराया गया। मोहनलालगंज तहसील के गांवो में लेखपालों व अफसरो के सरंक्षण में सरकारी जमीनें बिल्डरों को कब्जा कराया जा रहा है, इसके साथ ही ब्लाक में तैनात सफाईकर्मचारी भी गांवो में नही सफाई नहीं कर रहे हैं, जिससे बारिश में हालात बद से बदत्तर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वहां के कुछ अधिकारियों की कार्यशैली खराब हैं तथा किसानों की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। वहीं किसान नेताओं ने रुधैंनी प्रकरण पर भी आक्रोश व्याप्त किया। इस मौके पर अखिलेश शर्मा समेत कई नेता मौजूद रहे।

# अभियुक्त की सम्पत्ति कुर्क

- आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार की जा रही है धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला एंव पचोखरा पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के गैंग लीडर अभियुक्त स्वामी शंकर उर्फसुम्मा पुत्र भरत सिंह यादव निवासी ग्राम बन्ना थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद की धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत 02 लाख 76 हजार 582 रूपये की अचल सम्पत्ती को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। गाटा संख्या 302 रकवा 0.449 हेक्टेयर के 1/20 भाग के मालिक स्वामी शंकर उपरोक्त द्वारा उपरोक्त जमीन पर निर्मित टीन सेड कुर्क को किया एवं गैंगलीडर अभियुक्त स्वामी शंकर उर्फसुम्मा पर करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 825/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त स्वामी शंकर उर्फसुम्मा पुत्र भरत सिंह यादव निवासी ग्राम बन्ना थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद की 02 लाख 76 हजार 582 रूपये की अचल सम्पत्ति को अन्तर्गत धारा 14(1) (जब्तीकरण) गिरोहबन्द एव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) 1986 के तहत मौके पर जाकर कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अचल सम्पत्ति 01 टीनशैड अनुमानित मूल्य 2,76,582 रुपये ( 02 लाख 76 हजार 582 रुपये ) है। कुर्की की कार्यवाही करने वाली टीम में गजेन्द्र पाल सिंह उपजिलाधिकारी, राजेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी, अनुज कुमार प्रभारी निरीक्षक, (मय फोर्स), सचिन कुमार थानाध्यक्ष पचोखरा (मय फोर्स) टूण्डला शामिल रहे।

# मेडिकल कॉलेज में स्थायी प्राचार्य को नियुक्त करने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्थायी प्राचार्य की तैनाती कर व्यवस्थाओं को चौकस कराये जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा ने अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुये प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि मान्यवर कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध किया गया है। तब से मान्यवर कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय की व्यवस्थाएं खराब हो गयी हैं। अस्पताल में कोई ना कोई समस्या बनी रहती है। सबसे ज्यादा मरीजों को चिकित्सकों की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। अस्पताल में निर्धारित समय पर ओपीडी खोल दी जाती है लेकिन चिकित्सक तय समय पर ओपीडी में नहीं बैठते हैं। ओपीडी में चिकित्सको के लेटलतीफ बैठने से मरीजो को लाइन में खड़ा होना पड़ता है। वहीं विभिन्न जांचों व जांच रिपोर्ट की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है। विभिन्न काउंटर पर दलालों को खड़ा हुआ देखा जा सकता है। दलालों के कई वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। वहीं, रक्त को बेचने का मामला भी थम नहीं रहा है। इस प्रकरण में कोतवाली ने एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन उच्च स्तरीय जांच अभी तक शुरू नहीं हो सकी है, इससे दलालों के हौसले बुलंद बने हुए हैं। इस मामले में विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से भी नहीं किया जा सकता है। जब तक इसमें विभागीय कर्मियों की मिली भगत को समाप्त नहीं किया जाएगा, तब तक दलालों का मकड़ जाल अस्पताल से खत्म होने वाला नहीं है। आरोप लगाया कि इन सभी समस्याओं के पीछे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में अस्थाई प्राचार्य की तैनाती होना है। प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय को समय कम दिए जाने से मान्यता के तय मानक पूरे नहीं हो सके। नतीजा यह हुआ कि महाविद्यालय को मान्यता नहीं मिल पाई।

# डिजिटल अटेंडेंस शिक्षा मित्रों को स्वीकार नहीं

- शिक्षामित्रों की समस्याओं का करें निस्तारण सरकार

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्रों की एक बैठक जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक शिक्षा मित्रों की मांग पूरी नही हो जाती तब तक सरकार के तुगलकी आदेश मान्य नहीं कर सकते। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा मित्रों को मनरेगा के मजदूरों से भी कम शिक्षामित्रों को मानदेय दिया जा रहा है, जो उचित नहीं है। शिक्षामित्र इस महंगाई के दौर में आधे से अधिक मानदेय आने जाने में खर्च कर रहा है। जिन शिक्षा मित्रों को स्वयं का अपना वाहन नहीं है। उनका समय से स्कूल पहुंचना संभव नहीं है। अतएव ऐसे शिक्षा मित्रों को सबसे पहले उनके घर के आसपास स्थानांतरण करना चाहिए। जब तक शिक्षा मित्रों का स्थायी समाधान सरकार नहीं कर देती तब तक समान कार्य समान वेतन के हिसाब से शिक्षकों के समक्ष मानदेय देना चाहिए। विगत 7 वर्षो से शिक्षा मित्रों के मानदेय में 1 भी रुपये की बृद्धि नही की गई। जबकि 3 गुना मंहगाई बढ़ चुकी है। कहा कि आज शिक्षा मित्रों को अपने बूढे माता पिता की देखभाल के साथ ही अपने वच्चो की पढ़ाई का बोझ भी झेलना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में जब तक शिक्षा मित्रों की समस्याओं का समाधान सरकार नही कर देती तब तक शिक्षा मित्र डिजिटल अटेंडेंस देने में असमर्थ रहेगा। 95 प्रतिशत शिक्षा मित्रों की ड्यूटी बीएलओ एवम अन्य कार्य मे लगा दी जाती है। ऐसी स्थिति में शिक्षण के अलावा अन्य विभागों के कार्यो से शिक्षा मित्रों को दूर रखना चाहिए। बैठक में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, सुदामा प्रसाद दुवे, बृजेश कुमार टोटे, केहर सिंह बुन्देला, शेरसिंह यादव, भरत सिंह राजपूत, हाकम पाल, दिनेश कुमार राजपूत, ज्योति प्रकाश खरे, अशोक सिंह चंदेल, राजीव त्रिपाठी, अनिल खरे, संतोष सेन, राजेश विश्वकर्मा, कमलापति दुवे, राजेश तिवारी, अशोक परिहार, राघवेंद्र सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, रामस्वरूप निरंजन, कृपाल सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## जन परिषद के ललितपुर चैप्टर के सन्तोष कुमार गोयल बने उपाध्यक्ष



**ललितपुर।** अखिल भारतीय स्तर की समाजिक संस्था के प्रदेश के जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन.के.त्रिपाठी ने ललितपुर जिले का पूर्व डीजीसी वरिष्ठ अधिवक्ता अनेक समाजिक एवं धार्मिक संस्थओं में योगदान कर रहे सन्तोष कुमार गोयल को जन परिषद ललितपुर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। आपने बताया है कि यह संस्था पर्यावरण संरक्षक नौ अंतरराष्ट्रीय कॉनप्रेस आयोजित कर चुकी है। पूरे देश में 210 से अधिक एवं विदेशों में 7 चेप्टर्स बनाये जा चुके है। सन्तोष कुमार गोयल के मनोनीत पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- जनपद के नवोदित पाखण्डी बाबाओं पर अंकुश लगाने की माँग की
- जिलाधिकारी ने कहा जाँच कर करेंगे कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब ललितपुर रजि. ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपकर आगाह किया कि जनपद में हाथरस की तर्ज पर बाबाओं और मौलवियों ने हाल ही में मडिया़ और मजार बनाकर इसे अपना व्यापार बना लिया है। इससे भोले भाले लोगों को ठगकर उनका शोषण किया जा रहा है। ऐसे पाखण्डी बाबाओं पर कार्यवाही कर जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। पत्रकारों ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में अनेक स्थानों पर लोगों की धार्मिक भावना का लाभ उठाते हुये धूर्त-पाखंडी लोग अंधविश्वास फैलाकर धर्म की दुकानें चला रहे हैं, जिससे लोगों को ठगा जा रहा है और भीड़ इकट्ठी कर लाभ उठाया जा रहा है। ऐसे कुछ मठाधीश निजी सेना और गनर भी रखते हैं। अभी हाल ही में हाथरस में भोलेबाबा नारायण साकार हरि के सत्संग में भीड़ में मची भगदड़ में 121 लोग मारे गये हैं, जिनमें महिलाऐं व बच्चे ज्यादा हैं। इस घटना से सबक लेते हुये कृपया जनपद में कुकरमुत्तों की तरह खुल रही ऐसे बाबाओं की दुकानों यथा नयी मडिया़ और मजारों को चिन्हित करते हुये समुचित कार्यवाही कर ऐसे स्थानों को बन्द कराया जाये। कुछ लोगों ने तो अपने घरों में ही मडिया़ और मजारें बना रखीं हैं, वहाँ भी हजारों भोले भाले लोगों का जमावड़ा लगने लगा है। यहाँ जादू-टोना, झाडफूंक के माध्यम से लोगों से धन ऐंठकर कैंसर, शुगर, बीपी, ट्यूमर, सर्पदंश, संतान प्राप्ति सहित अनेक गंभीर बीमारियों के इलाज का दावा किया जाता है, ताकि उनका आर्थिक और अन्य प्रकार से शोषण किया जा सके। गलत उपचार के चलते भोले परेशान लोगों का नुकसान हो रहा है, यहाँ तक कि उनकी जानें जा रही हैं। ऐसे लोग परिवारों में गृह क्लेश कराकर परिवार विखंडित करा रहे हैं। मुकदमों और परेशानियों में लाभ के लिये ताबीज दिये जाते हैं। अनेक समस्याओं के समाधान को भभूत दी जाती है। चिन्हित स्थानों पर कार्यवाही करने की माँग की गयी। प्रशासन से माँग की गयी कि ऐसी चिन्हित जगहों पर ऐसी समुचित कार्यवाही की जाये जिससे ऐसे पाखंडी बाबाओं और तथाकथित मौलानाओं को सबक सिखाया जा सके, ताकि आमजन और भोले भाले लोगों को फंसने से बचाया जा सके और भविष्य में कोई ऐसे पाखंड फैलाने की कोशिश न कर सके। माँग की कि जनहित में यह कार्यवाहीअति आवश्यक है ताकि पाखंड के खिलाफ जागरूता लायी जा सके। ज्ञापन देते समय बुंदेलखण्ड मीडिया पत्रकार क्लब के संरक्षकगण रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, सच्चानंद गोलवानी, फहीम बख्श, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री सोनू ताम्रकार, संगठन मंत्री अनुज सिंह ठाकुर, पार्षद मनमोहन चौबे, साँस्कृतिक मंत्री, मयंक सेन, नाजिर बेग, वेद प्रकाश लिटौरिया, मोनिका परिहार, शैली तिवारी, वैसाली झा, रश्मि कुशवाहा, चन्दा देवी, पवन कुमार, विकास साहू, गोलू, यूसुफ खान, अरविन्द सेन, शिशुपाल अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# नालियों का निर्माण न होने पर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे सैकड़ों देवगांव वासी

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सीसी रोड के साथ देवगांव में नालियों का निर्माण प्रस्तावित होने के बाद भी कार्यदाई संस्था द्वारा नालियों का निर्माण न कराए जाने तथा बारिश होने पर गांव के करीब 200 घरों में जलभराव होने की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर जिलाधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है तथा गौर न किए जाने पर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की बात कही है।

ग्रामीणों ने डीएम और अधिशाषी अभियंता को पत्र देकर अवगत कराया है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सुमेरपुर से पत्यौरा मार्ग पर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य कराया गया है। सी0सी0 निर्माण के बाद रोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण होना था लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा अभी तक नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। नालियों का निर्माण न होने से गांव की बस्तियों के लगभग 200 घरो की जल निकासी बाधित है। वर्तमान में बरसात का मौसम है जिस कारण से अगर भारी वर्षा हो जाती है तो समुचित जल निकासी न होने के कारण बरसात का पानी घरों में घुसेगा जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जायेगा और मिटटी के घर पूर्णतया ध्वस्त हो जायेगें। कार्यदायी संस्था के द्वारा उक्त निर्माण के समय सम्पूर्ण आबादी भाग की जल निकासी का आश्वासन दिया गया था लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा अभी तक न जल निकासी की गयी और न ही नालियों का निर्माण कराया गया है। उक्त के सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा कई प्रार्थना पत्र माह जून 2023 से फरवरी 2024 तक तत्कालीन जिलाधिकारी एवं अधिशाषी अभियन्ता लो0नि0वि0 हमीरपुर उच्चाधिकारियों को दिये जा चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। आबादी भाग से कम से कम 100 घरों से कम से कम 8 माह से जल निकासी नहीं हुयी है। अगर उनकी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया और बरसात के मौसम में जल निकासी के कारण किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो समस्त पीडित ग्रामवासी अपने समस्त परिवार बच्चे, सामान, जानवरों सहित कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में रहने व धरना प्रदर्शन को मजबूर होगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने विकट समस्या के अतिशीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को कठोर आदेश पारित करने की मांग की है जिससे ग्रामीण आगे आने वाली जटिल समस्या से बच सके।

# विभाग की मिली भगत से हो रही है विद्युत चोरी

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** कस्बा सुमेरपुर में विद्युत विभाग की मिली भगत से बिजली चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है सरे आम विद्युत पोलो से लोगो के घरों तक खुले आम बकायदा केविल लगी है लेकिन विद्युत बिल ऐसे लोगों का जीरो रहता है।

सुमेरपुर के चारो मुहाल चांद, ऊंछा, गुरगुज व अमिलिया में विद्युत चोरी जमकर हो रही है। कहीं कटिया डालकर बिजली की चोरी की जा रही है तो कहीं विभागीय कमियों की मिली भगत से चोरी से बिजली का इस्तेमाल हो रहा है। लोगों का कहना है कि विद्युत पोलो से बकायदा लोगों के घरो तक केविल लगी है ऐसा लगता है कि अन्य उपभोक्ताओं की तरह इनका भी विद्युत कनेक्शन है आराम से बेधड़क बिजली का इस्तेमाल कर रहे है लेकिन अन्य उपभोक्ता जो बिजली बिल अदा करते है वह देखते हैं चोरी से बिजली जला रहे व्यक्ति का बिल ही नही आता तो लोगो को बीच यह आम चर्चा का विषय बना रहता है जब कभी विभाग को अधिकारी चेकिंग करते हैं तो उस दौरान विभागीय कर्मी या तो उसकी केविल पहले से ही हटा देते है या फिर चेकिंग में अधिकारियो को गुमराह कर दिया जाता है। कस्बे में लंबे समय से यह खेल चल रहा है और सरकार को चूना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि आम उपभोक्ता यदि किन्ही कारणों से बिल नही जमा कर पाता तो बकाये में उसका कनेक्शन तुरंत काट दिया जाता है लेकिन फर्जी ढंग से विद्युत चोरी करने वालों के घर में रोशनी जगमगाती रहती है। आखिर विद्युत विभाग के अधिकारी ऐसे फर्जी ढंग से चल रहे कनेक्शनों को क्यों नही पकड़ रहे है ऐसा प्रतीत होता है इसका हिस्सा भी अधिकारियों तक पहुँचता होगा। कुछ भी हो सुमेरपुर में बिना सूचना के यदि चेकिंग अभियान चलाया जाये तो तमाम लोग बिजली चोरी करते गिरफ्त में आ सकते हैं।

### फ़ोन पर गाली गलौज के साथ जान से मारने की दी धमकी

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिलहड़ी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक महिला को फोन मिलाकर अभद्रता की पति ने फोन द्वारा इसका कारण पूछा तो उसे भी नही छोड़ा जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी दे डाली,पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

बिलहडी गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रामासरे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 9936653549 नंबर का मोबाइल घर में पत्नी के पास रहता है। जिसमे एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन लगाकर गाली गलौज व जाति सूचक शब्द बोलकर गाली दी। पत्नी द्वारा अवगत कराने पर उसने अपने नम्बर से फोन मिलाया तो उसने सैकड़ों भद्दी भद्दी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दे रहा है और अपना नाम पता सही नही बता रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसके पास गाली गलौज करने और जान माल की धमकी देने का आडियो भी मौजूद है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी का पता लगाकर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# रेलवे लाईन का आधा किलोमीटर तार चोरी, मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** बिजली विभाग के तार चोरी होने की खबरें आएदिन आती रहती है लेकिन रेलवे लाईन का आधा किलोमीटर तार चोरी की बात आमजन के गले नहीं उतर रही है वहीं सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जबकि चोरी गए तार की अनुमानित लागत डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। मूलरूप से कानपुर के यशोदा नगर निवासी सत्यप्रकाश पुत्र चरण सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि रेलवे स्टेशन रागौल के आसपास रेलवे लाईन के दोहरीकरण और नयी डाली जा रही लाईन में बिजली पहुंचाने का काम चल रहा हैजिसे पी.जी.पी.एल.कम्पनी द्वारा किया जा रहा है और वह उस कम्पनी के सुपरवाइजर के तौर पर चल रहे काम की देखरेख कर रहे हैं। बीती रात रेलवे स्टेशन रागौल के आगे एल.सी. गेट नम्बर 21 पर अज्ञात चोरों द्वारा लगभग पाँच सौ मीटर ताम्बे का तार काटकर चोरी कर लिया गया है जिसकी अनुमानित लागत लगभग डेढ़ लाख रुपये है। सुपरवाइजर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।लेकिन रेलवे का इतना बड़ा तार चोरी का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि चोरो द्वारा पांच सौ मीटर ताम्बे का तार इतनी जल्दी कैसे लपेटकर फरार हो लिया गया यह बात लोगों के गले नहीं उतर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कान गिराने के साथ की मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा हमीरपुर।** मंगलवार सुबह कस्बे में दबंगों द्वारा जबरन मकान गिराने के साथ ही मारपीट करने की घटना से हड़कंप मच गया। पीड़ितों की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के हैदरिया निवासी सलीम, हलीम और कलीम पुत्र रफीक ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार की सुबह कस्बे के मलीकुआ चौराहा के निकट के निवासी अब्दुल वहीद,वकील अहमद, जमील अहमद, बाबू जी और खलील अहमद पुत्रगण मदारी,परवेज, जावेद, जमशेद पुत्रगण वहीद, हिम्मू पुत्र वकील आदि आए और मां बहिन की गालियां देते हुए मकान खाली करने की धमकी देने लगे,पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया कि जब उन्होंने गाली गलौज करने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और उनके घर को गिरा दिया।पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग दबंग और भूमाफिया किस्म के लोग हैं जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है और उक्त लोगों द्वारा लगातार मकान खाली करने और नहीं करने पर जान माल की धमकी दी जा रही हैं।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है क्योंकि वह न्यायालय गए थे।

### दो भाईयों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में भाईयों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी रामसनेही पुत्र बसंता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात जब वह शौच कर वापस लौट रहा था तभी उसके भाई बरदानी ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी, पीड़ित ने बताया कि गाली गलौज से मना करने पर बरदानी ने डण्डे से पीटना शुरू कर दिया जिससे उसके गंभीर चोंटे आई हैं।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत मंगलवार को रावटसगंज नगर स्थित चाचा नेहरू पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह द्वारा मां के नाम एक पौधा लगाते हुए महिम का शुभारंभ किया। वहीं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह की ओर से मुहिम के संयोजक नेतृत्व में सार्वजनिक स्थानों पर जामुन अमरूद आम के पौधे लगाए गए। पुष्पा सिंह` कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने महिलाओं व युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद, सुनील सिंह, रितु अग्रहरि, श्रेया पांडेय, ज्योति सिंह, सरोज केसरी आदि लोग मौजूद रहे।

### आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में बैठक

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के द्वारा अपने विश्राम कक्ष में आगामी लोक अदालत दिनांक 13.07.2024 के सफल आयोजन हेतु बैंक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस विभाग के अधिकारीगण के साथ बैठक की बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर, गीतांजलि गर्ग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , निहारिका जयसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक, मायाराम वर्मा, अपर जिलाधिकारी, सुरेश कुमार, लीड बैंक मैनेजर, सुनील यादव, उपजिलाधिकारी सरीला, राज कुमार गुप्ता, जिलापूर्ति अधिकारी, श्री बी0के0 शुक्ला, तहसीलदार सरीला, श्री रविन्दर सिंह पाल, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत विभाग, रामराज, अधिशाषी अभियन्ता उप खण्ड विद्युत विभाग,राठ ललित कुमार बाजपेई, टेलीकॉम जिला प्रबन्धक, कमलेश कुमार गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, जगपाल, शाखा प्रबन्धक पी0एन0बी0, रिषीश त्रिपाठी, टैऊफिक हमीरपुर, हरवेन्द्र सिंह, परिवहन विभाग यात्री कर अधिकारी, चन्दन पाण्डेय, यातायात हमीरपुर, धनश्याम सिंह, जिला सूचना अधिकारी, अभिमन्यु कुमार व अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित हुए। जनपद न्यायाधीश ने सभी को लोक अदालत में वादकारियों के हित में ध्यान रखते हुए वादों के निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया।

# छोटी बड़ी घटनाओं पर पैनी नजर रखे थाना प्रभारी: डीआईजी आर पी सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मंगलवार को आर0पी0 सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के जनपद सोनभद्र में आगमन के पश्चात प्रशासनिक भवन पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में आगामी त्यौहारों जैसे- श्री कृष्ण जन्माष्टमी व श्रावण माह आदि एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था/अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत प्रशासनिक भवन पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सहित समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। आगामी त्यौहार / अपराध समीक्षा गोष्ठी पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर श्री आर0पी0 सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आगामी पर्वो व जनपद के अपराध एवं कानून व्यवस्था, माफिया अपराधियों विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक व समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी। आगामी त्यौहार श्रावण माह, नागपंचमी, रक्षाबन्धन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी आदि को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी राजपत्रित अधिकारी स्वंय के नेतृत्व में अपने सर्किल थाना क्षेत्र अंतर्गत अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी पर्वो की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। सभी क्षेत्राधिकारीगण को अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। सभी



थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल व कलस्टर मोबाइल के साथ ड्यूटी लगाकर लगातार भ्रमणशील रखने व ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से अपने साथ बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट व डंडा इत्यादि दंगा नियंत्रण उपकरणों को रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। सभी पुलिस वाहनों पर लाउड हेलर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय करते हुए त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आमजन से अपील की जाए। इसी क्रम में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम, महिला अपराधों के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, सनसनीखेज वारदातों के अभियुक्तों जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने, माफिया अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर की अभियुक्तों की धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति सीजर करने, शासन द्वारा चलाए गए अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों के 20 वादों की प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, ऑपरेशन दृष्टि के तहत पब्लिक से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक सीसीटीवी कवरेज कराने, ओवर लोड वाहनों के अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सभी मुख्य बाजार/मार्गो, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, IGRS पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली-भाँति अवलोकन कर उनमें निष्पक्ष जांच करने तथा समय से उनको निस्तारित करने के सम्बन्ध में गोष्ठी में उपस्थित समस्त राजपत्रित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया कार्यवाही करने के सम्बन्ध में पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा सोशल मीडिया पर आगामी त्यौहारों, अपराधों व वायरल वीडियों/पोस्ट पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध त्वरित कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इस दौरान डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जनपद सोनभद्र, सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मंगलवार को रावटसगंज नगर के आदर्श इंटर कॉलेज में जिला संयोजक मृगांक दुबे के नेतृत्व में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विभाग संगठन मंत्री अमित देव पांडे ने बताया कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों की भूमिका बताते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के रूप में मनुष्य का देश के प्रति पहला कर्तव्य यह होता है कि वह अपनी शिक्षा उचित रूप से पूर्ण करें,दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है, देश के शक्तिबोध तथा सौंदर्यबोध को बढ़ाना,एक विद्यार्थी को अपने व्यवहार में सज्जनता रखनी चाहिए,देश के लिए अपने कर्तव्य को भलिभांति समझाना चाहिए। इस मौके कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदर्श इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल संतोष मौर्य ने बताया कि एबीवीपी के घोषणापत्र में शैक्षिक और विश्वविद्यालय सुधार जैसे एजेंडा शामिल हैं,यह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र-संघ चुनावों में प्रतिस्पर्धा करता है,इस अवसर पर जिला संयोजक मृगंग दुबे ने बताया कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है,विद्यार्थी परिषद् के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है,विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है,विभाग संगठन मंत्री रजनीश तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ बार-बार आवाज उठाती रही है,इसके अतिरिक्त अलगाववाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ हम लगातार संघर्षरत रहे हैं,बिहार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नाम सबसे ज्यादा रक्तदान करने का रिकॉर्ड है,पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने बताया कि आजादी के बाद एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण और अपनी संस्कृति को बचाए और बनाए रखने के लिए पूरे देश ने एक विकसित और मॉर्डन देश का सपना देखा इस मौके पर सत्यम शुक्ला शिवेंद्र यादव हर्ष चौबे राज पांडेय रोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मौत के गड्ढों में तब्दील चोपन भरहरी मार्ग

- मौत को दे रहे दावत जिम्मेदार मौन
- सड़क पर बने गड्ढो में गिरकर हो रहे हैं लोग घायल

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** एक बार फिर बरसात ने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित संपर्क मार्गो के जख्मों को हरा कर दिया है बोलती तस्वीरें खुद ब खुद सब कुछ बयां कर रही हैं कुछ ऐसा ही हाल है ग्राम पंचायत सिंदुरिया के मुख्य सड़क का जहा सड़कों में बने गहरे-गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए सिरदर्द तो बने ही हैं, साथ ही वाहनों को भी क्षति पहुंचा रहे हैं।भारी वाहनों के चलने से बने गड्ढों से हादसे का खतरा मौजूदा समय में ज्यादा बढ़ गया है। इन गड्ढों की वजह से कई बार लोग दुर्घटना के शिकार भी हो गए हैं लेकिन इसके बावजूद आज तक गड्ढों को पाटने के लिए कोई भी जिम्मेदार सुध नहीं ले रहा है। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत सिंदुरिया के मुख्य मार्ग में बालू के गाड़ियों के आवागमन से हुए बड़े बड़े गढ्ढे हादसे को दावत दे रहे है। सिंदुरिया का हृदय स्थल कहे जाने वाले इस व्यस्ततम मार्ग में दिनभर आवागमन का दबाव रहता है गाड़ियां चलने की वजह से धीरे-धीरे यह गड्ढा बड़ा होता जा रहा है इसके अलाव इसी मार्ग में कई जगहों पर सड़क के बीचो बीच खतरनाक गड्ढे बने हुए है। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी बाइक एवं कार चालको को होती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए खराब सड़को को बनवाने की मांग की है ताकि लोग दुर्घटनाओं से बच सकें।

### आईएचडब्लूओ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सोनभद्र के डॉ. कुसुमाकर श्रीवास्तव

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ कुसुमाकर श्रीवास्तव को आईएचडब्ल्यूओ यूपी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विगत दिनों सोनभद्र जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जेएन सिंह रघुवंशी व डॉ मनोरंजन पाल की देख रेख में नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वाराणसी के डॉक्टर दिनेश (अध्यक्ष) सोनभद्र के डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष) प्रयागराज के ईश्वर चंद्र विद्यासागर (उपाध्यक्ष) डॉ. आरसी यादव (महासचिव) रायबरेली के दलजीत सिंह (सहायक सचिव/ कोषाध्यक्ष) मनोनीत किया गया है। डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन सोनभद्र के सचिव सीबीडी पांडेय, डॉ आनंद नारायण, डॉ अभिषेक देव पांडेय, डॉ जे एन तिवारी, डॉ कृति श्रीवास्तव सहित प्रदेश एवं जनपद के चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का होगा प्रसारण

**हमीरपुर।** अपर जिला अधिकारी (नमामि गंगे) हमीरपुर सुरेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा-2022 के आधार पर लेखपाल पद पर चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को दिनांक 10.07.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की भाँति जनपद के नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यकम जनपद स्तर पर आयोजित कर लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक Live Telecast कराये जाने तथा उक्त कार्यक्रम के समापनोपरान्त जनपद के नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण दिनांक 10.07.2024 को समय प्रातः 9:30 बजे डॉ0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में जनप्रतिनिधियों के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

# प्राईवेट स्कूल बने कॉपी किताबों की दुकान

- महंगे दामों पर किताबें व स्टेशनरी खरीदने को मजबूर अभिभावक

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद के निजी शिक्षण संस्थानो द्वारा संचालित मध्यवर्गीय छात्रों एवं अभिभावकों को मजबूरन महंगी पुस्तक एवं पाठ्य सामग्री खरीदने को मजबूर हैं। जिसको लेकर हमीरपुर कांग्रेस नेता उज्जवल पाठक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाअधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा मध्यवर्गीय तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभिभावकों और छात्रों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे है जो शासन की दिशा निर्देशों के विरुद्ध है। फिर भी नियमो का उल्लंघन करते हुए निजी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया शुरू होते ही अभिभावकों की जेब ढीली होनी शुरू हो गई है। अभिभावक निजी स्कूलों से महंगे दाम में किताबें और स्टेशनरी खरीदने पर मजबूर हैं। इतना ही नहीं कई किताबें अन्य दुकानों पर भी नही मिल रही हैं जो कि बिल्कुल भी उचित नही है। और नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक करीबन तीन से सात हजार रुपये तक की किताबे और स्टेशनरी के सेट बिक रहे हैं। जिससे लोगों पर काफी ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता उज्जवल पाठक ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार है, शिक्षा का उद्देश्य व्यापक सकारात्मक हैं। इससे शिक्षा के मूल उद्देश्य का हनन होता है तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण को प्रोत्साहन मिलता है। जो भारत जैसे युवा आबादी एवं मानव संसाधन वाले विकासशील राष्ट्र के लिए पूर्णतया अस्वीकार है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित संस्थाओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के साथ साथ इस प्रक्रिया को रोकने के लिए शासन की एक नई एडवाइजरी की मांग के साथ एक प्रति केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, प्रमुख सचिव शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेषित की मांग की है।

### संचारी रोग की कार्यशाला में अव्यवस्था देख भड़के ब्लाक प्रमुख

**भरुआ सुमेरपुर।** संचारी रोग की रोकथाम के लिए ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फर्श में बैठा दिया गया। यह देख कर ब्लॉक प्रमुख ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का अपमान है। भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। प्रभारी डीपीओ ने बैठक में पहुंची सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा है। मंगलवार को संचारी रोग की रोकथाम के लिए ब्लाक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यशाला सुबह 10:00 बजे शुरू हुई।संचारी रोग की रोकथाम की जानकारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आमिर खान को प्रोजेक्टर के माध्यम से उनको दी जानी थी। लेकिन वह लैपटॉप से ही इनको जानकारी दे रहे थे। जिसमें वह कुछ समझ नहीं पा रही थी। साथ ही सभागार में सभी कार्यकत्रियों को फर्श पर बैठा दिया गया था। करीब 11:00 बजे ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ब्लॉक आए और कार्यालय पटलों को देखते हुए सभागार जा पहुंचे।

# वेतन न मिलने पर विद्युत विभाग आउटसोर्सिंग कर्मचारी मीटर रीडरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों का 4 मा के वेतन व 32 माह के ईपीएफ व ईएस आई सी के पैसा भुगतान न होने पर किया विरोध प्रदर्शन डीएम नामित पत्र संबंधित को देखकर बुलंद की आवाज।

श्याम प्रकाश पटेल व रविन्द्र ने बताया कि विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों का 4 माह का वेतन व 32 माह का EPF व ESIC के पैसों के घोटाला कर लिया गया है हम कर्मचारियों का भुगतान नही मिला है।

वही आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडरों ने बताया कि कि उत्तर प्रदेश के मीरजापुर मंडल के जिले सोनभद्र में विद्युत बिलिंग का ठेका मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी एण्ड सर्विसेस को मिला है, और इस कम्पनी का अनुबंध माह नवम्बर 2021 से है। इस कम्पनी ने 4 माह का वेतन व नवम्बर से आज तक कोई भी EPF व ESIC का पैसा नहीं जमा किया है और ना ही परिवार सुरक्षा का हेल्थ कार्ड दिया है, जहाँ मीरजापुर मण्डल के सोनभद्र जिले में 252मीटर रीडर कर्मचारी कार्य करते हैं, और हर माह EPF व ESIC नाम पर वेतन से कटौती होती है, और जिसका भुगतान उनके बैंक खाते में न करके कर्मचारी के वालेट पर करते हैं जब की ऐसा कोई अनुबंध विभाग व कम्पनी के बीच नहीं हुआ है। महोदय अभी तक हम सब का EPF खाता अपने राज्य उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले के EPF कार्यालय में नहीं खुला है, और पहले से पड़े भविष्य निधि के खाते में जमा पैसे को भी अपने अधीनस्थ कर लिया है। कई बार पत्र के माध्यम से शासन, प्रशासन व विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया: योगी

- आगामी 20 जुलाई को प्रदेश में 36.46 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, बनेगा पौधरोपण का नया रिकॉर्ड
- पौधों के रोपण के साथ-साथ इनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग की जाए
- सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जनपद में उपस्थित रहकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ मिलकर पौधरोपण करें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान-2024' की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को इस वर्ष 36.46 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से इस लक्ष्य को हर हाल में आगामी 20 जुलाई को पूरा करें। प्रदेशव्यापी पौधरोपण महाअभियान के लिए विभागवार व जनपदवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य किया जाए।

उत्तर प्रदेश पर प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा है। यहां पौधरोपण अभियान अब जनांदोलन का स्वरूप ले चुका है। विगत छह वर्षों में यहां 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। इनमें वर्ष 2017-18 में 5.72 करोड़, वर्ष 2018-19 में 11.77 करोड़, वर्ष 2019-20 में 22.60 करोड़, वर्ष 2020-21 में 25.87 करोड़, वर्ष 2021-22 में 30.53 करोड़, वर्ष 2022-23 में 35.49 व वर्ष 2023-24 में

36.16 करोड़ पौधे रोपित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफ0एस0आई0 रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 1.98 लाख एकड़ भूमि में हरित आवरण में वृद्धि हुई है। प्रदेश में आगामी 20 जुलाई को 36.46 करोड़ से अधिक पौधे लगेंगे। सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जनपद में उपस्थित रहकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ मिलकर पौधरोपण करें। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण जनअभियान की सफलता के लिए पौधों की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 54.20 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधों के रोपण के साथ-साथ इनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग की जाए। व्यापक जनसहयोग से प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र में सतत वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र को वर्ष 2021-22 के 9.23 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाने का है। इस लक्ष्य के अनुरूप 175 करोड़ पौधे लगाने और संरक्षित करने होंगे।

प्रदेश सरकार 'कार्बन फाइनेंस' के माध्यम से कृषकों की आय में वृद्धि करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से किसानों को इंसेंटिव भी प्रदान किया जाएगा। कार्बन फाइनेंस की जानकारी अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाई जाए।

जिन विभागों के पास पर्याप्त जमीन नहीं है, वह अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर पौधरोपण के कार्य को प्रमुखता से आगे बढ़ाएं। पौधरोपण जन अभियान के संबंध में कुछ नए नवाचारों को भी आगे बढ़ाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का पौधा उपलब्ध कराएं और आंगनबाड़ी केंद्रों में सहजन का पौधा लगाया जाए। यह पौधा कुपोषण से बचाव में काफी कारगर साबित होता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 2.62 करोड़ लाभार्थियों से संवाद बनाकर उन्हें भी पौधरोपण जन अभियान से जोड़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवरों, नदियों के किनारे, खाली जमीन पर, हाइवे, एक्सप्रेस-वे के किनारे, मंडी समितियों में आवश्यक्तानुसार फलदार व छायादार पौधे रोपित किए जाएं। गंगा जी, यमुना जी, हिंडन समेत अन्य नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में सघन पौधरोपण किया जाए। ट्री गार्ड आदि लगाकर इनकी सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

# राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई 2024 से प्रारंभ हो रहे हैं। यह आवेदन टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को 2 दिन (48 घंटे) का समय दिया जाएगा। प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता अनुसार किसी भी भाग को प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 की रात्रि 12 बजे तक है। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य और पिछड़ा वर्ग हेतु 250 रुपये तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हेतु 150 रुपये निर्धारित किया गया है।

ऑनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नम्बर 0522-4150500, 7897992063, दूरभाष 0522-2336115, 9628372929 (वाट्सअप) या ई-मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

# मनरेगा: सामग्री मद में 04 अरब 31 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम-2005 एवं उसके अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा-निर्देशिका में निहित व्यवस्थानुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सामग्री मद में प्रथम भाग की द्वितीय किश्त केन्द्रांश की धनराशि रू0 3,23,65,78,000/- (रुपये तीन अरब तेईस करोड़ पैंसठ लाख अठहत्तर हजार मात्र) के संगत 1/3 राज्यांश की धनराशि रू01,07, 88,59,333/- (रूपये एक अरब सात करोड़ अठ्ठासी लाख उनसठ हजार तीन सौ तैंतीस मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 4,31,54, 37,333/- (रूपये चार अरब इक्तीस करोड़ चौवन लाख सैंतीस हजार तीन सौ तैंतीस मात्र मात्र) की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय निर्धारित नियमों के तहत चालू वित्तीय में किया जाना सुनिश्चित किया जाए।यह भी निर्देश दिए हैं कि धनराशि के आहरण व व्यय के सम्बन्ध में मितव्ययिता सम्बन्धी समय समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार चरणों में किया जायेगा तथा समय-समय पर निर्गत मितव्ययिता संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। सामग्री आदि के क्रय हेतु सामग्री क्रय सम्बन्धी संगत शासनादेशों में निर्धारित क्रय प्रक्रिया/व्यवस्थाओं का अनुसरण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# मदिरा दुकान के बाहर न होने पाये मदिरापान: आबकारी मंत्री

- बार और क्लबों में 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मदिरा सर्व नहीं होनी चाहिए
- माह जून, 2024 में 3431.20 करोड़ रूपये की हुई राजस्व प्राप्ति



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि जिन मदिरा की दुकानों पर बैठकर पिलाने का लाइसेंस नहीं है, वहां पर खुले में लोग किसी भी दशा में मदिरा का सेवन न करें। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा कि बार और क्लबों में 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मदिरा सर्व नहीं होनी चाहिए। इसके लिए लागातार चेकिंग की जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि निर्धारित समय के उपरान्त मदिरालय एवं बार नही खुलने चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने पर प्रर्वतन की कार्रवाई भी जारी रहनी चाहिए। आबकारी मंत्री ने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिये हैं। नितिन अग्रवाल आज यहां गन्ना संस्थान में आबकारी विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 58,310 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष माह जून तक 11,783.76 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने माह जून तक राजस्व की अधिकतम उपलब्धि प्राप्त करने वाले जनपदों अयोध्या, मिर्जापुर तथा प्रयागराज प्रभार के अधिकारियों की सराहना की तथा न्यूनतम राजस्व प्राप्त करने वाले गोरखपुर, झांसी तथा बांदा प्रभार के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलिता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आबकारी मंत्री ने कहा कि किसी भी दशा में बाहर से प्रदेश में अवैध मदिरा न आने पाये। ओवर रेटिंग करने वाले अनुज्ञापियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो। ओवर रेटिंग मिलने परे अनुज्ञापी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाये और दुकान का भी लाइसेंस निरस्त किया जाये। साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाये कि उपभोक्ताओं को देशी मदिरा टेट्रा पैक में ही उपलब्ध हो। किसा भी दशा में मिलावट की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। आबकारी मंत्री ने सभी दुकानों पर पॉश मशीनों के संचालन और मशीन द्वारा स्कैनिंग करते हुए मदिरा की बिक्री शत-प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने का भी निर्देश दिये। प्रमुख सचिव, आबकारी श्रीमती वीना कुमारी ने बताया कि माह जून में 3431.20 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुई हैं। गत वर्ष इसी माह में 3622.24 करोड़ रुपये की प्राप्तियां थी।

## अवैध अपार्टमेण्ट को दोबारा किया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को महानगर इलाके में अवैध अपार्टमेण्ट को दोबारा सील किया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि डी.के. गुप्ता व अन्य की ओर से महानगर के सेक्टर-ए में भूखण्ड संख्या-बी-21 पर लगभग 950 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के उलट भूतल सहित चार मंजिला अपार्टमेण्ट का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने इमारत को सील करने के आदेश दिये थे, इमारत को सील कराया गया था। विपक्षी के शमन मानचित्र के साथ सील खोलने के लिए दिये शपथ पत्र की शर्तों का उल्लंघन करने पर इमारत को दोबारा सील करने के आदेश दिये गये थे। मंगलवार को सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता शिव कुंवर ने इमारत को दोबारा सील कराया।

## शाहगढ़ पैसेन्जर को पीलीभीत तक चलाने की मंजूरी

**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड ने ट्रेन नम्बर 05086 व 05085 लखनऊ जंक्शन शाहगढ़ पैसेन्जर को पीलीभीत तक चलाने की मंजूरी दे दी है। इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। लखनऊ जंक्शन से शाहगढ़ तक चलने वाली पैसेन्जर ट्रेन का विस्तार करते हुए इसको पीलीभीत तक कर दिया गया है। जल्द ही इस ट्रेन का संचालन किया जाने लगेगा। नई समय सारिणी के अनुसार 05086 पैसेंजर ट्रेन, लखनऊ जंक्शन से सुबह 06:20 बजे चलेगी और दोपहर 1:40 बजे शाहगढ़ होते हुए दोपहर 3 बजे पीलीभीत पहुंचेगी। वापसी में 05085 पैसेंजर पीलीभीत से शाम 5:15 बजे चलेगी और डालीगंज में रात 1:10 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा बोर्ड ने 55360 व 55359 पीलीभीत मैलानी पैसेंजर के संचालन को भी स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही लखनऊ मथुरा गोकुल एक्सप्रेस का संचालन भी प्रस्तावित है। इन ट्रेनों के अलावा रेलवे बोर्ड में लखनऊ आगरा फोर्ट का प्रस्ताव भी लंबित है।

# राहुल पहुंचे रायबरेली

- चूरवा हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना
- वीर चक्र विजेता शहीद अंशुमान सिंह के माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान श्री गांधी ने बछरावां स्थित चूरवा हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद श्री गांधी ने रायबरेली पहुंच वीर चक्र विजेता शहीद अंशुमान सिंह के माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। श्री गांधी ने शहीद के परिजनों को पार्टी की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। शहीद अंशुमान सिंह के पिता ने कहा कि राहुल गांधी अपनों को खोने का दर्द जानते हैं। वहीं शहीद की माता ने कहा कि अग्निवीर योजना तुरंत बन्द होना चाहिए। यहां के बाद श्री गांधी ने मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक पर बरगद का पेड़ लगा कर पार्टी के राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। एक बूथ एक पेड़ मुहिम राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून से शुरू हुई थी जो पूरे प्रदेश में चल रही है। जिस तरह लगातार मौसम मिजाज बदल रहा है उसमें वृक्षारोपण ही एक मात्र रास्ता है जो बढ़ते तापमान और प्रदूषण से धरती को सुरक्षित रखेगा। अपने रायबरेली दौरे के दौरान श्री गांधी ने रायबरेली के चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री गांधी ने रिंग रोड, लालगंज बाईपास के अधिकारियों को बुला उन्हें जल्द से जल्द बाईपास का निर्माण कराने के निर्देश दिये। यहां के बाद श्री गांधी एम्स पहुंचे जहां मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल लिया और इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर श्री गांधी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी, रायबरेली जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, एआईसीसी सदस्य शत्रुघ्न सोनकर सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पीपीपी माडल पर 23 बस अड्डों को चिन्हित किया गया

**लखनऊ।** पीपीपी माडल पर बस स्टेशनों को निर्मित कराने की प्रथम चरण की कार्रवाई में 23 बस अड्डों को चिन्हित किया गया है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश के 12 बस अड्डों को पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल पर बनाने के लिए 26 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। 10 जुलाई को तकनीकी जांच के लिए विभागीय प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सब बीइसी के समक्ष तकनीकी मुल्यांकन के लिए रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि पीपीपी माडल पर बस स्टेशनों को निर्मित कराने की प्रथम चरण की कार्रवाई में 23 बस अड्डों को चिन्हित किया गया है। अब तक 11 बस स्टेशनों के लिए लेटर ऑफ इन्टेंट जारी किये जा चुके है। परिवहन राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के लोगों को जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट जैसी सुविधा वाली बस स्टेशन मिलेगा। इन आत्याधुनिक बस स्टेशनों पर पर शॉपिंग मॉल, पार्किंग, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, सेन्सर युक्त शौचालय जैसी सुविधाए मुहैया होगी।

# 31 जूलाई 2024 को मुंशी प्रेम चन्द जी की जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आल इण्डिया कैफ़ी आज़मी एकेडमी गुरूद्वारा रोड पेपर मिल कालोनी निशातगंज, लखनऊ के कार्यालय में एकेडमी कार्यकारिणी की मीट्रिंग उपाध्यक्ष डा खुर्शीद मेहदी की अध्यक्षता में 31 जुलाई 2024 को मुंशी प्रेमचन्द जयन्ती पर होने वाले प्रोग्राम की तैयारी के लिए विचार विमर्श हेतु रखी गई जिसमें एकेडमी के जनरल सेक्रेट्री सईद मेहदी ने यह प्रस्ताव रखा कि मुंशी प्रेमचन्द की जयन्ती को जलेस, प्रलेस, जसम एवं इप्टा के साथ मिलकर मनाई जाय। जिसे सर्वसम्मति से सबने मान लिया और यह निर्णय हुआ कि कैफ़ी आज़मी एकेडमी प्रोग्राम की आयोजक रहेगी तथा उपरोक्त संस्थाऐं संयोजक के रूप में रहेंगी, प्रोग्राम 31 जुलाई 24 को सायं 4 बजे से शुरू किया जाएगा।



प्रो0 नलिन रंजन ने वक्ताओं से बात कर उनकी सहमति ली जिसमें शिवमूर्ति, जनाब सग़ीर अफ्राहिम, विरेन्द्र यादव, प्रो0 नलिन रंजन वक्ताओं के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 सबिहा अनवर अथवा मोहतरमा आयशा सिद्दीकी में से जो भी उपलब्ध हों उससे कराई जाये तथा संचालन प्रो0 रेशमा परवीन से कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अन्त में लखनऊ इप्टा मुंशी प्रेमचन्द की कहानी 'बालक' का नाट्य पाठ करेगी। मीटिंग में डा0 खुर्शीद मेहदी, प्रो0 नलिन रंजन, ऋषि श्रीवास्तव, प्रो0 अतहर रिज़वी सईद मेहदी, अशीष डिगडिगा, करूणा शंकर, मसरूर फ़ातिमा, फ़रहीन मेहदी, फ़राहिम हुसैन ने श्रिकत की और कार्यक्रम को कामयाब बनाने के लिये अपने अपने विचार रखे।

# तमाम करके हकीकत का रास्ता पहुंचे, हुसैन दूसरी तारीख कर्बला पहुंचे





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तमाम करके हकीकत का रास्ता पहुंचे, हुसैन दूसरी तारीख कर्बला पहुंचे यह सदाएं आज अजादारों के लबों पर थीं। मोहर्रम की दूसरी तारीख को कर्बला के शहीदों का गम मनाने वालों का मंगलवार को गम और बढ़ गया। क्योंकि हजरत इमाम हुसैन (अ.स) आज ही कर्बला की तपती सरजमीं पर पहुंचे थे। दूसरी मोहर्रम के मौके पर जहां शहर के तमाम इमामबाड़ो और कर्बलाओं में मजलिसों मातम का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने मातम किया। आज की विभिन्न मजलिसों में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों के कर्बला पहुंचने और जनाबे फातिमा सुगरा (स.अ.) से रूख्सत का मंजर बयान किया गया। जिसे सुनकर अजादारों में कोहराम मच गया।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मुसलमान इमाम हुसैन (अ.स) की अजादारी में एकजुट और संयुक्त रूप से शामिल हों। मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को अजादारी से दूर रखने के लिए मुफ्तियों ने बिदअत और शिर्क के फतवे दिए। गमे हुसैन में बुलंद होने वाली आहों की गर्मी जालिमों के चेहरों पर पड़े हुए नकाबों को जला देती है। मौलाना ने कहा कि अजादारी अल्लाह का वादा है जो पूरा हो रहा है इसलिए न अजादारी खत्म हो सकती है और न कम हो सकती है।

इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत अली (अ.स.) हर जगह अल्लाह के रसूल (स) के साथ इस्लाम की मदद करते रहे हैं। लेकिन फिर भी लोगों ने अली (अ.स) की विलायत छोड़ दी। यही कारण है कि पैगम्बर ने दुनिया छोड़ने से पहले उम्मत के बीच दो चीजें छोड़ दीं एक कुरान और दूसरी अहलेबैत। उन्होंने कहा था अगर दोनों के साथ रहोगे तो कभी भी गुमराह नहीं होंगे। अब अगर गुमराही से बचना है तो विलायत को भी मानना होगा।

वक्फ कर्बला रौजाए हजरत कासिम, न्यू हैदराबाद में मजलिस को मौलाना सैयद नकी मेहदी ने दुआ और आजादारी शीर्षक से खिताब करते हुए बताया कि हजरत इमाम हुसैन ने किस तरह अपने परिवार की कुर्बानी देकर दीन की हिफाजत की।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि अजादारी हर मजहब ओ मिल्लत के लोग करते हैं। फर्श ए अजा पर एकं दर्स ए गाह है। हमें कर्बला वालो से दर्स लेना चाहिए।

इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अदालत हमारे उसूले दीन में शामिल है, हमें मोहम्मद (स.) व आले मोहम्मद (अ.स.) ने जो बताया हम उसी पर अमल करते हैं। अजादारी ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) को बीबी जैनब (स.अ.) कायम न करती तो लोग हुसैन के कत्ल को भूला चुके होते। लेकिन बीबी जैनब ने अजादारी का कयामत तक के लिए इंतजाम कर दिया। हमारी फितरत में है अजादारी.मौसम का असर अजा ए इमाम हुसैन पर नहीं पड़ता है।

मदरसे नाजमिया विक्टोरिया स्ट्रीट में मौलाना हमीदुल हसन ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दुनिया ने जिक्र अहलेबैत को जितना कम करने की कोशिश की उतना ही कुदरत ने ऐसे वसायल दे दिये जिससे जिक्र अहलेबैत और बुलन्द हो रहा है।गोलागंज स्थित मकबरे आलिया में मजलिस को मौलाना सैयद राहिब हसन ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स) नजात की कश्ती हैं जो इस कश्ती पर सवार हो गया वो नजात पा जाएगा और जो इस पर सवार नहीं हुआ वो हलाक हो जाएगा।

### यहां भी हुआ जिक्रे कर्बला

इसके अतिरिक्ति इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट में मौलाना अखतर अब्बास,इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास में मौलाना सकलैन अब्बास नकवी,हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में मौलाना इब्राहीम कुम्मी, इमामबाड़ा अफजल महल में मौलाना आगारूही, शिया पीजी कालेज में मौलाना अब्बास नासिर सईद, इमामबाड़ा राजा झाऊलाल में मौलाना अखतर अब्बास जौन, इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आब्दी व मौलाना रजा अब्बास, रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल व रौजाए जैनबया टिकैतराय तलाब में मौलाना तकी रजा, इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी मौलाना रईस काजमी ने मजलिस को खिताब किया।

### गिरयां थी दर पा यूं ना बहन उनके सामने

लखनऊ। इमामबाड़ा नाजिम साहब में इदारा ए तहफ्फुज मर्सियाख्वानी के तत्वाधान में आयोजित मर्सियाख्वानी मजलिस मे दूसरी मजलिस को सैयद मोहम्मद अहसन (जौनपुर) ने अपने जद का तसनीफ़ करदा इमाम हुसैन का मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पढ़े जाने वाले बंदः उजड़ा तहाईयों न उन का चमन उनके सामने,प्यारे ना थे बगैर कफ्न उन के सामने, थे गरक खून ना गुल से बदन उनके सामने,गिरयां थी दर पा यूं ना बहन उनके सामने, दरपेश उन्हें ना जंग थी आंसू बहाने में,यूं दोपहर किये थे ना लाशे उठाने में। कल की मजलिस को खुर्शीद फतेपुरी मर्सिया पेश करेंगे।

### आमद-ए-काफिले हुसैनी का मंजर देख आंखें हुई नम

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का कारवां दो मोहर्रम को कर्बला की सरजमीन पर पहुंचा था। इसी की याद में मंगलवार को कर्बला दियानुतद्दौला परिसर में इदारा-ए-सक्का-ए-सकीना नूरबाड़ी ने जुलूसे आमद-ए-काफिले हुसैनी का मंजर पेश किया। इस मौके पर मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। काफिले हुसैनी का मंजर देखकर अजादारों की आंखें अश्कबार हो गयीं। काफिले में ऊंटों पर अमारियां, जुलजुनाह, हजरत अब्बास (अ.स.) का अलम, हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला, काली, हरी झंडियां, अनाज और अन्य सामान लिए थे। जुलूस में इमाम (अ.स.) के कर्बला पहुंचने के मंजर को पेश किया गया था। काफिले ने कर्बला में परिक्रमा की जहां हजारों अजादार जिसमें पुरुष,महिलाएं व बच्चे जियारत के इंतिजार में खड़े थे,उन्होंने काफिले का बोसा लिया। काफिले के निकलने का मंजर साबिर अली इमरानी बयान कर रहे थे जिसे सुनकर अजादारों के आंसू बहने लगे। जुलूस के आगे ऊंट पर बैठे हैदर अब्बास कर्बला पहुंचने की आवाज लगाते चल रहे थे।

## एसिड की खुलेआम बिक्री पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में एसिड अटैक्स की घटनाओं को देख महिला कांग्रेस मध्य जोन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज प्रदेश में एसिड की खुलेआम बिक्री पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग की। महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में गये प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि खुले में एसिड की बिक्री तत्काल बंद हो और जरूरत होने पर पूरी औपचारिकता के बाद ही बिक्री की जाए और दुकानदार अनिवार्य तौर पर उसका पूरा रिकार्ड रखे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि प्रदेश में एसिड अटैक की आम होती जा रही है। महिलाएं और छात्राएं एसिड अटैक का शिकार होकर अपने जीवन से संघर्ष करते देखी जा रही हैं। इससे प्रदेश की महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। आए दिन हो रही एसिड अटैक्स की घटनाओं ने महिलाओं और उनके परिजनों की चिंता को बढ़ा दिया है। प्रदेश में महिलाएं नौकरी, छात्राएं पढ़ाई के साथ अन्य कामों से बाहर जाने वाली महिलाओं में एसिड अटैक्स की घटनाओं को लेकर चिंतित और भयभीत हैं। इस तरह की घटनाएं सभ्य समाज में काफी दुखद हैं। प्रतिनिधिमंडल में महिला कांग्रेस मध्य जोन उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, विभा त्रिपाठी, प्रदेश सचिव तनवीर फातिमा उपस्थित थीं।